दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ सोमवार 25 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-136 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

- देवदत्त पडिक्कल अनसोल्ड रहे, उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपए था
- एडेन मार्करम को लखनऊ ने उनके आधार मूल्य दो करोड़ में खरीदा
- डेवोन कॉन्वे को चेन्नई सुपर किंग्स ने 6.25 करोड़ रुपए में खरीदा
- राहुल त्रिपाठी का मूल्य 75 लाख था, सीएसके ने उन्हें 3.40 करोड़ में खरीदा
- डेविड वॉर्नर का आधार मूल्य दो करोड़ था और वह पहली बार में नहीं बिके

### भारतीय क्रिकेटरों की नीलामी में धनवर्षा

# आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

- रविचंद्रन अश्विन को सीएसके ने 9.75 करोड़ में खरीदा
- मिचेल स्टार्क दिल्ली ने स्टार्क को 11.75 करोड़ में खरीदा

सऊदी अरब के जेद्दाह में चल रहे मेगा ऑक्शन में दो भारतीय क्रिकेटर आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े और महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। पहले नंबर पर हैं ऋषभ पंत जो अब तक के सबसे महंगे क्रिकेटर हैं। दिल्ली कैपिटल के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। दूसरे नंबर पर हैं पिछले सीजन में कोलकाता को चैंपियन बनाने वाले कप्तान और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा।




**चहल** सबसे महंगे स्पिनर, पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ में खरीदा

**अय्यर** को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा

**हैरी ब्रूक** का आधार मूल्य दो करोड़ दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ में खरीदा

### 110 करोड़ में बिके 6 खिलाड़ी

मिचेल स्टार्क को 11.75 करोड़ में दिल्ली ने खरीदा। पिछले सीजन 24.75 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा था। इस बार कीमत करीब आधी हुई। दो कप्तानों श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत पर 53.75 करोड़ खर्च हुए। श्रेयस को पंजाब किंग्स और पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा। 110 करोड़ में बिके शुरुआती 6 खिलाड़ी। इनमें अर्शदीप, श्रेयस, पंत और बटलर भी शामिल हैं।

### शमी को हैदराबाद ने 10 करोड़ में खरीदा

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आए। शमी का आधार मूल्य दो करोड़ था और उन्हें लेने के लिए सीएसके और केकेआर के बीच होड़ देखने मिली। केकेआर ने शमी के लिए 8.25 करोड़ की बोली लगाई। केकेआर ने 9.75 करोड़ की बोली लगाई और लखनऊ पीछे हट गया। लेकिन केकेआर 10 करोड़ के दाम पर पीछे हट गई, वहीं हैदराबाद ने शमी को इस दाम पर खरीदा।

### अर्शदीप के लिए आरटीएम इस्तेमाल

पंजाब किंग्स ने गेंदबाज अर्शदीप सिंह के लिए आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर 18 करोड़ में खरीदा। बोली की शुरुआत चेन्नई सुपर किंग्स ने की थी और उन्हें लेने के लिए सीएसके तथा दिल्ली कैपिटल्स के बीच कुछ देर तक जंग हुई। पंजाब ने अर्शदीप पर रुचि जताई। इसके बाद हैदराबाद ने 18 करोड़ रुपये की पेशकश की जिसके लिए पंजाब तैयार हो गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अब कोई उप-चुनाव नहीं लड़ेगी बसपा: मायावती

**लखनऊ।** यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर हुए विस उपचुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव आयोग फर्जी मतदान रोकने के लिए कोई सख्त निर्णय नहीं उठाता है तब तक बसपा किसी भी उपचुनाव में भाग नहीं लेगी।

### संसद के शीतकालीन सत्र में गूंजेगा अडानी का मुद्दा

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू होने वाले संसद सत्र में फिर एक बार अडानी के मुद्दे की गूंज सुनाई देगी। दरअसल, शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने अडानी समूह पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की।

### काले अक्षरों में लिखा जाएगा चंद्रचूड़ का नाम: राउत

**मुंबई।** संजय राउत ने पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ पर निशाना साधा है। राउत ने कहा कि अगर शिवसेना में बगावत के बाद विधायकों की अयोग्यता पर चंद्रचूड़ ने समय पर फैसला दे दिया होता तो आज परिस्थितियां कुछ और होतीं। उनका नाम काले अक्षरों में लिखा जाएगा।

### मणिपुर: इंफाल घाटी में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**इंफाल।** मणिपुर की इंफाल घाटी और जिरिबाम जिले के लिए सभी स्कूल-कॉलेज सोमवार से खोले जाएंगे। शिक्षा निदेशालय के जारी आदेश में कहा गया कि राज्य के सभी सरकारी स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, प्राइवेट और केंद्रीय स्कूलों में 25 नवंबर से सामान्य कक्षाएं फिर से शुरू होंगी।

### सावधान! बेहद खराब श्रेणी में पहुंची दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से रविवार को वायु गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर श्रेणी से निकलकर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। अब भी लोगों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन महसूस हो रही है। गुनगुनी धूप निकलने से धूल और धुएं की मोटी परत टूट गई।

### तनाव बरकरार: पत्थरबाजी के बाद इंटरनेट और 8वीं तक स्कूल भी रहेंगे बंद, तीन की मौत

# संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल

- कमिश्नर ने कहा- छतों से की गई फायरिंग
- परिजन बोले- पुलिस की गोली से गई जान
- उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर किया पथराव

- भीड़ ने दस से अधिक पुलिस के वाहन फूंके
- मुरादाबाद मंडल में जारी किया गया अलर्ट

**सत्ता सुधार ■ संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद पर दोबारा सर्वे को लेकर हुए पर विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। सर्वे के दौरान नाराज भीड़ ने पुलिस पर पथराव और आगजनी कर दी। हालात बेकाबू हो गए। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने और लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना में बीस से अधिक पुलिस कर्मी और दो दर्जन लोग लहूलुहान हो गए। वहीं तीन लोगों की मौत हो गई। भीड़ ने दस से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया। दरअसल, रविवार सुबह संभल के डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ सर्वेक्षण टीम जामा मस्जिद पहुंची। कोर्ट कमिश्नर रमेश राधव की अगुवाई में टीम ने मस्जिद के अंदर सर्वे का कार्य शुरू किया। जैसे ही स्थानीय लोगों को सर्वे की भनक लगी, लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिद के बाहर जमा हो गए। लोगों ने सुबह-सुबह और छुट्टी के दिन सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई। भीड़ ने पुलिस को मस्जिद के अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। पुलिस के समझाने पर भी लोग नहीं माने और हंगामा करने लगे। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब भीड़ ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें एसपी के पीआरओ भी शामिल हैं।

**बीस पुलिसकर्मी जख्मी, एक की हालत बेहद नाजुक**



### अचानक शुरू कर दिया पथराव

पथराव के बाद भीड़ ने सड़क पर आगजनी कर माहौल और खराब कर दिया। हालात काबू से बाहर होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की। घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। मस्जिद के चारों ओर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है। इलाके को सील कर दिया गया है। इंटरनेट बंद कर दिया गया है। आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

### दो घंटे चला सर्वे

मस्जिद के अंदर सुबह लगभग दो घंटे तक सर्वे चला। कोर्ट कमिश्नर रमेश राधव की अगुवाई में टीम ने मस्जिद के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। सर्वे पूरा होने के बाद टीम वहां से निकल गई। इस मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होनी है, जिसमें सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी।

### हरिहर मंदिर होने का दावा

हिंदू पक्ष की ओर से न्यायालय में जो वाद दायर किया गया है। उसमें उन्होंने हरिहर मंदिर होने का दावा किया है। न्यायालय ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया है। मंगलवार को कोर्ट कमिश्नर ने मस्जिद पहुंचकर सर्वे भी किया था। करीब दो घंटे तक वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई थी।

### इनका कहना है

दंगाई पूरी प्लानिंग के तहत पुलिस की गाड़ियों को निशाना बना रहे थे। खासतौर पर पुलिस की गाड़ियों को चुन-चुनकर फूंक दिया गया, जबकि आम लोगों की गाड़ियां सुरक्षित रहीं। दंगाइयों के खिलाफ रासुका लगाया जाएगा। उनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जाएगी। जिन लोगों ने इस हिंसा के लिए अन्य को उकसाया उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि वे जिंदगी भर इस अपराध को याद रखें।

–**कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी, संभल

# मध्यप्रदेश के नए डीजीपी होंगे कैलाश मकवाना

- एक दिसंबर को संभालेंगे पुलिस महानिदेशक का पद
- भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए चर्चित

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

आईपीएस कैलाश मकवाना को मध्य प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। वे प्रदेश के 32वें डीजीपी होंगे। 1988 बैच के आईपीएस मकवाना एक दिसंबर 2024 को वह यह पद ग्रहण करेंगे, जब वर्तमान डीजीपी सुधीर सक्सेना अपने कार्यकाल के बाद रिटायर हो जाएंगे। रविवार को डीजीपी सुधीर सक्सेना कैलाश मकवाना को बधाई देने उनके निवास पहुंचे। सुधीर सक्सेना ने मार्च 2020 में डीजीपी के रूप में पदभार संभाला था। मकवाना के पास कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां रही हैं, जिनमें मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के चेयरमैन का पद भी शामिल है। मकवाना 30 नवंबर 2026 तक डीजीपी रहेंगे। ऐसे में साफ है कि अब 1990 बैच तक के अफसर डीजीपी नहीं बन पाएंगे। 1988 बैच के अरविंद कुमार मई 2025 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वहीं, 1989 बैच के अधिकारी अजय कुमार शर्ता अगस्त 2026 और इसी बैच के जीपी सिंह जुलाई 2025 में रिटायर्ड होंगे। मकवाना को तेज-तर्रार और मेहनती अफसर माना जाता है। उन्होंने हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। शिवराज सरकार के कार्यकाल में वह लोकायुक्त के डीजी के रूप में नियुक्त हुए थे, लेकिन महज छह महीने बाद उनका तबादला कर दिया गया।



### अहम पदों पर रहे मकवाना

मकवाना का पुलिस विभाग में करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उन्होंने साढ़े तीन साल के दौरान सात बार अपना स्थान बदला था, जिसमें कमलनाथ सरकार के दौरान तीन बार उनका ट्रांसफर हुआ था। उनके ट्रांसफर की सूची में एडीजी इंटेलिजेंस, एडीजी नारकोटिक्स, एडीजी सीआईडी, और एडीजी प्रशासन जैसी प्रमुख पदों पर कार्य करना शामिल है। 2021 में उन्हें पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन का चेयरमैन बनाया गया था, और फिर 2022 में उन्हें लोकायुक्त का महानिदेशक बनाया गया।

# कोहली का 30वां टेस्ट शतक ब्रैडमैन से आगे निकले

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



विराट कोहली ने टेस्ट करियर का 30वां शतक जमा दिया है। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन की पारी खेली। वे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन (29 शतक) से आगे निकल गए हैं। कोहली और यशस्वी जायसवाल के शतकों के दम पर भारत ने अपनी पारी 487/6 पर घोषित की। वहीं पर्थ में खेले गए

**कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 7वां शतक जमाया**

### जायसवाल ने पहले मैच में ही लगा दी सेंचुरी

टेस्ट मैच में यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करके शतक जमाया। यह उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में पहली शतक है। यशस्वी ने अपनी पारी के दौरान कई रिकॉर्ड्स कायम किए। भारतीय टीम की दूसरी पारी में उन्होंने यह अहम शतक छक्का लगाकर पूरा किया। भारतीय पारी में जायसवाल-कोहली के अलावा, नीतीश रेड्डी 38 रन बनाकर नाबाद लौटे। वॉशिंगटन सुंदर 29 रन, देवदत्त पडिक्कल 25 रन और केएल राहुल ने 77 रन बनाए।

# अयोध्या: 40 ब्राह्मण कराएंगे सीता-राम का विवाह

### 51 तीर्थों के जल से होगा अभिषेक, 17 प्रांतों के बराती बनेंगे विवाह के साक्षी

**सत्ता सुधार ■ अयोध्या**

रामनगरी रामबरात की तैयारी में लीन है। रामबरात 26 नवंबर की सुबह नौ बजे कारसेवकपुरम से प्रस्थान करेगी। राम बरात को लेकर रथ सजाने में कारसेवकपुरम में 10 कारीगर जुटे हुए हैं। श्रीसीताराम का विवाह संपन्न कराने के लिए तिरुपति से 40 वैदिक ब्राह्मण भी आ रहे हैं। ये वैदिक ब्राह्मण सीधे जनकपुर पहुंचेंगे और श्रीसीताराम का विवाह संपन्न कराएंगे। अयोध्या से लेकर जनकपुर तक विवाह की तैयारियां ऐसी हैं कि त्रेतायुग के रामबरात की स्मृति जीवंत हो उठेगी। राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि अयोध्या से चार रथ जाएंगे। एक रथ में देश के 51 तीर्थों का जल होगा, इस रथ का नाम तीर्थ रथ होगा। दो रथ में भगवान के चारों भाइयों के स्वरूप रहेंगे, वे धर्मरथ कहलाएंगे। चौथे रथ में श्रीसीताराम की विवाह मूर्तियां रहेंगी, जो कल्याण महामहोत्सव रथ होगा। इन विवाह मूर्तियों का 51 तीर्थों के जल से अभिषेक भी होगा। जनकपुर में कलेवा के बाद सीता राम की विवाह मूर्ति का भव्य अभिषेक किया जाएगा। पहली बार कल्याण महामहोत्सव का आयोजन हो रहा है।



### 150 का रजिस्ट्रेशन

रामबरात में 17 प्रांतों के बराती शामिल होंगे। विहिप के केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दक्षिण भारत के चारों प्रांतों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु के अलावा बरात में मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र सहित उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों से बराती शामिल होंगे। अब तक 150 से अधिक लोगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

**एनसीसी दिवस** | मन की बात-स्कूल के दिनों को याद करते हुए पीएम मोदी ने युवाओं से एनसीसी में जुड़ने का किया आह्वान

# भोपाल के महेश ने बुजुर्गों को सिखाया डिजिटल पेमेंट

### मुंबई की दो बेटियों की कचरे से फैशन के सामान बनाने के प्रयासों की सराहना भी

**सत्ता सुधार ■ भोपाल/ नई दिल्ली**



**कहा- स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा विकसित भारत युवा भारत संवाद**

महाराष्ट्र में बंपर जीत के बाद रविवार को पीएम मोदी अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात के जरिए लोगों से जुड़े। उन्होंने एनीसीसी दिवस पर अपने स्कूल के दिनों को याद किया। इतना ही नहीं, पीएम ने देश के युवाओं को एनीसी से जुड़ने का आह्वान भी किया। इसके अलावा पीएम ने बताया कि 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती के मौके पर भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होगा। इसे विकसित भारत युवा भारत संवाद नाम दिया है। मोदी ने इसके अलावा उन्होंने अपनी गुआना की विदेश यात्रा का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि लखनऊ के रहने वाले वीरेंद्र हैं, वो बुजुर्गों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के काम में मदद करते हैं। नियमों के मुताबिक सभी पेंशनर्स को साल में एक बार लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना होता है। 2014 तक इसकी प्रक्रिया यह थी कि इसे बैंकों में जाकर बुजुर्ग को खुद जमा करना पड़ता था। आप कल्पना कर सकते हैं कि इससे हमारे बुजुर्गों को कितनी असुविधा होती थी। अब ये व्यवस्था बदल चुकी है। अब डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट देने से चीजें बहुत ही सरल हो गई हैं। वहीं मप्र की राजधानी भोपाल के महेश ने अपने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन तो था, लेकिन उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था।

### मुंबई की दो बेटियों को सराहा

देश में युवा बेकार समझी जाने वाली चीजों को लेकर, कचरे से कंचन बना रहे हैं। तरह-तरह के इनोवेशन कर रहे हैं। इससे वो पैसे कमा रहे हैं, रोजगार के साधन विकसित कर रहे हैं। ये युवा अपने प्रयासों से सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को भी बढ़ावा दे रहे हैं। मुंबई की दो बेटियों का ये प्रयास वाकई बहुत प्रेरक है। अक्षरा और प्रकृति नाम की ये दो बेटियां, कतरन से फैशन के सामान बना रही हैं।
**गौरैये के योगदान का जिक्र-** हमारे आसपास जैव विविधता को बनाए रखने में गौरैया का एक बहुत अहम योगदान होता है, लेकिन आज शहरों में गौरैया को बड़ी मुश्किल से देखा जा सकता है। बढ़ते शहरीकरण के कारण गौरैया हमसे दूर चली गई है। आज की पीढ़ी के ऐसे बहुत से बच्चे हैं, जिन्होंने गौरैया को सिर्फ तस्वीरों या वीडियो में देखा है।

# हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लेंगे सीएम पद की शपथ

- झारखंड में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता
- विधायक दल के चुने गए नेता, सरकार बनाने का पेश किया दावा

**एजेंसी ■ रांची**



झारखंड विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दर्ज करने के बाद, हेमंत सोरेन 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। झारखंड में लगातार दूसरी बार सीएम बनने वाले पहले नेता सोरेन होंगे। हेमंत सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने चुनावों में जीत हासिल की, जिससे उनके मुख्यमंत्री के रूप में लौटने का मंच तैयार हो गया। झामुमो 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीटें हासिल करने में सफल रही। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने सरकार बनाने का न्योता दिया है। समारोह में ममता बनर्जी, राहुल गांधी, अखिलेश, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव, दीपांकार भट्टाचार्य शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं।

sattasudharbpl@gmail.com | satta_sudhar | facebook.com/satta.sudhar.7 | www.sattasudhar.in
पांच राज्यों से एक साथ प्रकाशित

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम डॉ. यादव से महाराष्ट्र आईजी मनोज शर्मा ने की भेंट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुम्बई में महाराष्ट्र कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा आईजी और उनकी धर्मपत्नी, महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक श्रद्धा शर्मा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोज शर्मा की संकल्पों की सिद्धि और दृढ़ता प्रदेश और देश के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोज शर्मा ने विपरीत परिस्थितयों में चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त कर न केवल मुरैना बल्कि पूरे मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। उललेखनीय है कि मध्यप्रदेश के निवासी मनोज कुमार शर्मा 2005 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं, जिन्हें महाराष्ट्र कैडर आवंटित हैं। वे वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनका जन्म चंबल संभाग के एक गांव में 3 जुलाई 1975 में हुआ था।

### मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धर्म, नैतिक मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले, सिख धर्म के 9वें गुरु, हिन्द की चादर श्रद्धेय गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अन्याय और अधर्म के विरुद्ध गुरु तेग बहादुर का संघर्ष, तपस्वी जीवन, त्याग तथा शिक्षाएं सदैव समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणापुंज का कार्य करेंगी।

### फॉस्टर केयर लीडिंग टू फोस्टर एडॉप्शन विषय पर कार्यशाला आज

**भोपाल।** केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा प्रति वर्ष नवम्बर माह में दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 25 नवंबर को होटल पलाश में राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता कार्यक्रम फॉस्टर केयर लीडिंग टू फॉस्टर एडॉप्शनविषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम फोस्टर केयर पर गए बालकों को फॉस्टर एडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# सीएम यादव मुंबई में बोले-एमपी औद्योगिक रूप से बनेगा सक्षम

### भोपाल में फरवरी में होगी पहली ग्लोबल इवेस्टर्स समिट

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश औद्योगिक रूप से सक्षम बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की औद्योगिक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. यादव ने यह स्पष्ट किया कि आगामी फरवरी में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट राज्य के लिए एक अहम अवसर है, जिसमें विदेशी निवेशकों को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह 24 नवंबर से 30 नवंबर तक जर्मनी और यूके के दौरे पर रहेंगे, जहां वे निवेशकों से मुलाकात करेंगे और मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों पर



चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पूरे देश के विभिन्न शहरों जैसे कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरू और कोयम्बटूर में रोड शो आयोजित किए हैं, जहां हमने निवेशकों को मध्य प्रदेश में आने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राज्य में विभिन्न संभागों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है, ताकि हर क्षेत्र को औद्योगिक रूप से सक्षम बनाया जा सके।

**2025 को उद्योग वर्ष के रूप मनाया जाएगा :** मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि प्रदेश को समृद्ध बनाने और बेरोजगारी को दूर करने के लिए विभिन्न प्रकार के उद्योग क्षेत्रों, विशेष रूप से आईटी उद्योग, में निवेश आकर्षित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि मध्य प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, किसानों और तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्तियों को रोजगार मिले और उनकी क्षमता का पूरा सदुपयोग हो। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार 2025 को 'उद्योग वर्ष' के रूप में मनाने की योजना बना रही है और इसके तहत वैश्विक निवेशकों से बातचीत की जाएगी। हम हर जगह जहां भी निवेशक मिलें, वहां जाकर निवेश के अवसरों को प्रस्तुत करेंगे।

**भोपाल में पहली जीआईएस फरवरी में:** भोपाल में पहली ग्लोबल इवेस्टर्स समिट (जीआईएस) सात और 8 फरवरी को प्रस्तावित है। प्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अब तक पांच रीजनल इंवेस्टर्स समिट और चार रोड शो के इंटरएक्टिव सेशन आयोजित हो चुके हैं।

## मुख्यमंत्री का यूके दौरा

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्रिटिश पार्लियामेंट का करेंगे भ्रमण

**प्रवासी भारतीयों और फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ करेंगे निवेश पर चर्चा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश पटल पर स्थापित करने के अपने अभियान को नई ऊंचाई देते हुए आज अपने बहुप्रतीक्षित यूके दौरे की शुरुआत की। इस दौरे का उद्देश्य प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करना, वैश्विक औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना और प्रवासी भारतीयों को राज्य की प्रगति में सक्रिय भागीदार बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सुबह 10 (जीएमटी) बजे ब्रिटिश संसद के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां उनका स्वागत ब्रिटिश सांसद बैरोनेस (संदीप के वर्मा) करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सांसद बैरोनेस वर्मा के साथ ब्रिटिश संसद का भ्रमण करेंगे। संसद भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव पार्लियामेंट्री स्क्वायर, वेस्टमिंस्टर में प्रतिष्ठित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पहुंच कर उन्हें आदरांजलि समर्पित करेंगे। दोहपर में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सेंट जेम्स कोर्ट, ताज होटल, एडवर्डियन में आयोजित भोज की मेजबानी करेंगे। दोपहर भोज में ब्रिटिश सांसद बैरोनेस वर्मा, अशोक वर्मा, लॉर्ड कुलवीर सिंह, बॉब ब्लैकमैन और वीरेंद्र शर्मा के साथ ही ब्रिटिश प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्टेबल स्ट्रीट, लंदन स्थित किंग्स क्रॉस साइट का दौरा करेंगे। यहां प्रदेश के प्रशासनिक एवं व्यापार प्रतिनिधियों और फिक्की के डॉ. परम शाह और किंग्स क्रॉस प्रबंधन के सीईओ श्री टॉम गुडॉल के साथ बैठक कर मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के संबंध में चर्चा करेंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम को टेम्स नदी में क्रूज से जलीय पर्यटन करेंगे। शाम 6 बजे बेडफोर्ड-वे, लंदन स्थित रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ मध्यप्रदेश में निवेश संबंधी चर्चा करेंगे। चर्चा उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेहमानों के लिए आयोजित रात्रि भोज की मेजबानी करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने की 'हम होंगे कामयाब' अभियान को सफल बनाने की अपील

# बहन-बेटियों की सुरक्षा-सम्मान समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी

- आज से शुरू होगा पखवाड़ा
- राज्य, जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर तक जागरूकता गतिविधियां होंगी आयोजित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए संचालित किए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े को सफल बनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी अपने संदेश में कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस दृष्टि से 25 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़ा मनाने जा रहे हैं। इसमें पुरूष वर्ग की भूमिका ज्यादा अहम है।

पुरूष अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाकर समाज में फैले नकारात्मक दृष्टिकोण को चुनौति दे सकते हैं, जो महिलाओं के प्रति हिंसा का मुख्य कारण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब पुरूषों की जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज और परिवार में अपनी माता-बहनों को सुरक्षित रखें और उनकी चिंता करें। हमें जन्म से ही घर में लड़कों को यह सिखाना होगा कि हर बेटी और महिला का सम्मान करें। बेटियों के साथ शारीरिक हिंसा या शोषण न हो, इसकी चिंता करें और उन्हें अपने बराबर का समझें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों को जागरूक करें और महिलाओं पर होने वाली हिंसा का विरोध करें। साथ ही समाज और परिवार में सभी समानता का माहौल बनाएं। बेटे-बेटी और महिला- पुरूष का भेदभाव समाप्त होना चाहिए। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज, सरकार और कानून सभी का समान रूप से सहयोग आवश्यक है। तभी हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकेंगे। जहां हर महिला और हर बहन सुरक्षित होगी और अपने सपनों को साकार कर सकेगी।



### चाइल्ड लाइन 1098 या महिला हेल्प लाइन 181 पर कर सकते हैं डायल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यदि किसी को मदद की जरूरत हो तो तुरंत चाइल्ड लाइन 1098 या महिला हेल्प लाइन 181 पर डायल कर सकते हैं। डायल 100 पर भी सम्पर्क कर मदद ली जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी की इज्जत करते हुए विशेष रूप से माता और बहनों के प्रति समाज के योगदान को कभी नहीं भूलेगी। सरकार महिलाओं के साथ सदैव खड़ी दिखाई देगी। आईए हम सब मिलकर 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े को सफल बनाएं।


### पखवाड़ा अंतर्गत होंगी अनेक जागरूकता गतिविधियां

'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े में लगातार 15 दिन विभिन्न विभागों के समन्वय से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। पखवाड़े के प्रथम दिन राज्य स्तरीय दो दिवसीय जेंडर संवेदीकरण कंसल्टेशन कार्यक्रम होगा, जिसमें सभी जिलों के संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल शामिल होंगे। दूसरे दिन युवाओं के साथ 'जेन्डर आधारित हिंसा' पर संवाद और (जेंडर आधारित हिंसा का मनो-वैज्ञानिक प्रभाव) विषय पर चर्चा होगी। साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर आधारित मुद्दों से निपटने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल देखभाल संस्थान के कर्मचारियों, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, शौर्य दल और शक्ति निवास तथा ऊर्जा महिला डेस्क कर्मियों के लिये वेबिनार एवं कार्यशाला होगी। पखवाड़े के तीसरे दिन 27 नवम्बर को जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिनियम बाल विवाह निषेध अधिनियम और इन कानूनों के उल्लंघन के कानूनी परिणामों पर वेबिनार और सत्र का आयोजन और बाल विवाह मुक्त भारत की प्रतिज्ञा दिलाई जायेगी। इसी क्रम में महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाइन और शी बॉक्स पोर्टल के प्रति जागरुकता लाने, पास्को, घरेलु हिंसा और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों का प्रचार-प्रसार संचार के विभिन्न माध्यमों से किया जायेगा। जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम होंगे। घरेलू हिंसा की रिपोर्ट करने और उपलब्ध सहायता सेवाओं तक पहुंचने के महत्व पर केन्द्रित गतिविधियां होगी। इसके अतिरिक्त कानूनी जागरूकता संबंधी कार्यशाला के साथ सेमिनार, संवाद, काव्य प्रतियोगिता, पीसी और पीएनडीटी एक्ट के प्रति जागरूकता लाने रैली, चित्रकला प्रतियोगिता और सामुदायिक चर्चाएं होगी। पखवाड़े अंतर्गत समुदाय जेंडर उन्मुखीकरण, संस्थागत संबंधों को मजबूत करना, सकारात्मक मर्दागनी पुरुषत्व विषय पर संवेदीकरण, आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता, कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता के प्रति जानकारी देकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। पखवाड़े के अंतिम दिन राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। साथ ही सभी जिलों से अधिकारी वर्चुअल शामिल होंगे।

# प्रदेश में अशासकीय विशेषज्ञ चिकित्सक होंगे अनुबंधित

### आदेश अनुसार अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिए होगी

सत्ता सुधार ■ भोपाल



लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा समस्त जिला चिकित्सालयों को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश अनुसार अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिए होगी, जिसे प्रदर्शन और पारस्परिक सहमति के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकेगा। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं तथा शल्य चिकित्सा आदि प्रभावित होने के दृष्टिगत प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में जहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर रिक्त हैं तथा उक्तानुसार चिकित्सीय सेवा प्रदायगी के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध हैं, वहां रोगी कल्याण समिति के माध्यम से (बिना आउटसोर्स एजेंसी) प्रति केस के मान से भुगतान (मासिक आधार पर) प्रावधानित कर अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिए कहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री और विशेषज्ञता योग्यता होनी चाहिए। विशेषज्ञ चिकित्सक का राज्य में चिकित्सीय प्रेक्टिस के लिये मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद का वैध जीवित पंजीकरण संख्या और लायसेंस होना अनिवार्य है। चिकित्सक के विरुद्ध व्यावसायिक कदाचार (चिकित्सीय सेवा) से संबंधित कोई भी न्यायिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिये और विशेषज्ञ का अपनी विधा में कार्य किये जाने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

राठी ने जारी आदेश में जिला चिकित्सालय अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित करने के लिये समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक, आरएमओ, दो वरिष्ठ चिकित्सक, जिला नोडल अधिकारी, रोगी कल्याण समिति, जिला लेखापाल, सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक सदस्य और सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय सदस्य सचिव होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं के लिये अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सक को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में डीएचओ, दो वरिष्ठ चिकित्सक, जिला लेखापाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य और प्रभारी संबंधित संस्था प्रमुख सदस्य सचिव होंगे।

# अब मध्यप्रदेश में नागपुर की तर्ज पर होगी संतरे की खेती





- मंत्री बोले-एक जिला-एक उत्पाद की तर्ज पर लगाई जाएगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट
- यूनिट की स्थापना से उत्पादक किसानों को उपज का वाजिब दाम मिलेगा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में एक जिला-एक उत्पाद की तर्ज पर उद्यानकी फसलों की प्रोसेसिंग के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा विस्तृत कार्य-योजना तैयार की जा रही है यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने रविवार को नागपुर में आयोजित एग्रो विजन राष्ट्रीय कृषि मेले में आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना जिला और संभाग लेवल पर हो जाने से उत्पादक किसानों को उपज का वाजिब दाम मिल सकेगा। मंत्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में 20 वर्षों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। खेती-किसानी को सस्ती दर पर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कृषि उत्पादन बड़ा है। किसान भाई परंपरागत खेती के स्थान पर कैश क्रॉप के प्रति आकर्षित हुए हैं, उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का प्रयास है कि उद्यानकी फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों को फसल का सही दाम मिल सके। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग का काम प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री कुशवाहा ने नागपुर में पैदा किये जा रहे हैं ऑर्गेनिक सेतरे की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी संतरे का उत्पादन बड़े स्तर पर होता है। संतरे की फसल को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रदेश के किसानों को नागपुर स्टडी टूर पर भेजा जाएगा, जिससे किसान भाई ऑर्गेनिक संतरे की उत्पादन प्रक्रिया को देख और समझ सकेंगे।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग थीम पर होगी प्रतियोगिता

**भोपाल।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, जो बेहद खास और अलग होगा। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर केन्द्रित चार स्टेज में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें युवाओं द्वारा मायभारत पोर्टल पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक सहभागिता की जा सकेगी। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में पीएम मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की जाएगी। नेहरू युवा केन्द्र भोपाल की अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा यंग माइंड को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना होगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पीएम मोदी दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इन युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से माय भारत प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश के किसान खाद के लिए हो रहे परेशान, शासन तुरंत व्यवस्था करें : पूर्व मंत्री भगवान सिंह

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव ने प्रदेश के किसानों को रबी सीजन में खाद संकट को देखते हुए प्रत्येक के सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों से आह्वान किया है कि वे अपने अपने जिलों में खाद संकट के विरोध में जिलाध्यक्षों को ज्ञापन सौंपे तथा मप्र सरकार के मंत्रियों के बंगलों पर धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराएं। मप्र में रबी सीजन की फसलों के लिए खाद का संकट गहराता जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार कृषकों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। किसान आंदोलन के लिए मजबूर हो रहा है। सरकारी सिस्टम पूरी तरह फेल है, समितियों में खाद उपलब्ध न होने या कम मात्रा में होने पर किसानों को रात-रात भर लाइनों में लगना पड़ता है। सरकारी व्यवस्था से किसानों में भारी रोष व्याप्त है और किसान सरकारी खाद के अभाव में प्रायवेट दुकानों से मनमाने दामों पर खाद लेने को मजबूर हो रहे हैं।

### मंत्रियों के बंगले को घेरकर करेंगे आंदोलन



प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को चेतावनी दी है कि प्रदेश के किसानों की खाद की समस्या तुरन्त हल करें अन्यथा कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा के लिए मंत्रियों के बंगले को घेरकर आंदोलन करेंगी। यादव ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार कृषकों को रबी फसलों के लिए खाद उपलब्ध कराने में रुचि नहीं ले रही है इससे भाजपा का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो रहा है एवं अन्नदाता किसान ठगा महसूस कर रहा है।

**उपलब्धि** युवाओं के लिए 2025 सशक्तिकरण की सौगात लेकर आ रही प्रदेश सरकार

# सशक्त युवा नेतृत्व लिखेगा मप्र के स्वर्णिम विकास की इबारत

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल का स्वर्णिम एक वर्ष 13 दिसंबर 2024 को पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सशक्त एवं विजनरी नेतृत्व में सरकार का फोकस पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र जीवायएएन पर ध्यान (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) के सशक्तिकरण पर रहा है। आने वाला नव वर्ष 2025 पर प्रदेश सरकार युवाओं के लिए सशक्तिकरण की सौगात लेकर आ रही है। प्रदेश के युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उनके कौशल उन्नयन के लिए 'युवा शक्ति मिशन' का शुभारंभ नववर्ष 1 जनवरी, 2025 से किया जाएगा। इस मिशन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के विकास में युवाओं की व्यापक क्षमताओं का उपयोग करना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि सशक्त युवा नेतृत्व से ही मध्यप्रदेश के विकास का स्वर्णिम अध्याय रचा जा सकेगा।



**मिशन से मिटेगी शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच की खाई :** युवा शक्ति मिशन की परिकल्पना 'युवाओं' में शिक्षा, कौशल विकास, और सामुदायिक सेवा जैसे प्रमुख नेतृत्व गुणों को विकसित कर उन्हें सक्षम बनाना है, जिससे वे प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। 'युवा शक्ति मिशन' के केंद्र में युवा है और वह राष्ट्र की प्रगति के केंद्र में भी वही है। इसलिए युवाओं को नेतृत्व सक्षम बनाने के लिये आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करना ही इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही प्रदेश के युवाओं को सुशिक्षित करना ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक रूप से कुशल बनाना है। इस मिशन में युवाओं में व्यावसायिक कौशल को आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए इस तरह उन्नत बनाया जाएगा जिससे वे न सिर्फ अच्छे वेतन वाले रोज़गार प्राप्त कर सकें, अपितु सफल उद्यमी बन राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास में भी अपना योगदान दे सकें। मिशन के अंतर्गत सरकार ने उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों के साथ सहयोग करते हुए मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोज़गार के विभिन्न रास्ते बनाए हैं। साथ ही युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन देकर उन्हें स्व-रोज़गार के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। 'युवा शक्ति मिशन' के परिणाम स्वरूप प्रदेश के युवा नौकरी की तलाश में जुटी भीड़ में शामिल होने के स्थान पर नौकरी देने वाले उद्यमी बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के रणनीतिक नेतृत्व में 'युवा शक्ति मिशन' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा सशक्तिकरण के विजन को कार्यान्वित करने में जुटा हुआ है।

### तकनीक के प्रभावी उपयोग से होगा युवा सशक्तिकरण

'युवा शक्ति मिशन' के सफल क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कौशल विकास के पाठ्यक्रम युवाओं को सहजता से उपलब्ध हो सकें और वह उन्हें आसानी से समझ सकें, इसके लिए सरकार ने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किए हैं। इसका लाभ यह भी है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को इसकी सुविधाएं समान रूप से सुलभ होंगी। मिशन की सफलता के लिए सरकार ने सोशल-मीडिया के माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग करने की रणनीत बनाई है, जिससे युवाओं को मिशन से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध कराई जा सके। इससे युवाओं में मिशन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विजन से विकसित युवा मिशन प्रधानमंत्री मोदी के 'जीवायएएन पर ध्यान' के मंत्र में शामिल युवा शक्ति के सशक्तिकरण का प्रभावी तंत्र बन कर उभरेगा।

# तुम्हारी जीत से ज्यादा हमारी हार के चर्चे होंगे...

## प्रदेशभर में वनमंत्री की हार की समीक्षा, जनता की नब्ज टटोलने में नाकाम रही सरकार

**सत्ता सुधार ■ श्योपुर**

तुम्हारी जीत से ज्यादा चर्चे हमारी हार के होंगे, यह वाक्य विजयपुर क्षेत्र में उपचुनाव के नतीजो के बाद सटीक बैठता हुआ दिखाई दे रहा है जिसमें उपचुनाव में विजयी हुए मुकेश मल्हौत्रा से ज्यादा भाजपा के हारे हुए रामनिवास रावत की चर्चा प्रदेशभर में सुर्खियां बटोर रही हैं। मप्र सरकार में वन मंत्री रामनिवास रावत के चुनाव में जहां प्रदेश के मुखिया सीएम डॉ मोहन यादव, विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर समेत दर्जनो मंत्री, सांसद चुनाव प्रचार की कमान सम्हाले हुए थे, इसके बावजूद सत्ताधारी भाजपा के प्रत्याशी की हार कई मायनो में अहम मानी जा रही हैं। हालांकि भाजपा



विजयपुर क्षेत्र की जनता की नब्ज टटोल पाने में नाकाम रही तो वहीं रणनीति बनाने में पिछड़ी हुई नजर आई तो वहीं कांग्रेस थोड़े बहुत संसाधन होने के बावजूद जीत का जादुई आंकडा ही नहीं बल्कि एक अच्छा अंतर लेकर लीड पाने में कामयाब रही। प्रदेशभर में विजयपुर सीट का चर्चा जबरदस्त सुर्खियां बटोर रहा है क्योंकि इस सीट पर नए नवेले मौजूदा मंत्री ही नहीं हारे बल्कि सत्ताधारी भाजपा के मुखिया की सांख पर बट्टा पड़ता दिखाई दे रहा है। शनिवार को मतगणना के बाद कांग्रेस खेमा अति उत्साह में लबरेज नजर आया तो वहीं भाजपा में सन्नाटा पसर गया, मतगणना केन्द्र पर 18वें राउंड के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के हौंसले पस्त हो गये और धीरे धीरे वहां से निकल लिये लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। भाजपा के प्रत्याशी रामनिवास रावत की हार के आंकडे देखते देखते बढ़ गये, जिसके बाद प्रदेशभर में उनकी हार को लेकर समीक्षात्मक विश्लेषण सामने आता रहा जो दूसरे दिन भी जारी रहा। इस हार को लेकर जहां अलग अलग मीडिया ने अपने अपने विश्लेषण प्रस्तुत किये वहीं रामनिवास रावत की टिप्पणी भी सामने आई जिसमें वे हार को स्वीकार करते हुए अपनी ही पार्टी के लोगो पर भितरघात का आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटे और कई कारणों को अपनी हार का वजह बताते दिखे। रामनिवास ने यहां तक कहा कि अगर पार्टी उनसे कारण पूछेगी तो वे रिपोर्ट बनाकर भी देंगे।

# लम्बित प्रकरणों की सूची बनाकर किया जाये निराकरण

### डीईओ ने ली प्राचार्यो की समीक्षा बैठक

**श्योपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रविवार को दोपहर 2 बजे डीईओ एमएल गर्ग की अध्यक्षता में जिले के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि ऐसे कर्मचारी जिनका एजुकेशन पोर्टल पर विषय गलत प्रदर्शित हो रहा है, उनकी सूची तैयार की जायें। प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, सहयक शिक्षक, शिक्षक की क्रमोन्नत वेतनमान हेतु लंबित प्रकरणों की सूची भी तैयार की जायें। अनुंकपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, पेंशन प्रकरण की जानकारी प्राप्त की गई। इसके साथ ही लोक सेवक की सेवा पुस्तिका पर लंबित वेतन निर्धारण अनुमोदन की समीक्षा की गई। संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर से एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में अध्यापन हेतु शिक्षकों शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में हाईस्कूल, हायर सैकेण्डरी विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

## ब्रीफ न्यूज

### धान विक्रय के लिए पंजीयन 25 नवंबर से

**श्योपुर।** कृषि उपज मंडी श्योपुर में किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एसएमएस सिस्टम द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है। सचिव कृषि उपज मंडी समिति एसडी गुप्ता ने बताया कि पंजीयन कार्य 25 नवंबर से शुरू किया जा रहा है, उन्होने बताया कि मंडी कार्यालय में कार्यालयीन समय में कृषको के पंजीयन का कार्य 25 नवंबर से शुरू किया जा रहा है। इसके माध्यम से किसानों को एसएमएस भेजकर धान विक्रय के लिए सूचित किया जायेगा, एसएमएस के माध्यम से किसानों को सूचना दी जायेगी कि मंडी में धान विक्रय के लिए किस तिथि पर आना है, जिससे किसानों को धान विक्रय में अनावश्यक समय व्यय न करना पडें।

### प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत बैठक 25 को

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत 25 नवंबर को सांय 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण लालजी राम मीणा ने बताया कि बैठक में वनमंडला अधिकारी सामान्य वन मंडल, सीईओ जिला पंचायत सहित स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, जिला योजना, शिक्षा, आयुष, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, दूरसंचार, लोक निर्माण, पीएचई, अक्षय ऊर्जा, फूड, विधुत मंडल, पीएमजीएसवाय आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### धान की पराली जलाने पर प्रशासन की कार्यवाही का विरोध

**श्योपुर।** जिला प्रशासन द्वारा किसानों पर धान की पराली जलाने पर जुर्माना किये जाने का विरोध किया जा रहा है, जिसे लेकर आज सोमवार को किसानों द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी देते हुए किसान नेता राधेश्याम मीणा ने बताया कि वर्षो से किसानों द्वारा फसल के बाद नरवाई पराली जलाकर नवीन फसल की तैयारी शुरू की जाती है, जिसे लेकर प्रशासन द्वारा किसानों को बेवजह परेशान करते हुए अवैध रूप से जुर्माना ठोका जा रहा है, जिसका किसान पुरजोर विरोध करते हैं, प्रशासन द्वारा फै क्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी और हवा के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती लेकिन किसानों पर कार्यवाही कर परेशान किया जाता है।

### पल्सर बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**श्योपुर।** जिले के कराहल थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोईपुरा मेहसानी रोड पर शनिवार की दोपहर 2 बजे एक पल्सर बाइक ने तेजी व लापरवाही से गाडी चलाते हुए दूसरी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार और एक अन्य घायल हो गया। मामले में कराहल थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी अशोक पुत्र चुन्नी लाल जाटव ने थाने आकर रिपोर्ट लिखाई कि शनिवार की दोपहर 2 बजे भोईपुरा मेहसानी आम रोड पर आरोपी पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 31 जेडए 9102 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाडी चलाते हुए फरियादी की बाइक में टक्कर मार दी जिसमें फरियादी और उसका भतीजा अवंतिका घायल हो गया।

# मुकेश ने कैसे तय किया सरपंची से लेकर विधायकी का सफर

## कभी भाजपा से बने थे राज्यमंत्री, टिकिट की चाह में बन बैठे थे बागी

### कांग्रेस में शामिल होने के बाद मिला टिकिट, बने विधायक

**सत्ता सुधार ■ श्योपुर**

युवा चेहरे के रूप में युवाओं में लोकप्रिय मुकेश मल्हौत्रा एक ऐसा नाम हैं जिसने राजनीति के चाणक्य और कद्दावर नेता रामनिवास रावत को हराकर पूरे प्रदेश में अपना नाम कमाया हैं, शुरूआती दिनो में युवाओं के साथ आंदोलन करने और एकता परिषद के साथ सहरिया आदिवासी समाज की लड़ाई लडने वाले मुकेश कब क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाने में जुट गये पता ही नहीं चला, करीब 10 साल पहले राजनीति की पाठशाला में आने वाले मुकेश ने अपना सफर सरपंची से शुरू किया जिसमें वे सिलपुरी गांव के सरपंच बने।



जहां उन्होंने विशाल पंचायत बुलाई जिसमें तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को बुलाया और अपना भाषण दिया जिसे सुनकर श्री तोमर ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई और एक आदिवासी युवा चेहरे के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तोमर के सिपहसालार के रूप में काम करने के बाद वे भाजपा में सफलता की सीढ़ी चढते गये और सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री का दर्जा पा गये और इसके बाद वे लगातार क्षेत्र में सक्रियता के साथ जुट गये वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव लडे, हालांकि उनकी जमानत जप्त हो गई लेकिन वे रूके नहीं और फिर से क्षेत्र का दौरा करने में जुटे रहे, इसके बाद उन्होंने वर्ष 2023 में फिर से भाजपा से टिकिट मांगा लेकिन फिर से उन्हें दरकिनार करते हुए बाबूलाल मेवरा को टिकिट दिया जिसके बाद वे बागी होकर निर्दलीय चुनाव में उतर गये और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के रामनिवास रावत के लिए जीत का ट्रंप कार्ड बने गये। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ छोडकर भाजपा में गये रामनिवास की जगह खाली देखकर मुकेश मल्हौत्रा ने भी मौके की नजाकत देखते हुए कांग्रेस का दामन प्रियंका गांधी के समक्ष थाम लिया और कांग्रेस के लिए प्रचार में जुट गये, हालांकि वे कांग्रेस को विजय दिलाने में कामयाब नहीं रहे लेकिन उन्होंने एक अच्छा वोट आदिवासियों का कांग्रेस को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसका फल उन्हें कांग्रेस ने विधायकी का टिकिट देकर मिला और लगातार क्षेत्र में सम्पर्क और कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व का साथ मिलने के बाद वे विधायक बन गये, जिसके बाद वे अपने सपने को साकार करने में कामयाब हो गये।

### राजनीति के बादशाह पर भारी पड़ा इक्का

विजयपुर विधानसभा में कांग्रेस से चुनावी चेहरा हमेशा से रामनिवास रावत रहा हैं, जो अपनी जीत के लिए एक प्लानिंग के साथ चुनाव लडते आ रहे हैं, जिसमें वे वोटो के ध्रुवीकरण का सहारा लेते रहे, जिसमें एक इक्का मुकेश मल्हौत्रा भी रहे हैं, जिन्होंने दो बार उन्हें आदिवासियों के वोट बैंक को साधने में काम किया, लेकिन उपचुनाव में राजनीति के बादशाह रामनिवास पर उनका इक्का रहे मुकेश मल्हौत्रा भारी पड़ गया, क्योंकि कभी उनके चुनावी जीत को मोड़ देने वाले मुकेश ने ही उन्हें पटखनी दे दी और विजयपुर में कांग्रेस आदिवासी विधायक मुकेश मल्हौत्रा को लाने में कामयाब रही, चूंकि कांग्रेस विजयपुर सीट पर वर्चस्व को कायम रखकर फूले नहीं समा रही है।

# सिलपुरी गांव पहुंचे सरपंच से विधायक बने मुकेश

### ग्रामीणों ने किया जमकर स्वागत, विधायक भी जमकर नाचे

**सत्ता सुधार ■ श्योपुर**



जिले की विजयपुर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक मुकेश मल्हौत्रा का स्वागत जिला मुख्यालय पर जुलूस निकालने के बाद अपने गांव सिलपुरी पहुंचे जहां से वे सरपंच निर्वाचित हुए थे। गांव के सरपंच से विधायकी तक पहुंचे मुकेश मल्हौत्रा को देखकर ग्रामीणों में उत्साह देखते ही बन रहा था और उनके स्वागत में डीजे लगाकर जमकरर डांस किया जा रहा है। गांव में पहुंचने के बाद ग्रामीणों और परिवारजनो ने उनका तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया तो मुकेश भी अपनी आंखो से आंसू नहीं रोक सके और ग्रामीणों के साथ डांस करने में लग गये, उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ।

दरअसल श्योपुर जिला मुख्यालय पर विजय जुलूस निकालने के दौरान उनका यहां भी जोरदार स्वागत किया, वे जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले पूर्व विधायक सत्यभानु चौहान को पुष्पांजलि अर्पित की और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के निवास पर परिवारजनो से मुलाकात की, इसके बाद वे शहरभर में जुलूस निकालते हुए पहुंचे तो स्थान स्थान पर स्वागत हुआ। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, रीतेश तोमर, शकील कुरैशी, रमेश गोयल, चुनाव प्रभारी सीमा नागर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शिवहरे, युकां अध्यक्ष रामभरत मीणा, संजीव कुशवाह, मो. चीनी कुरैशी, इंसाफ खान, कमल शर्मा, आशीष चौहान, अनवर बालापुरी सहित बडी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।



### नवनिर्वाचित विधायक का कराहल में विजय जुलूस आज

विजयपुर विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव सम्पन्न होने के बाद नवनिर्वाचित विधायक मुकेश मल्हौत्रा का स्वागत सत्कार जबरदस्त तरीके से किया जा रहा है, इसी क्रम में आज सोमवार को आदिवासी ब्लॉक कराहल में विजय जुलूस सुबह 11 बजे से निकाला जायेगा, जिसमें बडी संख्या में कराहल सहित आसपास के गांवो के हजारो लोग शामिल होंगे। जुलूस को लेकर कराहल में जबरदस्त तैयारियां की जा रही है। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित विजयपुर विधायक मुकेश मल्हौत्रा के स्वागत में कराहल कस्बे में विजय जुलूस सोमवार को सुबह 11 बजे मॉडल स्कूल गुरूद्वारा के सामने से शुरू होगा जो पनवाडा तिराहा, हॉयर सेंकेडरी स्कूल, पालीवाल चौक से होते हुए करियादेह तिराहा पर पहुंचेगा, इसके बाद चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक कराहल क्षेत्र के मतदाताओं का आभार प्रकट करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित कराहल क्षेत्र के जनता से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# वामन अवतार का प्रसंग सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

### कराहल कस्बे में जारी है श्रीमद्भागवत कथा

**सत्ता सुधार ■ श्योपुर**

जिले के कराहल कस्बे में श्रीश्री 1008 श्री कमलगिरी जी महाराज (शाला का मंदिर) पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में चौथे दिवस रविवार को दोपहर 12 बजे कथाव्यास पं. मोहन बिहारी कटारे (ढोढर वाले) ने भगवान वामन अवतार का प्रसंग सुनाया। कथा व्यास पं. कटारे ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा



बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने बताया कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईर्ष्यालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। ऐसे व्यक्तियों को भगवान सूर्य, वायु, नदियों, बादलों व वृक्षों इत्यादि से प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान सूर्य बिना किसी भेदभाव के सृष्टि के सभी प्राणियों को अपना प्रकाश देते हैं। वायु सभी जीवों में प्राणों का संचार करती है। बादल परोपकार के लिए गरजते हुए वर्षा करते है, नदियां किसी से नहीं पूछती कि तुम मेरा जल क्यों पीते हो और वृक्ष भी किसी व्यक्ति से यह नहीं पूछते कि तुम मेरे फल क्यों तोड़ते हो, लेकिन स्वार्थी मानव ईर्ष्यालु होता जा रहा है। यदि अपना उद्धार करना चाहते हो तो परोपकार में अपना जीवन लगाओ, जिससे तुम्हारा कल्याण होगा। कथा श्रवण करने के लिए रोजना बड़ी संख्या में महिला पुरूष-पहुंच रहे हैं।

# रामअवतार बने खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष



**श्योपुर।** खंडेलवाल समाज श्योपुर के चुनाव रविवार को सब्जी मंडी स्थित खंडेलवाल समाज के मंदिर पर दोपहर 12 बजे से शुरू हुए जिसमें प्रारम्भिक रूप से समाज बंधुओं से निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना दी गई एवं दोपहर 2 बजे से अध्यक्ष पद हेतु नामांकन आमंत्रित किये गये। इस दौरान बैठक का आयोजन जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु विचार विमर्श हुआ जिसमें रामअवतार खंडेलवाल को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। यह जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी गोविंद प्रसाद ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खंडेलवाल समाज के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें अध्यक्ष पद हेतु मुकुट बिहारी काठ, चेतन घीया और रामअवतार खंडेलवाल के नाम का प्रस्ताव सामने आया, जिसके बाद मुकुट बिहारी काठ एवं चेतन घीया ने अपना नाम अध्यक्ष पद से वापस ले लिया और रामअवतार खंडेलवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गये। इस दौरान समाजबंधुओं ने रामअवतार खंडेलवाल को माला पहनाकर शुभकामनाऐं दी। इस दौरान आनंद खंडेलवाल, मधु खंडेलवाल, मुकुट खंडेलवाल सहित समाजबंधु मौजूद रहे।

# सडक पर खडे ऑटो में ट्रक ने मारी टक्कर

### ऑटो में सवार युवक की मौत, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्योपुर शिवपुरी हाइवे बावंदा नाले के पास शनिवार की रात्रि 8 बजे करीब एक अज्ञात ट्रक ने खडे ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मामले में देहात थाने पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यह जानकारी देते हुए देहात थाना पुलिस ने बताया कि राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के खंडार निवासी रामअवतार पुत्र मंगडिया कहार शनिवार को ऑटो में सवार होकर गोरस तरफ से श्योपुर आ रहा था, ऑटो को अजय बाथम निवासी कमालखेडी वार्ड क्रमांक 14 श्योपुर चला रहा था। काली तलाई और बावंदानाले के बीच ऑटो चालक ने ऑटो को हाइवे किनारे खडा कर दिया और वह बाथरूम करने के लिए ऑटो से नीचे उतर गया, इसी बीच तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने खडे ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार राम अवतार बुरी तरह घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में देहात थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# युवाओं ने नशामुक्ति और बाल विवाह को लेकर दी प्रस्तुति

## पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन




**सत्ता सुधार ■ श्योपुर**

शहर के पाली रोड स्थित पीजी कॉलेज में रविवार को दोपहर 2 बजे मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की कक्षाऐं संचालित हुई, जिसमें समाजकार्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने बाल विवाह और नशामुक्ति को लेकर नाट्य प्रस्तुति दी। यह जानकारी देते हुए मेंटर विप्लव शर्मा ने बताया कि मप्र जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था मुक्तिबोध युवक मंडल द्वारा संचालित बीएसडब्ल्यू औरर एमएसडब्लयू की कक्षा में युवा विद्यार्थियों ने नशामुक्ति एवं बाल विवाह को लेकर नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जिसमें जनजागरूकता के उद्देश्य से बाल विवाह अधिनियम 2006 एवं नशा मुक्ति के बारे में रोचक तरीके से समझाया गया। इसके पश्चात लोगो को इस प्रकार की समाजिक बुराई/अपराध के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा 2 ग्रुप बनाकर आम लोगों के जीवन के आधार पर ही बाल विवाह एवं नशा मुक्ति जैसी सामाजिक बुराई को नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं इस प्रकार की समस्या से काउंसलिंग, जागरूकता, कानून की मदद से किस प्रकार से सुरक्षित रहा जा सकता है इसके बारे में भी समझया गया। इस दौरान मेंटर चन्द्रिका सिंह, सुमिंदर कौर, विवेक सिंह, सत्यभामा मीणा समेत छात्र छात्राऐं मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं एवं संसाधनो की करेगी ऑडिट

# जिला अस्पताल का निरीक्षण करेगा एनक्यूएएस का दल

**सत्ता सुधार ■ श्योपुर**

जिला अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं और संसाधनों का ऑडिट करने के लिए एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) का एक दल आज सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचेगा। यह दल पहले 22 नवम्बर को आना था लेकिन एनवक्त पर समय में बदलाव करते हुए यह दल आज 25 नवम्बर सोमवार को यहां पहुंचा रहा हैं। यह दल दो दिनो तक अस्पताल में भ्रमण करेगा और बारीकी से स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेगा।




जानकारी के अनुसार एनक्यूएएस के मानकों पर जिला अस्पताल परखने के लिए दो सदस्यीय दल यहां भ्रमण करेगा और जिला अस्पताल अगर एनक्यूएएस के मानकों पर खरा उतरता है तो जिला अस्पताल को 20 लाख रूपए की राशि शासन की ओर से प्रदाय की जाएगी, जिससे यहां सुविधाओं में और भी विस्तार हो सकेगा। इसलिए अस्पताल प्रबंधन ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए तैयारिया शुरू कर दी है। यहां बता दें कि सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए राज्य व केन्द्र सरकार के द्वारा प्रतिस्पर्धा अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में राज्य सरकार के द्वारा जहां कायाकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत हर साल जिला अस्पताल में कायाकल्प की टीम निरीक्षण करने के लिए पहुंचती है और अच्छे अंक मिलने पर शासन की ओर से पुरस्कार भी दिया जाता है। श्योपुर जिला अस्पताल ने इस साल भी इस अभियान में भाग लेने के लिए आवेदन किया है। इसलिए अब जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए एनक्यूएएस की टीम के सदस्य डॉ राजवीर कुशवाह और डॉ प्रमोद मिश्रा आज सोमवार को यहा पहुंचेंगे। यह दल जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं, भवन, नर्सिंग स्टाफ, मरीजो के लिए बेठने की व्यवस्था, वेंटिलेशन, प्रति बेड चिकित्सक/नर्सिंग स्टॉफ, ओटी में निर्धारित संसाधन, एयर फिल्टर, तापमान, इंफे क्शन कंट्रोल के उपाय, आपरेशन में प्रोटोकॉल का पालन, डॉक्टर व स्टाफ को इन्फेक्शन कंट्रोल के बारे में जानकारी, मरीज को इलाज में कितना समय लगा आदि बिंदुओं पर आंकलन करने के बाद ही मूल्यांकन दल द्वारा अंक दिए जाते हैं।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन एवं समुचित व्यवस्थाओं का ऑडिट करने के लिए एनक्यूएएस में आवेदन किया था, पूर्व में भी आवेदन किया था जिसमें कुछ सुधार के बारे में सलाह लेने के बाद काम किया गया है, अब दोबारा एनक्यूएएस का दल यहां सोमवार को पहुंच रहा हैं, जिसमें जिला अस्पताल श्योपुर अपना बेहतर प्रस्तुतिकरण देगा और सभी मानकों पर खरा उतरने का प्रयास करेगा।

-डॉ आरबी गोयल
-सिविल सर्जन जिला अस्पताल श्योपुर

## कांग्रेस को मिली संजीवनी

# अंदरूनी रार से विजयपुर में हुई भाजपा की हार !

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

महाराष्ट्र से विजयरथ पर सवार होकर चली भारतीय जनता पार्टी ने मप्र की बुधनी सीट पर कम वोटों के साथ ही सही कब्जा बरकरार रखा, मगर चंबल में आते ही विजय पराजय में तब्दील हो गई और कांग्रेस को संजीवनी मिल गई। यहां भाजपा के मंत्री और क्षेत्र के कद्दावर नेता रामनिवास रावत को कांग्रेस के नए नवेले नेता मुकेश मल्होत्रा से मात मिली है। इस सीट पर कांग्रेस की जीत और भाजपा की हार कई मायनों में महत्वपूर्ण है, भविष्य में जिसका असर दिखाई देना लाजिमी है। क्योंकि जहां कांग्रेस जनता के साथ धोखा बताकर भाजपा और उसके प्रत्याशी पर हमलावर थी तो वहीं सत्ता के रथ पर आरूढ़ भाजपा, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जैसे महारथी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही थी, ऐसे में सिंधिया को भुलाकर भाजपा ने कहीं गलती तो नहीं की ! क्योंकि 2018 में इन्ही सिंधिया की तूफानी पारी के कारण ग्वालियर चंबल में कांग्रेस ने इतिहास रचा और भाजपा के तिलिस्म को भेदते हुए 14 साल के वनवास का अंत करके शासन अपने कब्जे में ले लिया था । इत्तेफाक की बात है वरिष्ठ और अनुभवी नेता होने के कारण तब भी ग्वालियर चंबल में भाजपा की चुनावी कमान कद्दावर नेता नरेंद्र सिंह तोमर संभाल रहे थे। खैर कांग्रेस सरकार द्वारा क्षेत्र की उपेक्षा से क्षुब्द सिंधिया ने डेढ़ साल बाद ही अपने समर्थक विधायकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया और कांग्रेस सरकार गिर गई। इसके बाद उपचुनाव 2020 में सिंधिया की क्षेत्र पर पकड़ की असली परीक्षा हुई क्योंकि एक तरफ कांग्रेस खरीद-फरोख्त के इल्जाम लगा रही थी वहीं भाजपा की रीढ़ में शामिल क्षेत्रीय कद्दावर नेता संगठन में सिंधिया इंट्री को पचा नहीं पा रहे थे। तब भी ज्योतिरादित्य ने तमाम अंदरूनी और बाहरी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए जीत हासिल की। इस जीत में उन्होंने विरोधियों को सबक दिया कि ग्वालियर चंबल में सिंधिया की छवि एक सर्वमान्य नेता की है उन्हें नजरंदाज किया जाना आसान नहीं है। हालांकि सिंधिया के भाजपा में आने से पार्टी में सिंधिया गुट और नरेन्द्र तोमर गुट के रूप टकराव ने जन्म ले लिया जो शीतयुद्ध से निकल कर सड़कों तक दिखाई देने लगा है। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो सिंधिया के आने से कांग्रेस के सफाए में भाजपा को लाभ ही हुआ है। इसका जीता-जागता उदाहरण है आमचुनाव 2023 जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता अपनी साख बचाने में लगे थे। जबकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के तीखे हमलों ने अंचल के उन कांग्रेसी दिग्गज तंबुओं को भी उखाड़ दिया जिन्हें 2003 से सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा हिला तक नहीं पाई थी, वे सिंधिया के एक झटके में तास के पत्तों की तरह ढेर हो गए। इसका सीधा सा अर्थ है कि इस अंचल में सिंधिया और महल की उपेक्षा जनता आज भी बर्दास्त करने के मूड में नहीं है, शायद यही बात विजयपुर की जनता ने बताने का प्रयास किया है।

अब इसे भाजपा की गुटबाजी कहें या अतिउत्साह ,कि पार्टी और सरकार द्वारा पूरी तैयारियों और बेहतर माहौल के बावजूद विजयपुर सीट कांग्रेस छीन ले गई। गौरतलब है कि विजयपुर सीट पर कांग्रेस ने झंडा उस समय बुलंद किया है जब स्थितियां पूरी तरह उसके अनुकूल नहीं थी। जानकारों की मानें तो मप्र उपचुनाव के लिए भाजपा के केंद्रीय संगठन ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सहित 40 नेताओं की फौज तैयार की थी, जिसमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी थे। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री एवं संगठन के प्रभावी नेताओं को शामिल किया गया था। मजे की बात यह रही कि क्षेत्रीय जनता और स्थानीय नेताओं की मांग के बाद भी सिंधिया को नहीं बुलाया गया, यानि सीधे तौर पर सिंधिया को उपेक्षित किया गया है।

क्योंकि उपचुनाव की बागडोर अनुभवी विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर संभाल रहे थे और सिंधिया से उनकी पटरी नहीं बैठ रही है। जिसे नजरंदाज किया जा सकता था तथा सरकार की प्रतिष्ठा और पार्टी हित को ऊपर रखकर सिंधिया एवं अन्य नेताओं को क्षेत्र में लाने की जरूरत महसूस की गई होती तो जीतने के मुहाने पर पहुंचकर सीट भाजपा के हाथों से शायद न जाती। कारण जो भी रहे हों मगर इसका असर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की छवि पर भी पड़ा है, लिहाजा नतीजों को लेकर संगठन के मंथन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की रणनीति पर भी सवाल उठाए जाना तय है।



### छोटी चूक बड़ा नुक्सान

चुनाव से पहले सरकार ने इस क्षेत्र के विकास के लिए खजाने के मुंह खोलने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सीएम डॉ मोहन यादव ने स्वयं उतरकर क्षेत्र में आठ बार सभाएं लीं, तो प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने भी अपनी संगठनात्मक शक्ति को पूरी तरह झौंक रखा था। क्योंकि चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी से मुकाबला सरकार के केबिनेट मंत्री का था। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि सिंधिया की दो चार सभाएं हो जाती तो आदिवासी और अन्य समाज का भाजपा को लाभ मिल सकता था। जहां तोमर और अन्य नेता अपना असर नहीं छोड़ पाए और भाजपा किनारे पर आकर ढेर हो गई। इसके साथ ही भाजपा ने घर-घर सदस्यता अभियान चलाकर अभी हाल ही में इतिहास रचा है अर्थात पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता वोटरों की नब्ज जानते थे इसीलिए सिंधिया की मांग कर थे मगर उसे अनदेखा कर दिया गया। शायद भाजपा इसी चूक के कारण अनुकूल परिस्थिति और हर तरह का पैंतरा अपनाने के बाद भी इस सीट पर भाजपा विजयी होने से चूक गई।



# यार्ड में जाते समय मालगाड़ी के एक डिब्बे के दो व्हील हुए डिरेल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ग्वालियर रेलवे स्टेशन से 15 किमी दूर ग्वालियर झांसी रेल लाइन पर पड़ने वाले आंतरी रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह 8 बजे मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। मामले की जानकारी लगते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थिति का जायजा लेकर ट्रैक को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, इसके बाद करीब छह से सात घंटों की मशक्कत के बाद ट्रैक को सही करा दिया गया। घटना मेन लाइन पर न होकर यार्ड में जाने वाली लाइन पर हुई थी, इसलिए मेन लाइन पर यातायात प्रभावित नहीं हुआ। यदि मुख्य लाइन पर हादसा हुआ होता तो रेल मार्ग कई घंटे बाधित रहता और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता। मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है। बताया जा रहा कि आंतरी रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी के जाते समय एक डिब्बे के दो पहिये पटरी से उतर गए। पहिये पटरी से उतरने की सूचना उत्तर-मध्य रेलवे के अधिकारियों को दी गई। जिस पर कुछ देर बाद ही ग्वालियर से वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच गए और काम शुरू कर दिया गया। इस दौरान यहां से गुजरने वाली सवारी गाड़ियों को ट्रैक से धीरे-धीरे गुजारा गया। वहीं डीएसओ गिरीश कंचन का कहना है कि यार्ड जाने वाली लाइन पर मालगाड़ी के दो व्हील डिरेल हुए थे। मामले में किसकी लापरवाही है, इसकी जांच के लिए कमेटी बना दी है।

## मुरार थाना क्षेत्र की घटना, तीन आरोपियों पर दर्ज हुई एफआईआर

# ट्रैक्टर को साइड नहीं मिलने के विवाद पर मिट्टी माफिया ने की फायरिंग

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ट्रैक्टर को साइड नहीं मिलने को लेकर हुए विवाद पर मिट्टी माफिया ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना मुरार थाना क्षेत्र की है, जिसमें पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

पदमपुर खेरिया के रहने वाले शेरू लोधी व छोटू लोधी अपने एक अन्य साथी सहित बीती दोपहर मुरार थाना क्षेत्रांतर्गत लालटिपारा स्थित एक प्लॉट का ट्रैक्टर से मिट्टी डालकर भराव कर रहे थे। इसी दौरान वहां से रेत की ट्रैक्टर- ट्रॉली लेकर निकल रहे बड़ागांव निवासी पुष्पेंद्र यादव ने उनसे साइड देने के लिए ट्रैक्टर हटाने को बोला, तो वह उसे कुछ देर रुकने के लिए कहने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच बहस हो गई। जिसके चलते शेरू, छोटू व उनके साथी ने गाली- गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। गोली चलते देख पुष्पेंद्र ने छुपकर अपनी जान बचाई, वहीं फायरिंग होने से क्षेत्रवासी दहशत में आ गए। जब आसपास के लोग वहां जुटने लगे, तो आरोपी ट्रैक्टर लेकर वहां से भाग निकले। वहीं दिनदहाड़े फायरिंग होने की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसने पुष्पेंद्र की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 125, 351(3) व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



### सरकारी भूमि से मिट्टी खोदते हैं आरोपी

सूत्रों की मानें तो आरोपियों द्वारा लंबे समय से सरकारी भूमि से मिट्टी व मुरम खोदकर खाली प्लॉटों का भराव किया जाता है। इसके लिए वह स्थानीय थाने के स्टाफ को पैसों के दम पर सेट करके रात के वक्त मिट्टी खोदते हैं। इस गोरखधंधे में उन्होंने मोटा पैसा भी कमाया है। फिलहाल उनके द्वारा क्षेत्र में ही 60 बीघा के सरकारी भूमि के टुकड़े से मिट्टी खनन कर- करके उसे खोखला किया जा रहा है।

**इनका कहना है**

ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद पर बदमाशों ने फायरिंग की है, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

**मदनमोहन मालवीय**
**टीआई, मुरार**

## पुलिस जांच में हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

# बिजनेस पार्टनर ने दिया धोखा युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बिजनेस पार्टनर के धोखा दिए जाने से आहत होकर युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। भितरवार थाना इलाके में घटित उक्त घटना में पुलिस द्वारा की गई जांच में यह खुलासा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

यहां बता दें कि भितरवार के वार्ड क्रमांक- 6 में रहने वाले कल्लू नामक युवक ने बीते मंगलवार की शाम आठ बजे के लगभग जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम करवाकर मर्ग कायम कर लिया था। मामले की विवेचना में स्पष्ट हुआ कि कल्लू ने पड़ोस में ही रहने वाले शकील खान पुत्र सफी खान के साथ पार्टनरशिप में टेंट हाउस का कारोबार शुरू किया था। शकील ने धोखाधड़ी करते हुए उसकी रकम हड़प ली थी। इसी से परेशान होकर कल्लू ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। उक्त जानकारी सामने आते ही पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



**मोबाइल से सामने आई हकीकत:** कल्लू की मौत के बाद उसके परिजनों ने जब उसका मोबाइल चेक किया, तो उसमें उसने सुसाइड नोट टाइप किया हुआ था। जिसमें लिखा था कि पार्टनर शकील द्वारा रकम हड़प लिए जाने से उस पर कर्ज हो गया है। इससे वह काफी परेशान है, और अब मौत के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है।

**इनका कहना है**

एक युवक ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया था। परिजनों ने उसका मोबाइल चेक किया, तो पता लगा कि बिजनेस पार्टनर की धोखाधड़ी से आहत होकर उसने यह कदम उठाया था। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अतुल सोलंकी**
**टीआई, भितरवार**

# दुकानों में सेंध लगाकर माल उड़ाने वाला नकबजन गिरफ्तार

### भितरवार- डबरा की आधा दर्जन चोरियों का खुलासा, पूछताछ जारी

**ग्वालियर।** भितरवार थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुकानों में सेंध लगाकर माल उड़ाने वाले शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है, जिससे भितरवार व डबरा क्षेत्र में हुई आधा दर्जन चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी से अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

दरअसल भितरवार थाने में बीती 27 जून को ग्राम मछरिया निवासी बृजेंद्र पचौरी ने शिकायत की थी, कि 26- 27 जून की दरमियानी रात भितरवार के वार्ड क्रमांक- 6 में स्थित उसकी किराने की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात नकबजन 10 हजार रुपए नगदी सहित राजश्री के तीन कट्टे तथा 20 पैकेट सिगरेट चोरी कर ले गया। इस पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया। वहीं जब यह चोरी की घटना एसपी धर्मवीर सिंह के संज्ञान में आई, तो उन्होंने रूरल एएसपी निरंजन शर्मा को उक्त चोरों की गिरफ्तारी करवाने के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में उन्होंने भितरवार एसडीओपी जितेंद्र नगाइच के मार्गदर्शन में भितरवार थाने की एक टीम को उक्त चोर की पतारसी में लगाया था। इसी बीच बीती रात पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 6 में स्थित तीन दुकानों में चोरी करने वाला आरोपी बामोडी तिराहे पर देखा गया है। इस पर पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उसके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। जिससे की गई पूछताछ में उसने अपना नाम करूआ उर्फ विजेंद्र रावत (25 वर्ष) निवासी करही थाना करैरा जिला शिवपुरी बताया है।



### इन चोरियों का हुआ खुलासा

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बीती 26- 27 जून की दरमियानी रात भितरवार के वार्ड क्रमांक- 6 में स्थित दुकान सहित 19- 20 अगस्त की दरमियानी रात वार्ड क्रमांक- 3 गोलेश्वर मंदिर के पास दुकानों में से 12 हजार रुपए नगदी एवं जनरल स्टोर का करीब पांच हजार रुपए का सामान चोरी करना स्वीकार लिया। इसके अलावा उसने डबरा में भी तीन चोरियां करना बताया है।

### पूना की जेल में हो चुका है बंद

पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक बेहद शातिर नकबजन है, जो पूर्व में पूना (महाराष्ट्र) में भी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। जिसमें पकड़े जाने पर वह वहां की जेल में बंद भी रहा था। उक्त आरोपी को पकड़ने में भितरवार टीआई अतुल सिह सोलंकी, एसआई चंद्रशेखर कुशवाह, एएसआई नारायण सिंह, संतोष कुमार, प्रधान आरक्षक रूपकिशोर यादव, आरक्षक गौरव सेंगर, धर्मेंद्र बघेल, पुष्पेंद्र रावत, जयवीर जाट, अशोक लोधी व दीपक विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## सीपी कॉलोनी में अवैध निर्माण रोकने के निर्देश

# कलेक्टर चौहान ने आयुक्त नगर निगम को पत्र के जरिए कार्रवाई करने को कहा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सीपी कॉलोनी स्थित शासकीय सड़क की भूमि (सर्वे क्रमांक-1191) पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को रोकने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त को पत्र जारी किया है। उन्होंने इस प्रकरण की जाँच संयुक्त जाँच दल गठित कर कराई थी। संयुक्त जाँच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन भी नगर निगम आयुक्त को उपलब्ध कराया गया है। संयुक्त जाँच दल ने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि नगर निगम के सहायक सिटी प्लानर द्वारा सीपी कॉलोनी में सर्वे क्र.-1200 रकबा 0.052 पर भवन निर्माण की जो स्वीकृति जारी की गई थी, वह संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश ग्वालियर द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप नही थी। साथ ही निर्माणकर्ता द्वारा स्वीकृत भवन निर्माण अनुज्ञा के अनुसार सर्वे क्र.-1200 रकबा 0.052 पर निर्माण नहीं किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम आयुक्त को लिखे पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि विधि अधिकारी नगर निगम द्वारा यह तथ्य संज्ञान में लाया गया है कि न्यायालय दशम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला ग्वालियर में इससे संबंधित प्रकरण प्रचलित है। इसलिए संयुक्त जाँच दल द्वारा प्रस्तुत जाँच रिपोर्ट के अनुसार वर्णित बिंदुओं पर न्यायालय दशम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला ग्वालियर द्वारा प्रचलित प्रकरणों में दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्रवाई करें और शासन का पक्ष न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए।

## सत्ता न्यूज | अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्टेडियम में होगी यह चैम्पिशनशिप

# ग्वालियर में होगा नेशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन

### आयुक्त निःशक्तजन रजक ने स्टेडियम पहुँचकर लिया तैयारियों का जायजा

**ग्वालियर।** नेशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन ग्वालियर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र (स्टेडियम) में होने जा रहा है। इस आयोजन की तैयारी के सिलसिले में आयुक्त निः शक्तजन संदीप रजक ने रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी के दिव्यांग खेल स्टेडियम का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग खेल परिसर में स्थित सभी कॉम्प्लेक्स, विभिन्न खेलों से संबंधित सुविधायें व उपकरणों की जानकारी ली। निःशक्तजन आयुक्त संदीप रजक ने अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं व अधोसंरचना की सराहना की। साथ ही कहा कि विभिन्न दिव्यांग क्लब से जुड़े दिव्यांगजनों को अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्पोर्ट्स में प्रशिक्षण दिलाएँ, जिससे देश के दिव्यांगजन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक हासिल कर सकें। अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग ट्रेनिंग सेंटर के अधिकारी भूपेन्द्र तोमर ने इस अवसर पर जानकारी दी कि यहां पर विश्व स्तरीय खेल सुविधायें उपलब्ध हैं। भविष्य में यहां से बहुत सारे पैरा ओलम्पिक चैम्पियन तैयार होंगे। निरीक्षण के दौरान इंटरनेशनल आर्म रेसलर एवं पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन आर्म रेसलिंग मनीष कुमार तथा अरविंद रजक, अजीत प्रजापति, राजेश शर्मा व संजीव कोटिया सहित अन्य आर्म रेसलर मौजूद थे।



## अलसुबह कैथोदा घाट पर तहसीलदार ने की छापामार कार्रवाई

# 10 पनडुब्बी करवाई नष्ट, रेत माफिया में मचा हड़कंप

**ग्वालियर।** डबरा तहसील के कैथोदा घाट पर अलसुबह स्थानीय तहसीलदार द्वारा अमले को साथ लेकर छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें 10 पनडुब्बियां नष्ट करवाई गईं। उक्त कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

नायब तहसीलदार अनिल नरवरिया ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी, कि कैथोदा घाट से अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रविवार सुबह पांच बजे के लगभग उक्त घाट पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान वहां पानी में से रेत निकालने के लिए लगाई गईं 10 पनडुब्बियों को नष्ट करवाया गया। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई की सूचना लीक हो जाने से माफिया व उनसे जुड़े लोग प्रशासनिक टीम के पहुंचने से पूर्व ही भाग निकले। जिससे मौके पर कोई भी नहीं मिल सका है।



### एसडीआरएफ की टीम रही साथ

चूंकि खनन माफिया द्वारा रेत निकालने के लिए पानी के भीतर पनडुब्बी लगाई गई हैं, जिससे कार्रवाई के दौरान एसडीआरएफ की टीम को भी साथ रखा गया। जिसने पानी के भीतर लगीं पनडुब्बियों को नष्ट करने में काफी सहायता की। वहीं तहसीलदार द्वारा की गई इस रेड की सूचना पाकर कुछ समय पश्चात माइनिंग विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

**इनका कहना है**

कैथोदा घाट से अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिल रही थी, जिससे रविवार अलसुबह यहां रेड की गई, जिसमें यहां लगी 10 पनडुब्बियां नष्ट करवाई गई हैं।

**अनिल नरवरिया**
**नायब तहसीलदार, डबरा**

## ब्रीफ न्यूज

### मेरे लिए मातृत्व से अधिक कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं: एंजेलिना

**लॉस एंजेलिस।** हाल ही में हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने कहा कि उनके लिए मातृत्व से अधिक कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। एक्ट्रेस जोली ने यह बात एक कार्यक्रम के दौरान अपने बच्चों के प्रति समर्पण के बारे में साझा की। जोरी के कुछ छह बच्चे हैं एंजेलिना जोली ने बताया कि उनका जीवन सिर्फ अपने बच्चों के लिए है और वे अपने बच्चों मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और जुड़वां नॉक्स और विवियन के साथ अपनी पूरी ऊर्जा और समय समर्पित करती हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके जीवन में कुछ ऐसा है जो दिवंगत ओपेरा गायिका मारिया कैलस के गायन के प्रति प्रेम से तुलना की जा सकती है, तो जोली ने अपने मातृत्व को प्राथमिकता देते हुए कहा, मेरा मातृत्व... यह मेरी खुशी है। आप मुझसे बाकी सब कुछ छीन सकते हैं... मेरे लिए बाकी कुछ भी मायने नहीं रखता।एंजेलिना जोली और उनके पूर्व पति ब्रैड पिट के छह बच्चे हैं।

### गंदे ईयर बड्स बेचकर कमा रही रोजाना 9 हजार रुपये

**लंदन।** कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर महिला लैटिशा जोन्स ने खुलासा किया कि वह गंदे ईयर बड्स बेचकर रोज़ाना करीब 9 हजार रुपये तक कमा लेती हैं। टिकटॉक पर लैटिशा ने इस अजीब धंधे के बारे में बताया। महिला का कहना है कि वह अपने कानों से इस्तेमाल किए गए ईयर बड्स इकट्ठा करती हैं। वह इन बड्स पर कान का वैक्स और गंदगी इकट्ठा करती हैं और फिर इन्हें सील बंद पन्नियों में पैक कर अपने ग्राहकों को भेज देती हैं। लैटिशा के अनुसार, उनके ग्राहक वही लोग होते हैं, जिन्हें ईयर वैक्स देखने, छूने या इससे जुड़ी किसी तरह की सनक से उत्तेजना मिलती है। यह एक प्रकार की फेटिश है, जिसे वह पूरी तरह से समझती हैं और इसका लाभ उठाती हैं।

### इजरायल-हिजबुल्लाह की जंग: भारतीय सेना के 600 जवान सहित 50 देशों के 10 हजार सैनिक हैं तैनात

**येरुशलम।** इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच जंग में ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक भी जारी है। इजरायली सेना ने दक्षिण लेबनान में सब कुछ तहस-नहस कर दिया। धीरे-धीरे इजरायली सेना आगे बढ़ रही है और ब्लू लाइन के पास के इलाकों में मौजूद हिजबुल्लाह के ठिकानों, हथियारों को एक-एक कर तबाह कर रही है। अब तो हालात ये हो चुके हैं कि इसकी चपेट में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षक के पोस्ट, इंस्टॉलेशन और यहां तक कि सैनिक भी जंग का शिकार हो रहे हैं। उस ब्लू लाइन पर भारतीय सेना के जवानों सहित दुनिया के 50 देशों के 10 हज़ार से ज़्यादा सैनिक तैनात हैं। यूएनआईएफआईएल के तहत ब्लू लाइन पर भारतीय सेना के 600 से ज्यादा सैनिक लेबनान में ऑपरेट कर रहे हैं। ये सैनिक दक्षिणी लेबनान के मरजायूं इलाके के पास तैनात हैं। फिलहाल भारतीय सेना बिल्कुल सुरक्षित है। डिप्टी आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने खुद इसकी तस्दीक की है। भारतीय सेना को संघर्ष वाले इलाके से बाहर निकालने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'भारतीय सेना यूएन मैंडेट के तहत वहां पर तैनात है और जैसा यूएन तय करेगा।



स्कॉटलैंड में लोग बर्फबारी के बीच ही क्रिस्मस बाजार खुलने का इंतजार करते हुए।

# प्याज ने दिलाई महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जीत

एजेंसी ■ नई दिल्ली


जून में हुए लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में बीजेपी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। तब किसानों की नाराजगी प्रमुख थी। खासकर पंजाब में विरोध प्रदर्शनों के चलते धारणा बदलना एनडीए सरकार के एजेंडे का हिस्सा था। पिछले पांच महीनों में बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र और महायुति के डबल इंजन की सरकार ने इन चिंताओं को दूर करने की कोशिश की। खासकर प्याज और सोयाबीन से जुड़े मुद्दों पर ध्यान दिया। इस बार गर्मियों में इन मुद्दों पर किसानों में काफी रोष देखने को मिला था।

आम चुनावों से पहले केंद्र ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के लिए मई तक इंतजार किया, लेकिन सितंबर की शुरुआत में केंद्र ने न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटाने का फैसला किया। साथ ही उसने प्याज का बड़ा भंडार बनाया। इस बार सीधे किसानों से 4.7 लाख टन प्याज खरीदी जबकि पिछले साल 3 लाख टन प्याज खरीदी थी। इस बार प्याज की खरीद 28 रुपए प्रति किलो की औसत कीमत पर की गई जो पिछले बार के 17 रुपए से 64 फीसदी ज्यादा है। इसी तरह, केंद्र में सत्ता में आने के कुछ दिनों के भीतर मोदी सरकार ने सोयाबीन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 6 फीसदी की वृद्धि की घोषणा की। मध्य प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश में सोयाबीन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। सोयाबीन की एमएसपी 4,892 रुपए प्रति क्विंटल है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय की गई जबकि ग्लोबल मार्केट में ज्यादा आपूर्ति के कारण बाजार की कीमतें एक दशक में सबसे निचले स्तर पर थीं। इसके अलावा कृषि मंत्रालय ने सरकारी एजेंसियों के जरिए महाराष्ट्र से उपज का एक चौथाई हिस्सा खरीदने का फैसला किया।

# रुस के हमलों से परेशान यूक्रेन अमेरिका से लगा रहा गुहार

## कभी यूक्रेन के पास भी थे न्यूक्लियर हथियार, अब दूसरों पर है निर्भर

एजेंसी ■ कीव



रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को एक हजार दिन पूरे हो चुके हैं और अब यह युद्ध नाजुक दौर में पहुंच गया है। दोनों ही देश एक दूसरे पर आक्रमण कर रहे हैं। दोनों ही बर्बादी का दंश झेल रहे हैं। इस बीच यूक्रेन ने बड़ा दावा करते हुए कहा है रूस ने यूक्रेनी शहर दिनप्रो पर गुरुवार को लंबी दूरी की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। यदि यूक्रेन का दावा सही निकलता है तो यह इतिहास में पहली बार होगा जब किसी देश ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मानी जाने वाली इस मिसाइल का इस्तेमाल किया है।

मास्को ने यूक्रेन के इन आरोपों को खारिज किया है। यह घटना तब हुई जब बाइडेन प्रशासन से इस्तेमाल की मंजूरी मिलने के बाद यूक्रेन ने रूस में छह अमेरिकी निर्मित लंबी दूरी की मिसाइलें दागीं। रूस ने इसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा खींची गई रेड लाइन को पार करना बताया है। दोनों देशों के बीच मौजूदा बढ़ते तनाव से परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ गया है। जिस तरह आज परमाणु युद्ध को लेकर वैश्विक परिस्थितियां बन रही हैं, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। ऐसे समय में विश्व में जहां कई देशों ने परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश की है और कुछ देश गुप्त रूप से ऐसा करने का प्रयास कर रहे हैं, यूक्रेन एक अपवाद के रूप में सामने आया है। बता दें यूक्रेन उन चार गणराज्यों में से एक था जहां सोवियत संघ ने रूस, बेलारूस और कजाकिस्तान के अलावा अपने परमाणु कार्यक्रम का विस्तार किया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ परमाणु हथियार ही नहीं, बल्कि उसके पास 176 आईसीबीएम मिसाइलें भी थीं जिनकी न्यूनतम मारक क्षमता 5,500 किमी तक थीं। इसके अलावा इसमें 10 थर्मोन्यूक्लियर बम भी थे, जो हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों से कई गुना अधिक शक्तिशाली थे। आज यूक्रेन के पास कोई परमाणु हथियार नहीं है, और यूक्रेन के एक वर्ग को इस फैसले पर अफसोस है क्योंकि उसे रूस से आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल यूक्रेन रूस से लड़ने के लिए अपनी सैन्य जरूरतों के लिए अमेरिका पर निर्भर है।

पूर्व परमाणु-बेस कमांडर और यूक्रेनी संसद सदस्य सहित कई शीर्ष अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन को कभी भी न्यूक्लियर लीड को नहीं छोड़ना चाहिए थी। यूक्रेन ने 1991 में स्वतंत्रता की घोषणा की और 1994 में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए, जो 1968 में परमाणु हथियारों के खिलाफ प्रमुख समझौता था। उस समझौते ने यूक्रेन की संप्रभुता की सुरक्षा की गारंटी दी और इसे बुडापेस्ट मेमोरेंडम के रूप में जाना जाता है। रूसी आक्रमण के बीच इस पर गरमागरम बहस हो रही है। 2 जून 1996 को जब अंतिम परमाणु हथियार रूस में पहुंचा तो यूक्रेन ने अपना परमाणु टैग खो दिया था।

### गाजा में नहीं थम रही इजरायल की बमबारी, 17 की मौत

**गाजा।** इजरायली बमबारी के परिणामस्वरूप हाल ही में गाजा पट्टी में कम से कम 17 फिलिस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित अल-जायतून में एक घर पर इजरायली एयर स्ट्राइक में तीन बच्चों समेत सात फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी के खान यूनिस में तीन घरों पर बमबारी की गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हुई, सहित बच्चों को भी शामिल किया गया था। इसके अलावा, गाजा के नुसेरात शिविर में एक अपार्टमेंट पर बम गिराया गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, वहीं गाजा पट्टी के खान यूनिस में तीन घरों पर बमबारी की गई जिसमें बच्चों सहित नौ लोग मारे गए जबकि गाजा के नुसेरात शिविर में एक अपार्टमेंट पर बम गिराए गए जिसमें एक शख्स की मौत हो गई।

# एलन मस्क बोले- हैरान हूं भारत ने 640 मिलियन वोटों की गिनती चंद ही घंटों में कर डाली



एजेंसी ■ वाशिंगटन

कैलिफोर्निया अमेरिका का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जहां लगभग 39 मिलियन निवासी रहते हैं। 5 नवंबर को हुए मतदान में कम से कम 16 मिलियन मतदाताओं ने भाग लिया। हालांकि, हाल के वर्षों में यह चुनाव परिणामों की गणना और रिपोर्ट करने में सबसे धीमे राज्यों में से एक रहा है। देरी मुख्य रूप से इसके विशाल आकार और मेल-इन वोटिंग के कारण है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, मतदान की घोषणा करने में कई सप्ताह लग सकते हैं, ऐसा ही कुछ 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हुआ था। कैलिफोर्निया के चुनाव मुख्य रूप से मेल-इन वोटिंग पर निर्भर करते हैं, जिसके लिए व्यक्तिगत मतदान की तुलना में प्रक्रिया करने में अधिक समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। एक्स पर लिखा, भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोटों की गिनती कर ली है, जबकि कैलिफोर्निया अभी भी वोटों की गिनती कर ही रहा है। मस्क ने ये टिप्पणी उस एक्स पोस्ट पर दी जिसका शीर्षक था कि भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोटों की गिनती की।

मस्क ने ऐसे ही एक दूसरी पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। उस पोस्ट में लिखा था कि भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोट गिने और कैलिफोर्निया 18 दिन बाद भी 15 मिलियन वोट नहीं गिन पाया है। इस पर मस्क ने लिखा- दुखद। खबरों की मानें तो राष्ट्रपति चुनाव संपन्न होने के 2 हफ्ते बाद भी कैलिफोर्निया में अभी भी 300,000 से अधिक मतों की गिनती होनी बाकी है। डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी चुनावों का विजेता घोषित किए हुए कई सप्ताह हो चुके हैं। ट्रंप अब जनवरी अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

# अमेरिका: 158 किमी की रफ्तार से चली आंधी ने मचाया कोहराम

## 6 लाख घरों की बिजली हुई गुल

एजेंसी ■ वॉशिंगटन



अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) ने ओरेगन तट पर 158 और वॉशिंगटन राज्य के माउंट रेनियर में 124 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने की सूचना दी। वॉशिंगटन राज्य में तूफ़ान से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और करीब 6,00,000 घरों में बिजली गुल हो गई। शुक्रवार शाम तक, वाशिंगटन राज्य और ओरेगन में 2,60,000 से ज्यादा जबकि कैलिफोर्निया में 92,000 से ज्यादा लोग बिना बिजली के रहे। ओरेगन में, वायुमंडलीय नदी ने तेज वर्षा की है। कुछ क्षेत्रों में 20 से 30 सेंटीमीटर वर्षा हो सकती है। एनडब्ल्यू ने शुक्रवार शाम तक ओरेगन के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। कैलिफोर्निया ने वायुमंडलीय नदी (पृथ्वी के वायुमंडल में नमी का एक संकीर्ण गलियारा) का प्रकोप महसूस किया, जहां गुरुवार तक कुछ क्षेत्रों में 15 से 30 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं, राज्य में मात्र 24 घंटों में लगभग 12 छोटे लैंडस्लाइड की सूचना मिली। अमेरिका में इस हफ्ते एक शक्तिशाली साइक्लोन 'बॉम्ब' ने दस्तक दी, जो देश में पिछले 10 सालों में आए सबसे खतरनाक चक्रवातों में से एक है। इसने अमेरिका में ऐसी तबाही मचाई कि पूरे देश में हाकार मच गया। 'बॉम्ब' साइक्लोन की वजह से तेज हवाएं, भारी बारिश और बर्फीला तूफान भी देखने को मिला। इतना ही नहीं, तूफान के कारण क्षेत्र में बिजली कटौती और पेड़ों के गिरने की कई घटनाएं भी हुई हैं। एक शक्तिशाली चक्रवात 'बम' और धीमी गति से बहने वाली वायुमंडलीय नदी ने इस सप्ताह अमेरिका के पश्चिमी तट पर तबाही मचाई। लाखों घरों में बिजली बंद पड़ गई और कम से कम दो लोगों की मौत हो गई।

### शियाओं ने सुन्नी मस्लिमों पर रात में बोला हमला, 47 को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत शिया और सुन्नी मुस्लिमों के बीच खूनी हिंसा बढ़ गई है। यहां के कुर्रम स्थित बागन बाजार में शिया और सुन्नी मुस्लिमों के बीच भारी हिंसा देखने को मिल रही है। जुमे की रात को शिया मुस्लिमों ने सुन्नी इलाकों में भारी हथियारों के साथ हमला बोल दिया। शिया मुस्लिमों ने सुन्नियों के घरों को जला दिया और कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया। पिछले दो दिनों की हिंसा में अब तक 47 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है।

बताया जा रहा है कि बीती रात ही 20 लोगों की मौत हो गई है। आलम यह है कि शिया मुस्लिमों ने पाकिस्तान के एक विशाल झंडे को भी उतारकर उसकी जगह पर अपना झंडा लहरा दिया। इस सांप्रदायिक हिंसा को देखते हुए पूरे इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है। कुर्रम के डेप्युटी कमिश्नर ने मरने वालों के आंकड़े की पुष्टि की है। इस हिंसा के बाद पूरे इलाके में भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है।



लेबनान में इजरायली हमले के बाद राहतकर्मी इलाके से मलबा हटकर इलाके को साफ करते हुए।

## तकनीकी

वैज्ञानिकों ने चिंता व्यक्त की ...

# तेजी से बदल रहा है पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र

एजेंसी ■ लंदन



हमारे ग्रह को सूर्य और अंतरिक्ष से आने वाली हानिकारक विकिरणों से बचाने वाला पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। इसको लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता व्यक्त की है। खासतौर पर उत्तरी चुंबकीय ध्रुव, जो अब तक कनाडा के ऊपर स्थित था, तेजी से रूस के साइबेरिया की ओर खिसक रहा है।

ब्रिटिश जियोलॉजिकल सर्वे (बीजीएस) के वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खिसकाव इंसानों और तकनीकी प्रणालियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 2040 तक कम्पास सच्चे उत्तर की बजाय पूर्व की ओर इंगित कर सकते हैं। इसके साथ ही, दक्षिणी चुंबकीय ध्रुव भी अंटार्कटिका के ऊपर पूर्व की ओर खिसक रहा है। पृथ्वी के बाहरी कोर में मौजूद पिघला हुआ लोहा अनियमित रूप से प्रवाहित होता है, जो चुंबकीय ध्रुवों में बदलाव का कारण बनता है। यह प्रक्रिया लाखों सालों में एक बार होती है। हालांकि, आखिरी बार यह बदलाव 780,000 साल पहले हुआ था, जिससे वैज्ञानिक मानते हैं कि अब यह परिवर्तन बहुत देर से हो रहा है। अगर पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र कमजोर हो जाता है या गायब हो जाता है, तो सौर पवन और हानिकारक विकिरण सीधे पृथ्वी की सतह तक पहुंच सकते हैं। इससे पर्यावरण, जीव-जंतुओं और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। विकिरण की बढ़ी हुई दर से कैंसर और कोशिकाओं में म्यूटेशन की संभावना बढ़ सकती है। ब्रिटिश और अमेरिकी वैज्ञानिक चुंबकीय क्षेत्र और ध्रुवों के खिसकने पर लगातार नजर रख रहे हैं। यह समझना जरूरी है कि यह बदलाव धीमा है, लेकिन इसके प्रभाव लंबे समय तक महसूस किए जा सकते हैं। वैज्ञानिक इस बदलाव के पीछे की प्रक्रिया को और बेहतर तरीके से समझने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि इसके प्रभावों को कम किया जा सके। वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तरी ध्रुव का खिसकना कोई नई बात नहीं है, लेकिन बीते कुछ दशकों में इसकी गति में अप्रत्याशित तेजी आई है। 1990 और 2005 के बीच, इसकी गति 15 किलोमीटर प्रतिवर्ष से बढ़कर 50-60 किलोमीटर प्रतिवर्ष हो गई। यह अब तक कनाडा से 2,250 किलोमीटर दूर साइबेरिया की ओर बढ़ चुका है। अगर यह गति जारी रही, तो अगले दशक में यह 660 किलोमीटर और आगे बढ़ सकता है। चुंबकीय उत्तरी ध्रुव का खिसकाव नेविगेशन सिस्टम, जैसे जीपीएस, विमान, पनडुब्बियों और स्मार्टफोन्स के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# बलि देने की सनक ऐसी कि अपने दोस्त और प्रेमिका को ही मार डाला

एजेंसी ■ टेक्सास

यहां एक अजीबो गरीब मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति को अचानक मानव बलि देने का जुनून सवार हुआ।

उसने सबसे पहले अपनी ही रुममेट दोस्त की हत्या की और उसके गुर्दे निकालकर खा गया। इसके बाद भी उसका मन नहीं भरा तो अपनी खुद की प्रेमिका को फोन करके बुलाया और उसे भी मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसके कई अंग निकाले और चबा चबाकर खा गया। पुलिस की गिरफ्त में आए थॉर्नबर्ग ने अब तक तीन लोगों की हत्या करना स्वीकारा है।खबरों के मुताबिक सितंबर 2021 में थॉर्नबर्ग ने तीन लोगों की हत्या की, उनके शरीर के टुकड़े किए और उन्हें टेक्सास के यूलेस में एक मोटल में अपने बिस्तर के नीचे रख दिया। इससे बाद उसने फोर्ट वर्थ में एक डंपस्टर के अंदर शवों को आग लगा दी।

थॉर्नबर्ग ने जांचकर्ताओं के सामने कबूल किया कि उसे अनुष्ठान बलिदान करने की मजबूरी महसूस हुई और उसने एक पीड़ित का दिल और पीड़ितों के शरीर के अन्य हिस्से खा लिए। उसके वकीलों ने तर्क दिया कि जब उसने हत्याएं कीं तो वह पागल था और गंभीर मानसिक बीमारी से पीड़ित था।

# चुनाव नतीजों से उत्साहित प्रधानमंत्री के मन की बात...

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे भारतीय जनता पार्टी के लिए खुशहाली का संदेश लेकर आए हैं। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी खासे खुश नजर आ रहे हैं। ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि सालों की मेहनत के बाद पिछले पांच माह की सियासी जमावट ने अपना खेला जो कर दिखाया है। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को एक चरण में हुए मतदान के परिणाम 23 नवंबर को घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच था। महायुति जिसमें भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल रहे जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) शामिल थे। चुनाव नतीजों के मुताबिक महायुति को 230 सीटों पर जीत हासिल हुई जो कि पूर्ण बहुमत वाले जादुई आंकड़े से बहुत ज्यादा है। दूसरी तरफ महाविकास अघाड़ी को महज 48 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। दूसरी तरफ झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों की बात करें तो यहां पर इंडिया गठबंधन को कुल 81 सीटों में से 56 सीटों पर जीत हासिल हुई है, जबकि एनडीए गठबंधन को महज 24 सीटों से संतोष करना पड़ा है। इस स्थिति में यदि झारखंड नतीजों पर ज्यादा ध्यान न दें तो भाजपा के लिए यह समय हर हाल में बल्ले-बल्ले करने जैसा है। महाराष्ट्र चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री मोदी आनंदित हैं, जिसकी झलक उनके पसंदीदा रेडियो कार्यक्रम मन की बात में दिखी है। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 116वें एपिसोड में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, एनसीसी दिवस, गयाना यात्रा, लाइब्रेरी आदि अनेक विषयों पर देश की आमजनता के समक्ष अपनी बात रखी। ऑन लाइन फ्रॉड और डिजिटली अरेस्ट जैसे मामलों को लेकर वो खासे गंभीर दिखे हैं। ऐसे में वो कह सके हैं कि हमें लोगों को बार-बार यह समझाना होगा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान सरकार में है ही नहीं। इससे पहले 115वें एपिसोड में जब उन्होंने मन की बात की थी तो डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के उपाय बताए थे और लोगों को जागरुक करने की सलाह दी थी, लेकिन इस बार उन्होंने देश को स्पष्ट संदेश दे दिया कि डिजिटली अरेस्ट जैसा कुछ भी



शासन-प्रशासन में कोई प्रावधान ही नहीं है, जिसके नाम पर ठग जाल में फंसा लोगों से अच्छी खासी रकम ऐंठ लेते हैं। देश में ऑन लाइन फ्रॉड एक बड़ी समस्या बन चुकी है। आए दिन इसकी शिकायतें होती हैं, लेकिन मसले का हल ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हो रहा है। इसके लिए वाकई ऐसे युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है जो इस फील्ड में मास्टरी रखते हैं और जो ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ भी हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे युवाओं को सरकार रोजगार देने और उनके बेहतर भविष्य के लिए क्या करने जा रही है, क्योंकि बेहतर कार्य करने के लिए आर्थिक रुप से सक्षम होना भी जरुरी होता है।



▪ आलोक एम इन्दौरिया

# मोहन यादव क्या हिंदुत्व के नए ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जिस तरह से हिंदुत्व की धारा को न केवल पुष्पित और पल्लवित कर रहे हैं बल्कि जिस तेजी से उसे आगे बढ़ा रहे हैं उसके चलते राजनीतिक वीथिकाओं में इस बात को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है की क्या मध्यप्रदेश के मोहन भाजपा में हिंदुत्व के नए ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं या फिर मोहन के हिंदुत्व के मायने क्या है? इसको लेकर जहां कांग्रेसी कबीले में हलचल है तो वहीं भाजपा के अंतपुर में उनके शुभचिंतक ? मोहन के इस रूप को देखकर हैरान हैं।

मध्य प्रदेश को संघ की सबसे पुरानी प्रयोगशाला का खिताब मिला हुआ है और हिंदूवादी विचारधारा इस प्रदेश के गठन से ही यहां जन्म ले चुकी थी। मध्य प्रदेश में इसके जन्म से ही तीन हिन्दुत्व विचार धारा वाले संगठन पूरी तरह से कम कर रहे थे जो थे हिंदू महासभा ,रामराज परिषद और भारतीय जन संघ। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश की नागपुर से भौगोलिक निकटता के चलते संघ भी अपना काम और विस्तार तेजी से कर रहा था। पहले रामराज परिषद, हिंदू महासभा और जनसंघ एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते थे । कालांतर में हिन्दू महासभा और रामराज परिषद का अस्तित्व प्रदेश से विलुप्त हो गया और हिन्दू हितों की पैरोकार एक मात्र जनसंघ ही बची थी जो अब भाजपा कहलाती है।

मप्र मैं भाजपा धीरे-धीरे अपना काम काम का प्रसार करती रही जिसमें संघ की अपरोक्ष मदद कहीं ना कहीं चट्टान बन के खड़ी थी।सन 1990 के विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा को बंपर बहुमत हासिल हुआ और उसके प्रत्याशियों की जीत का आंकड़ा 82व तक पहुंच गया। इस के बाद भाजपा और संघ को अपने हिंदुत्व के एजेंडे का विस्तार करने का अवसर मिला और भाजपा तथा उससे जुड़े कई सम विचारधारा वाले हिंदूवादी संगठनों को गांव गांव तक अपनी पेठ जमाने में भारी मदद मिल गई। 1993 में कांग्रेस ने पुनः सत्ता तो हासिल कर ली मगर आश्चर्य की बात है कि उसका एक भी अल्पसंख्यक नेता विधायक बनकर विधानसभा की चौखट तक नहीं पहुंच सका ।

2003 में उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई तो उसका एक प्रमुख कारण भगवा ही रहा। उमा कम समय के लिए मुख्यमंत्री रही लेकिन वे हिंदुत्व की पैरोकार रहीं। इसके बाद शिवराज को सॉफ्ट लीडर माना जाता था अतः उन्होंने समभाव से काम किया और उनके कार्यकाल में यदा-कदा इफ्तार पार्टियों भी आयोजित होती रही। मगर 2018 की हार के बाद भाजपा के रवैये में परिवर्तन आया और इसके बाद आई शिवराज सरकार ने अपनी धारा बदल ली और वे योगी आदित्यनाथ के पद चिन्हों पर चलने लगे और बुल्डोजर के साथ उन्होंने भी हिंदुत्व को पकड़ा।

इसके बाद मोहन यादव ने पदभार संभाला और शपथ लेने के बाद ही खुले में मांस बिक्री और लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध के आदेश से उन्होंने जाहिर कर दिया कि उनका रास्ता क्या है ? दरअसल मोहन यादव खांटी संघी हैं



और संघ के स्वयंसेवक के साथ-साथ विद्यार्थी परिषद को खड़ा करने में उनकी अहम भूमिका रही है। अब जाहिर सी बात है कि संघ के जो संस्कार हैं वह सरकार चलाने में भी कहीं ना कहीं प्रस्फुटित होंगे ही ।उच्च शिक्षा मंत्री रहने के दौरान उन्होंने हिंदू धर्म ग्रंथो को पढ़ाई जाने की वकालत की और इस और उन्होंने ठोस प्रयास भी किया। यानी कैबिनेट मंत्री रहते भी वे संघ की लाइन पर ही चलते रहे।शिवराज ने अपने आप को सोशल सेक्टर में फोकस किया था मगर मोहन इसकी उलट हिंदुत्व के एजेंट पर ही पहले दिन से चल रहे हैं क्योंकि उनका राजनीतिक जीवन संघ की शाखा से शुरू हुआ तो जाहिर है उनके काम में संघ की झलक सीधी दिखाई दे रही है?। मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार जन्माष्टमी का पर्व सरकारी स्कूलों में मनाया गया और यह एक संकेत था की उनकी धारा क्या है। चित्रकूट से लेकर उज्जैन तक के तीर्थ स्थान पर उनके संभावित योजनाएं और उन पर भविष्य में होने वाले कार्य भी इसी परिपेक्ष में समाहित है। बेहद आश्चर्य का विषय तो यह है की दशहरे पर पहली बार शस्त्र पूजन सरकारी स्तर पर देखने में आया जबकि शस्त्र पूजन की परंपरा प्रारंभ से ही संघ में रही है?। पहली बार दशहरे पर मंत्री और स्थानीय विधायकों ने स्थानीय पुलिस लाइनों में शस्त्र पूजा के अवसर पर जाकर पूजन में भाग लिया ।और अगले ही दिन यह देशव्यापी बड़ी खबर इसलिए बनी क्योंकि मध्यप्रदेश के सभी मंत्री और भाजपा विधायकों ने इस तरह से पहली बार शस्त्र पूजा की ।इसी तरह से गौ संवर्धन के लिए गौ अभ्यारण बनाने यह योजनाएं भी प्रचलन में आई जो कहीं ना कहीं मोहन और मोहन सरकार के हिंदुत्ववादी चेहरे को रेखांकित करती है। इंदौर में दिवाली के अवसर पर पटाखे फोड़ने के मामले पर दो संप्रदाय में हुए झगड़े पर उनका सीधा बयान था कि हिंदू किसी को डरता नहीं है हिंदू किसी को छेड़ता भी नहीं है लेकिन यदि हमें कोई छेड़े तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं यह बात उन्होंने इंदौर विधानसभा तीन के कार्यकर्ताओं को चिवन बाग ग्राउंड में दीपावली मिलन समारोह में संबोधित करते हुए कही थी। उन्होंने यह भी कहा था की सरकार सभी धर्म को सम्मान करती है और साथ लेकर चलती है लेकिन हिंदू समाज को कोई कैसे पटाखे फोड़ने से रोक सकता है। बरहाल मध्य प्रदेश के मोहन सीएम योगी आदित्यनाथ और हेमंत सरमा के बाद तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में हिंदुत्व के नए ब्रांड एंबेसडर बहुत तेजी से उभरे हैं इसमें कोई शक नहीं है ।उप्र के योगी और असम के हेमंत का कार्यकाल लंबा रहा है जिसके चलते उनके तीखे हिंदूवादी विचारों के कारण उन्हें सारे देश में जाना जाता है। मगर एक साल से भी कम समय के मुख्यमंत्री मोहन यादव अब इस दौड़ में पीछे नहीं है और हिंदुत्व ब्रांड में उनकी स्वीकारिता भी धीरे-धीरे मध्य प्रदेश में किये जा रहे हैं उनके ऐसे कामों के चलते देशव्यापी होती जा रही है। शायद यही कारण है की महाराष्ट्र के चुनाव में उन्हें बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहां भी उन्होंने प्रखर हिन्दुत्व की धारा को ही अपने भाषणों में आधार बनाकर अपने संभावित इरादे जाहिर कर ये बता दिया है कि वे योगी और हेमंत की कतार में न केवल खड़े हैं बल्कि उनकी लकीर के समकक्ष आने का भारी प्रयास कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक है)**

# चिंताजनक है महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा

प्रतिवर्ष 25 नवम्बर को महिलाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के विरूद्ध हिंसा रोकने के ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तीन बहनों पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल द्वारा डोमिनिक शासक रैफेल ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किए जाने पर उस क्रूर शासक के आदेश पर 25 नवम्बर 1960 को उन तीनों की हत्या कर दी गई थी। वर्ष 1981 से उस दिन को महिला अधिकारों के समर्थक और कार्यकर्ता उन्हीं तीनों बहनों की मृत्यु की पुण्यतिथि के रूप में मनाते आए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 17 दिसम्बर 1999 को एकमत से हर साल 25 नवम्बर का दिन ही महिलाओं के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने के लिए निर्धारित किया गया। सरकारों, निजी क्षेत्र और प्रबुद्ध समाज से यौन हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि महिलाओं के प्रति हिंसा विश्व में सबसे भयंकर, निरन्तर और व्यापक मानव अधिकार उल्लंघनों में शामिल है, जिसका दंश विश्व में हर तीन में से एक महिला को भोगना पड़ता है।



महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र महिला' का गठन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। महिलाओं को हिंसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के अधिकार को बाधित करता है, उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित करता है। इससे आर्थिक सुधार और सतत विकास में खलल पड़ता है।

योगेश कुमार गोयल

भारत के संदर्भ में महिला हिंसा को लेकर आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति काफी चिंताजनक है। हालांकि 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, यौन हिंसा रोकने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उसके बाद लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे किन्तु विड़म्बना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड और उसके बाद के वर्षों में सामने आ चुके महिला अपराधों के कई अन्य जघन्य मामलों के बाद भी हालात यह हैं कि कोई दिन ऐसा नहीं बीतता, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम पुलिस-प्रशासन को कोसते हुए संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालकर या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन कर रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा महिला हिंसा की छोटी-बड़ी घटनाएं तो बदस्तूर होती ही रहती हैं। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है।

प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कोलकाता की महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और नृशंस हत्या का मामला हो या हैदराबाद की बेटी दिशा का या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि तमाम सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त करने के साथ ऐसे अपराधों के लिए प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें और ऐसे मामलों में कोताही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

## राजकाज



### अडानी पर सिर्फ भाजपा और मोदी से सवाल क्यों

गौतम अडानी इस समय विश्व स्तर के कारोबारी के रूप में चर्चाओं में बने हुए हैं। भारत का जो अडानी गेट कांड है। उसकी चर्चा भारत में वैसी नहीं हो रही है। जैसी होनी चाहिए थी। अडानी ने भारत में रिश्वत बांटी। जांच अमेरिका में हुई, जांच के बाद अमेरिका की कोर्ट में चार्ज सीट पेश हो गई है। गिरफ्तारी वारंट भी गौतम अडानी और उनके भतीजे के नाम जारी हो गया है। लेकिन भारत में अडानी को लेकर मोदी और भाजपा से सवाल पूछे जा रहे हैं। ईडी,सीबीआई, सेबी जैसी जांच एजेंसियों से कोई सवाल नहीं कर रहा है। विपक्ष की राज्य सरकारों को लेकर भी कोई सवाल नहीं कर रहा है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से कुछ सवाल करना ही बेमानी है। मोदी और भाजपा को ही क्यों निशाने पर लिया जा रहा है। इसी को भाजपा साजिश बताकर बचने का प्रयास कर रही है। अब भाजपा और मोदी, अडानी से बच पाते हैं,या नहीं। इसका पता तो भविष्य में ही लगेगा।

### गहलोत,जेल जाने से बचने के लिए, आपको छोड़कर भाजपा में गए

आम आदमी पार्टी के नेता, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर यह बताने की कोशिश की है। उनके लिए मंत्रीपद का कोई महत्व नहीं था। वह केंद्र सरकार के विरोध करने पर केजरीवाल से नाराज थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है। जब तक वह आम आदमी पार्टी में थे। तब तक वह ईमानदार थे। जैसे ही वह भाजपा में गए, उन पर बेईमान होने के आरोप लगने लगे। पिछले 7 साल से वह केजरीवाल सरकार में मंत्री थे। उन पर आरोप लगाया गया है, उनको ईडी ने समन जारी किया था। उसके बाद से वह भाजपा के संपर्क में थे। उन्होंने ईड़ी और सीबीआई की दहशत में आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की है। आम आदमी पार्टी के नेता अब उन्हें बेईमान बताने से नहीं चूक रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है। वह भ्रष्ट नहीं होते, तो वह आम आदमी पार्टी छोड़कर नहीं जाते। आम आदमी पार्टी के नेता यह भी कह रहे हैं। उनके ऊपर लगातार भाजपा का दबाव बना हुआ था। कुछ महीने बाद ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में जेल जाने से बचने के लिए वह भाजपा में चले गए। इसके अलावा अब उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था।

### मोदी के आत्मविश्वास के मुकाबले दुनिया मे अन्य कोई नेता नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख सारे विश्व में, विश्व गुरु के रूप में पहचान बनी है। उनके मुकाबले और कोई अन्य नेता सारी दुनिया में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मविश्वास का मुकाबला दुनिया का कोई भी नेता नहीं कर सकता है। 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने 2029 के लोकसभा चुनाव को जीतने की तैयारी शुरू कर दी है। यह अलग बात है,कि पार्टी के अंदर और बाहर उनकी 75 वर्ष की उम्र पूरी होने पर इस्तीफा देने की मांग की जा रही है। बिना विचलित हुए उन्होंने 2029 की तैयारी शुरू कर दी है। 75 साल का नियम उन्होंने ही बनाया था।

## फीचर



# बच्चों को जिम्मेदार भी बनाते हैं पेट्स

आजकल एकल परिवार हैं। ऐसे में बढ़ती महंगाई और खर्चों के कारण अब माता-पिता दोनों काम करते हैं और इस कारण उन्हें ज्यादातर समय घर से बाहर ही रहना पड़ता है। ऐसे में देखा गया है कि बच्चे, विशेषकर अकेला बच्चा, खुद को अकेला और उपेक्षित महसूस करता है।

ज्यादातर मामलों में अभिभावक अपने बच्चों के साथी के तौर पर पालतू जानवरों पसंदीदा (पेट्स) को रखते हैं।

एक पालतू जानवर बच्चे के भाई-दोस्त या परिवार के सदस्य की जगह नहीं ले सकता, पर यह बच्चे के खालीपन को जरूर भर सकता है। जब बच्चा किसी पेट के साथ बड़ा होता है, तो वह कई चीजें सीखता है।

ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को मजबूत बनना सिखाते हैं। लेकिन जब एक बच्चा घर में किसी पेट के साथ बड़ा होता है तो वह ज्यादा संवेदनशील होना सीखता है। वह इनके बीमार होने पर दर्द समझता है।

पेट्स के साथ वक्त बिताने का एक अन्य फायदा यह होता है कि बच्चे ज्यादा सतर्क रहना सीख जाते हैं। वह जान जाते हैं कि कब उसे भूख लगी है।

पालतू जानवरों की देखभाल करते वक्त केयरिंग, संवेदनशील और चौकन्ना रहने की जरूरत होती है और पेट्स के साथ वक्त बिताते हुए बच्चे कम उम्र में ही इन खूबियों को अपने अंदर ढाल लेते हैं।


पेट्स के साथ बड़े होने का एक अन्य फायदा है कि इससे बच्चे जिम्मेदार बनना सीखते हैं।

पेट्स का साथ बच्चों को जिम्मेदार बनना सिखाता है क्योंकि वह अपने प्यारे पेट की सभी जरूरतों का ख्याल रखते हैं। यदि बच्चे को उसके पेट्स के खाने, घुमाने और डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने जैसी जिम्मेदारी दे दी जाएं, तो वह अपने काम को सही तरीके से अंजाम देते हैं। बच्चों को जिंदगी और मौत की अवधारणा के बारे में समझाना बहुत मुश्किल होता है। पेट्स के साथ रखकर उन्हें जिंदगी और मौत के चक्र के बारे में बताया जा सकता है।

## प्रेरणा

# ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों
एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?
महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?
वह बोला- नहीं जानता।
तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?



अत- अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

## अपनी बात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा कि लगभग साढ़े बारह करोड़ की लागत से बने इस अत्याधुनिक अस्पताल 'स्वस्ति' में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पुलिस विभाग के वित्तीय प्रबंधन और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल को देखकर लगता है कि इसकी लागत और अधिक होनी चाहिए थी। कार्यक्रम के शुरू में पुलिसकर्मियों की बेटियों ने मुख्यमंत्री का तिलक लगाकर स्वागत किया।



मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में काम करने वाली इकाइयों को केंद्र के साथ राज्य सरकार भी विशेष अनुदान मुहैया कराती है।

## ब्रीफ न्यूज

### जमीनी विवाद में की गई मारपीट, मामला दर्ज

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत ग्राम सावतखेड़ी में जमीनी विवाद में दो लोगों ने एक के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजकुमार पुत्र फूलसिह अहिरवार ने भाई राहुल एवं पिता फूलसिह के साथ पुलिव को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह नहर का पानी अपने खेत में देने के लिये बरहा साफ किया था। गत सुबह वह अपने खेत पर पानी देने गया तो देखा कि मुन्नालाल और कमलेश ने बरहा को मिट्टी से पूर दिया। जिस पर उन्होंने कहा कि मेरा बरहा क्यो पूरा है। इसी बात पर मुन्नालाल और कमलेश ने लाठी-डंडे और फावडा से मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गए। बीच बचाव करने आए उनके भाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### नगरीय निकाय के लिए मदन सिंह ठाकुर को किया प्रेक्षक नियुक्त, मोबाइल नंबर 6260716260 पर संपर्क करें

**गुना।** जिले में नगरीय निकाय के उप निर्वाचन के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा श्री मदन सिंह ठाकुर को गुना जिले के लिये प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक 23 नवंबर को गुना जिले में उपस्थित हो गये है। वह 28 नवंबर तक गुना सर्किट हाउस के कुनो कक्ष में निवासरत हैं। उप निर्वाचन के संबंध में कोई भी व्यक्ति प्रेक्षक श्री मदन सिंह ठाकुर से प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक संपर्क कर सकते हैं, इनका मोबाईल नंबर 6260716260 है।

### 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा ''हम होंगे कामयाब'' अभियान

**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान ''हम होंगे कामयाब'' 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। उक्त जागरूकता अभियान के 16 दिवसों में राज्य, जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें युवाओं के साथ जेंडर आधारित हिंसा पर संवाद, बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी और बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता अभियान, पॉस्को अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह अधिनियमों का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर (112), महिला हेल्पलाइन नंबर (1098), साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन (1930) की पोस्टर बैनर के माध्यम से समस्त शैक्षणिक संस्थानों, समुदाय और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रदर्शनी आयोजित कर आमजनों का जागरूक किया जायेगा। अभियान के अंत में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। विभिन्न शासकीय विभाग, स्वयंसेवी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ अभियान में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाना है।

# लाल परेड पर हुआ एनसीसी डे का आयोजन



सत्ता सुधार ■ गुना

35 एमपीबीएन एनसीसी बटालियन शिवपुरी के कमान अधिकारी ब्रिगेडियल सुदीलो घोष, ले. कर्नल धर्मवीर सिंह व सूबेदार केप्टन जयराम जाट के निर्देशन में एनसीसी की सभी इकाईयों द्वारा संयुक्त रुप से एनसीसी डे विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रविवार सुबह स्थानीय लाल परेड मैदान पर अतिथियों डॉ. प्रभात चौधरी एवं आरआई पुलिस लाइन पूजा उपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण कर एनसीसी डे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाद सभी एनसीसी कैडेटों ने मार्च पास्ट करते हुए ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात लाल परेड मैदान पर स्थित शहीद स्मारक स्थल व इसके आसपास सभी कैडेटों ने श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया, साथ ही स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी इकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रैली को अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली लाल परेड मैदान से शुरु होकर कैंट, सदर बाजार, अशोकनगर रोड व कैट पुलिस थाना होते हुए उक्त इलाके में संचालित आनंद धाम पर पहुंचकर समाप्त हुई। जहां रह रहे सभी बुजुर्गो को एनसीसी कैटेडों द्वारा फलों का वितरण करते हुए उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय गुना के एनसीसी अधिकारी लालकृष्ण शर्मा ने सभी कैडेटों को वृद्धजन सेवा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केप्टन मनोज कुमार भिरोरिया ने सभी कैडेटों को वृद्धजनों की सेवा व उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन दिया। इसके बाद यह रैली स्थानीय पीजी कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुई, जहां एनसीसी गान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैंट बालक हायर सेंकेंडरी स्कूल के एनसीसी अधिकारी यशवंत शर्मा ने किया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी संजय झा, सीनियर अफसर प्रखर नामदेव, अंडर अफसर हर्षप्रताप सिंह, सीक्यूएमएस सोहानी जाट, सार्जेंट आदित्य, नीरज शाक्य, समीर खान सहित विभिन्न विद्यालयों के कैडेट्स उपलब्ध रहे।

# प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंदश शर्मा ने बूथ क्रमांक 73 पर सुनी मन की बात

## संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने बूथ अध्यक्ष एवं बूथ इकाई का किया सम्मान



सत्ता सुधार ■ गुना

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने रविवार को गुना जिले के नगर मण्डल में बूढ़े बालाजी स्थित बूथ क्र. 73 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 116 वें मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री शर्मा का रविवार को एक दिवसीय गुना प्रवास रहा। कार्यक्रम के दौरान श्री शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, बूथ अध्यक्ष विनोद लोधा सहित प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष गण एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ इकाई के साथ आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 116 वीं मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। मन की बात कार्यक्रम पश्चात प्रदेश संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन कर बूथ की टीम के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन का मूल उद्देश्य भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण बूथ इकाई को मजबूत करना तथा उसकी टीम को भारतीय जनता पार्टी के होने वाले सभी कार्यक्रमों में सीधे तौर से जोड़ना तथा संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के संगठन को विस्तार देने का कार्य करने के लिए सक्षम बनाना भाजपा की टीम का मूल काम है।

### बूथ जीता चुनाव जीताः शर्मा

इसी के साथ ही संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। साथ ही श्री शर्मा ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने अपनी आईडी से बूथ पर 50 से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाएं उन कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर उनको अपने घर पर बुलाएं ओर उनका सम्मान करे। साथ ही श्री शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि पिछले तीन माह में जिन कार्यकर्ताओं अपने अपने बूथ पर मन की बात सुनी है, वह सोशल मीडिया पर प्रचारित करे। उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र को आगे और अधिक मजबूत बनाकर कार्य करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की अपनी एक रणनीति है, जिसे हम निरंतर आगे बढ़ाएंगे इस रणनीति में मंडल के शक्ति केंद्र बूथ समिति सबसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाली इकाई रहेगी।

## ब्लेक में बिक रही थी खाद

# रुठियाई पुलिस ने गाड़ी सहित आधा सैकड़ा के करीब खाद कट्टे किए बरामद

सत्ता सुधार ■ गुना



जिले के धरनावदा थानांतर्गत ब्लेक में बिक रही खाद पर पुलिस ने कार्रवाई कर एक गाड़ी सहित आधा सैकड़ा के करीब खाद के कट्टे बरामद किए हैं। मामले में पुलिस ने कृषि विभाग, पटवारी की शिकायत पर आरोपी दुकानदार एवं वाहन चालक पर आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक गुण नियंत्रण की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी रूठियाई पर सूचना मिली थी कि जैन कृषि सेवा केन्द्र धरनावदा द्वारा कल गत दिवस डीएपी उर्वरक 43 बैगं पीओएस मशीन पर बिना अंगूठा लगाये वितरण किए जा रहे हैं, जो वाहन क्रमांक एमपी 08 जीएस 1942 से जा रहे थे। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी पेट्रोल पंप के पास धरनावदा में पकड़ी और गाडी पुलिस थाना धरनावदा लेकर गये। थाना पर रात में मेसर्स जैन कृषि सेवा केन्द्र के मालिक प्रो अंकित जैन को फोन पर बुलवाया गया, लेकिन श्री जैन नहीं पहुंचे।

जिस पर अगले दिन पुलिस चौकी रूठियाई पर तहसीलदार राघौगढ़, नायब तहसीलदार राघौगढ, अनुविभागीय कृषि अधिकारी राघौगढ़, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राघौगढ़ की उपस्थिति में मामला दर्ज हुआ। इस दौरान प्रो अंकित जैन भी पुलिस चौकी रूठियाई पहुंचे। यहां शुरूआत जांच में श्री जैन द्वारा 43 बैग डीएपी कल बेचना पाया, उनकी रसीद कट्टे से 22 नवंबर को रसीद काटी गई है। वहीं पीओएस रसीद 23 नवंबर 24 की है, जो पुलिस द्वारा डीएपी पकड़ी गई है। उक्त डीएपी को ही पुलिस ने वाहन मालिक मुस्तकीन खान पुत्र जाकिर खान निवासी लक्ष्मणपुरा धरनावदा से जप्त की है। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा बनाया गया। वहीं फरियादी संतोष कुमार शर्मा पुत्र नेतराम शर्मा उर्वरक गुण निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड राघौगढ़, अरुण पाटीदार अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनुभाग राघौगढ़ एवं जयप्रकाश शिवहरे कृषि विस्तार अधिकारी एसएडीओ की शिकायत पर दुकान मालिक अंकित जैन ग्राम धरनावदा एवं वाहन मालिक मुस्तकीन खान पुत्र जाकिर खान के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 की धारा 35 के तहत मामला दर्ज कर गाड़ी को धरनावदा थाने में रखवाया गया है।

# संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

## 700 प्रविष्टियों वाली पत्रिका का हुआ विमोचन




सत्ता सुधार ■ गुना

संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में 19 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लगभग 300 नवयुवकों और 180 युवतियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान समाज के लिए विशेष महत्व रखने वाली एक पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसमें लगभग 700 प्रविष्टियां प्रकाशित की गई हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भोपाल से मुख्य अतिथि पंडित बृजेश व्यास और दीपाली तिवारी, तथा पन्ना से रवि व्यास ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संभागीय अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि यह गुना जिले में ब्राह्मण समाज का अब तक का सबसे बड़ा परिचय सम्मेलन है। आयोजन के लिए बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए ठहरने और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न 18 जिलों से समाज के लोग शामिल हुए। यह सम्मेलन ब्राह्मण समाज के युवाओं के बीच परिचय और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट प्रयास है।

## प्रदेश संगठन महामंत्री शर्मा सम्मिलित हुए बूथ अध्यक्ष की अभिनन्दन यात्रा में



**गुना।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने राघौगढ़ विधानसभा के ग्राम आवन के बूथ क्रमांक 100 पर पहुंचकर बूथ अध्यक्ष हीरालाल लोधा का शाल श्रीफल एवं साफा बांधकर सम्मान किया। इस दौरान उन्हें घोड़े पर बिठाकर आवन ग्राम में अभिनंदन यात्रा निकाली। इस यात्रा में ग्रामीणों ने बूथ अध्यक्ष की यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, जिला उपाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह बना, राघौगढ़ मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा, कैलाश शिवहरे, मोहित नामदेव, प्रबल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में आवन ग्राम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिविर

## वहीं शेष रोगियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया

# मारकीमहू में लगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले बमोरी क्षेत्र के ग्राम मारकी महू में रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच व भर्ती शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दो दर्जन के करीब नेत्र रोगियों को चिन्हित कर गुना स्थित लॉयंस नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। जहां इन सभी के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र विशेषज्ञों द्वारा किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार लॉयंस नेत्र चिकित्सालय गुना व सेवा भारती मारकी महू शाखा के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम मारकी महू के अस्पताल में आयोजित शिविर का शुभारंभ जगदीश अग्रवाल, सरपंच श्री राठौर व मनोज मंगल आदि द्वारा पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद विधिवत रुप से शुरु हुए शिविर में लॉयंस नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा 105 से अधिक रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उपचार सलाह दी गई। इस दौरान 24 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर निःशुल्क वाहन सेवा से लॉयंस नेत्र चिकित्सालय गुना भेजा गया, वहीं शेष रोगियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

### नेत्र परीक्षण शिविर आज

वहीं जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति गुना के तत्वाधान में लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा स्व. विद्यावति देवी, स्व. पूरनचंद जैन वरिष्ठ अभिभाषक की पुण्य स्मृति में 25 नवंबर को नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लायंस नेत्र चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा। शिविर के आयोजक गरिमा तुषार जैन, यश सुयश जैन, डॉ. विजय जैन इंद्रा जैन, विनय जैन द्वारा लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह अंतर्गत सम्मलेनों की तिथि निर्धारित

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनान्तर्गत गुना जिले के समस्त ग्रामीण/नगरीय निकायों में सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष 2 दिसंबर को जनपद पंचायत गुना अंतर्गत एकीकृत हाई स्कूल शाला परिसर हरिपुर, जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत हाईस्कूल प्रांगण घटावदा तथा नगर परिषद आरोन अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उ.वि. आरोन, 5 दिसम्बर को जनपद पंचायत राघौगढ अंतर्गत आईटीआई प्रांगण राघौगढ, 14 दिसंबर को नगर परिषद चांचौड़ा अंतर्गत कम्यूनिटी हॉल चांचौड़ा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार आगामी वर्ष 2025 में 20 जनवरी 25 को नगर परिषद मधूसूदनगढ में, 6 फरवरी 25 को जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत सरस्वती स्कूल के पीछे ग्राउण्ड ग्राम पंचायत पैंची, 13 फरवरी 25 को नगरपालिका गुना अंतर्गत हनुमान टेकरी सरकार मेला परिसर गुना, 16 फरवरी 25 को नगरपालिका राघौगढ अंतर्गत गणेश मंदिर वार्ड नंबर 11 राघौगढ, 25 फरवरी 25 जनपद पंचायत गुना अंतर्गत खेल मैदान बजरंगगढ तथा 5 मार्च जनपद पंचायत बमोरी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनान्तर्गत सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह सम्मेलनों का संबंधित क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत, वार्डो में व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।



# प्रोफेशनल फील्ड के रूप में जाना जाता रहा है कॉमर्स

**कॉमर्स को हमेशा से एक ऐसी प्रोफेशनल फील्ड के रूप में जाना जाता रहा है, जिसमें करियर के कई आकर्षक अवसर होते हैं। मगर बीकॉम के ठीक बाद उपलब्ध करियर के अवसरों के चलते यह धारणा भी बन गई है कि कॉमर्स में हायर एजुकेशन का स्कोप बहुत सीमित है। मगर यह धारणा पूरी तरह गलत है। बीकॉम करने के बाद आगे पढ़ाई के ढेरों विकल्प मौजूद हैं। एक नजर डालते हैं ऐसे ही कुछ प्रमुख विकल्पों पर।**

### अकाउंटेंसी व फाइनेंस

फील्ड ऑफ स्टडी के लिहाज से कॉमर्स का केंद्रबिंदु अकाउंटेंसी और फाइनेंस ही हैं। वैसे तो बीकॉम इन दोनों विषयों का मूलभूत ज्ञान और समझ दे देता है लेकिन यदि आप गहराई में जाकर इनका अध्ययन करना चाहते हैं, तो बीकॉम के बाद इनमें से कोई कोर्स कर सकते हैं :

### चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए)

चार्टर्ड अकाउंटेंसी को फाइनेंस एंड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में सर्वोच्च डिग्री माना जाता है। सीए प्रोग्राम में विद्यार्थी को अकाउंटिंग, ऑडिटिंग और टैक्सेशन का संपूर्ण ज्ञान दिया जाता है।

### सर्टिफाइड फाइनेंशियल एनालिस्ट

सीएफए अकेडेमिक प्रोग्राम उन विद्यार्थियों के लिए है, जिन्हें फाइनेंशियल सिस्टम्स तथा इन्वेस्टमेंट्स में गहरी रुचि है। इस कोर्स में विद्यार्थियों को बेसिक अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स, बिज– नेस प्रेक्टिसेज, इकोनॉमिक पॉलिसीज एंड कंडीशंस आदि पढ़ाए जाते हैं।

### कॉस्ट अकाउंटेंसी (आईसीडब्ल्यूए)

कॉस्ट अकाउंटेंसी का कोर्स उन विद्यार्थियों के लिए है, जिन्हें कंपनी के कॉस्ट का प्रबंधन करने तथा कंपनी को मुनाफे में रखने के लिए चैक्स एंड बैलेंस मैकेनिज्म विकसित करने में दिलचस्पी है।

### कंपनी सेक्रेटरी (सीएस)

यदि आपको कंपनी के स्टॉक तथा इन्वेस्टमेंट्स के प्रबंधन में रुचि है, तो आपको सीएस प्रोग्राम करना चाहिए। कंपनी सेक्रेटरी किसी कंपनी और उसके शेयरधारकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते हैं और कंपनी के स्टॉक ट्रेडिंग की औपचारिकताओं को संभालते हैं।

### स्टॉक ब्रोकिंग

कॉमर्स में ग्रेजुएशन करने के बाद एक और आकर्षक करियर ऑप्शन है स्टॉक ब्रोकिंग का। अगर आपमें शेयरों की पैनी समझ है, तो ब्रोकर के रूप में आप अच्छी–खासी कमाई कर सकते हैं। इसके मूलभूत प्रशिक्षण के लिए आप कोई स्टॉक ब्रोकिंग कोर्स जॉइन कर सकते हैं, जहां आपको व्यक्तियों तथा संस्थानों की ओर से शेयरों की खरीदी–बिक्री के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमबीए फाइनेंस बीकॉम कर चुके विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सबसे आकर्षक अकेडेमिक ऑप्शंस में से एक है। फाइनेंस में स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए की डिग्री लेकर आप किसी भी प्रतिष्ठित संस्थान में उच्च पद पर अपना करियर शुरू कर सकते हैं।



### बैंकिंग व बीमा

बीकॉम के बाद बैंकिंग तथा बीमा के क्षेत्र में भी पढ़ाई कर करियर बनाया जा सकता है। पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर ऐसे स्पेशलाइज्ड अकेडेमिक प्रोग्राम हैं, जो विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों की बेसिक्स का प्रशिक्षण देते हैं। इनमें प्रमुख हैं बैंकिंग एंड इंश्योरेंस में स्पेशलाइजेशन के साथ एमकॉम, बैंकिंग में स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए, इंश्योरेंस में स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए आदि। बैंकिंग और बीमा से जुड़े अधिकांश पोस्ट ग्रेजुएट स्तर के प्रोग्राम्स में सब–स्पेशलाइजेशन के भी कई विकल्प होते हैं।

### मार्केटिंग

आम तौर पर मार्केटिंग को 'जनरलिस्ट'' फील्ड समझा जाता है, जिसमें किसी भी पृष्ठभूमि के विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। यह बात अपनी जगह सही है लेकिन जब बात एमबीए इन मार्केटिंग या पीजीडीएम इन मार्केटिंग जैसे प्रोग्राम की होती है, तो बीकॉम कर चुके विद्यार्थी निश्चित ही फायदे में होते हैं। कारण यह कि मार्केटिंग मैनेजमेंट मुख्य रूप से न्यूमेरिकल व एनालिटिकल डेटा पर निर्भर करता है, जिसे प्रोसेस करके मार्केटिंग कैंपेन के लिए रूपरेखा तैयार की जाती है। चूंकि बीकॉम ग्रेजुएट्स पहले ही किसी डेटा को परखने के लिए बेसिक एनालिटिकल एप्टिट्यूड तथा लॉजिकल मैथडोलॉजी से लैस हो चुके होते हैं, सो एमबीए मार्केटिंग करना उनके लिए आसान हो जाता है। वैसे तो आपको कई लोग मिल जाएंगे, जो लॉ के क्षेत्र में करियर को बीकॉम के विद्यार्थियों के लिए आदर्श नहीं मानेंगे लेकिन पढ़ने और करियर बनाने के लिए यह एक बेहतरीन फील्ड है। आप लॉ की किसी भी फील्ड में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। बिजनेस लॉ की फील्ड में स्पेशलाइजेशन करने में आपकी बीकॉम की पृष्ठभूमि बड़े काम आएगी। या फिर, यदि आपकी रुचि हो, जो आप एकेडमिक लॉ अथवा जनरल लॉ में भी स्पेशलाइज कर सकते हैं।

### कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग

इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी भारतीय अर्थव्यवस्था ही नहीं, ग्लोबल अर्थव्यवस्था का सबसे तेजी से बढ़ता सेक्टर है। बीकॉम करने के बाद जो विद्यार्थी इस फील्ड में मौजूद अवसरों को भुनाना चाहते हैं, वे एमसीए या एमएससी आईटी करके ऐसा कर सकते हैं।



## चाहते हैं बेहतर प्लेसमेंट

# तो इन चीजों को फॉलो करें

**आज दुनिया की लगभग हर बड़ी कंपनी भारत के बाजार को उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। सभी को भारत का विशाल बाजार आकर्षित कर रहा है। यहां के महानगरों से लेकर छोटे शहरों, कस्बों और यहां तक कि गांवों में भी उन्हें बेशुमार संभावनाएं नजर आ रही हैं। भारतीय कंपनियां हों या विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां, सभी यहां अपना प्रसार कर रही हैं।**

जाहिर है, जब कंपनियों का शहरों से लेकर गांवों तक में प्रसार होगा, तो उन्हें हर स्तर पर तकनीकी और गैर–तकनीकी स्टाफ की जरूरत होगी। यह संख्या हजारों–लाखों में हो सकती है। यह भी कहा जा सकता है कि टियर–2 व टियर–3 शहरों की ओर बढ़ने के कारण इन जगहों के युवाओं के सामने बेशुमार बनाएं होंगी। ये अवसर प्रमुख रूप से रिटेल, आईटी, बैंकिंग, फाइनेंस, टेलीकम्युनिकेशंस, ई–कॉमर्स, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, हाउसकीपिंग, हॉस्पिटैलिटी, मेडिकल, ट्रांसपोर्ट, कंस्ट्रक्शन आदि में सामने आ सकते हैं।

### नजरिया को व्यवहारिक

जो अवसर सामने आएंगे, उनमें नौकरी सिर्फ चाहने या सपने देख लेने मात्र से नहीं मिल सकती। इसके लिए आपको इन सभी में से अपनी रुचि का क्षेत्र तलाशना होगा और फिर उसके मुताबिक स्किल डेवलप करनी होगी। यह सोचकर मुगालते में न रहें कि आपने आईटी, सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स या किसी और टेक्निकल ब्रांच से डिप्लोमा या इंजीनियरिंग का कोर्स कर लिया है, तो सिर्फ इसी के आधार पर आपको जॉब मिल जाएगी। परीक्षा पास कर लेने या डिग्री हासिल कर लेने भर से दावा पक्का नहीं हो जाता। आज के दौर में कंपनियां उन्हीं को प्राथमिकता के आधार पर जॉब ऑफर करना चाहती हैं, जो कंपनी की व्यवहारिक जरूरतों के प्रति जागरूक होते हैं और उनमें इतना आत्मविश्वास होता है कि वे कंपनी द्वारा दिए गए हर तरह के असाइनमेंट को बेहतर तरीके से पूरा करते हुए अपना बेस्ट आउटपुट दे सकते हैं।

### क्या परखते हैं एक्सपर्ट

अगर कोई कंपनी आपके कॉलेज/यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट के लिए आ रही है, तो उसके एक्सपर्ट सिर्फ यह नहीं देखते कि आपने परीक्षा में कितने अंक लाए हैं। दरअसल, वे अपनी पारखी नजरों से आपका एटिट्यूड परखते हैं। उनका नजरिया एकेडेमिक से कहीं ज्यादा साइकोलॉजिकल होता है। किसी उम्मीदवार को चुनते समय वे यह जरूर देखते हैं कि वह उनकी कंपनी के लिए किस तरह उपयोगी हो सकता है उसकी सोच में कितनी गहराई है उसमें काम को लेकर कितनी लगन और सक्षमता है भविष्य को लेकर वह कितना दूरदर्शी है इन सब के अलावा, यह भी परखा जाता है कि उम्मीदवार कितना आत्मविश्वास से भरा है। अगर सक्षम होते हुए भी किसी उम्मीदवार में आत्मविश्वास की कमी दिखती है, तो वह अवसर चूक सकता है।

### स्किल पर फोकस

आपने अपनी रुचि/पसंद के करियर के लिए जो भी क्षेत्र/कोर्स चुना है, उसमें सिर्फ एकेडेमिक उपलब्धि हासिल करके ही आत्ममुग्ध न हो जाएं। परीक्षा में अधकि से अधकि अंक लाना तो जरूरी है ही, मगर बदलते वक्त के अनुसार भरपूर प्रेक्टिकल नॉलेज भी जरूर हासिल करें।

### चुनें सही दिशा

सवाल यह भी है कि क्या जो ज्यादातर लोग सीख और कर रहे हैं, आप भी उन्हीं जैसा करें! बिल्कुल नहीं। सबसे पहले तो आप अपनी पसंद को जानें–समझें। आपके पैरेंट्स/ गार्जियंस आपकी इच्छा के विपरीत कोई कोर्स करने का दबाव डाल रहे हैं, तो आप बिना दबाव में आए उन्हें प्यार से समझाएं कि आपको किस फील्ड में काम करके खुशी मिल सकती है। प्रयास करने पर वे जरूर कनविंस होंगे, क्योंकि आखिरकार वे भी तो हर हाल में आपकी खुशी ही चाहते हैं!



# समझिए कॉर्पोरेट जॉब्स और स्टार्ट-अप जॉब्स में अंतर

**कॉर्पोरेट की दुनिया में भले ही आपको काम का अनुभव हो लेकिन अगर आप स्टार्ट-अप्स में जॉब पाने का सोच रहे हैं तो पहले कॉर्पोरेट जॉब्स और स्टार्ट-अप जॉब्स में अंतर समझ लीजिए। यह एक्सपीरियेंस वर्सेस पैशन की बात है। आपका अनुभव आपको स्टार्ट-अप जॉब नहीं दिलवा सकता लेकिन पैशन हो तो यह संभव है। कॉर्पोरेट जॉब्स और स्टार्ट-अप जॉब्स में ये चार अंतर समझकर आप आगे बढ़ने का सोच सकते हैं :**

### पास्ट वर्सेस फ्यूचर

कॉर्पोरेट जॉब पाने के लिए आपको यह साबित करने की जरूरत है कि आपने पास्ट में क्या किया है। आपको यह बताना होगा कि आप किन बातों में दक्ष थे और आपने यह काम पहले किया है। आप अपने रेज्यूमे को अनुभवों से भरा हुआ बताएंगे। स्टार्ट–अप जॉब पाने के लिए आपको यह साबित करना होगा कि आप फ्यूचर में क्या कर सकते हैं। यहां आपके रेज्यूमे में हाइरगि एन्टरप्रेन्योर का ध्यान खिंचने जैसा कुछ नहीं है, यहां तक कि पढ़ने जैसा कुछ नहीं है। जब रेज्यूमे और पास्ट एक्सपीरियेंस की बात आती है तो इसका स्टार्ट–आप जॉब्स के लिए उतना मतलब नहीं है।

**अंतर :** आपने पास्ट में क्या किया है यह कल की खबर है। स्टार्ट–अप में जॉब पाने के लिए, आपको बताना होगा कि आप कल क्या कर सकते हैं।

### माउथ वर्सेस ईयर्स

कॉर्पोरेट जॉब के इंटरव्यू में बहुत सारी बातें करने की जरूरत होती है। आप रिक्रूटर से बात करते हैं। आप एचआर डिपार्टमेंट्स से बात करते हैं। आपको हाइरिंग मैनेजर और टीममेट्स से बात करना होती है। आप यह साबित करने के लिए बात करते हैं कि आप जानते हैं कि आप क्या बात कर रहे हैं। आप जॉब पाने के लिए बात करते हैं। स्टार्ट–अप जॉब के लिए इंटरव्यू में आपको बहुत सारा सुनने की जरूरत होती है। बिजनेस की कहानी सुननी होती है। यह सुनना होता है कि बिजनेस आइडिया कहां से आया और कैसे बिजनेस आगे बढ़ा। आपको यह सुनना होता है कि इस प्रक्रिया में कितना मजा आया और किस तरह का क्रेज इसके लिए था। आपका यह सुनना साबित करता है कि आप इस बिजनेस के लिए जुनूनी हैं। क्योंकि अगर आप बिजनेस को लेकर आकर्षित नहीं हैं तो आप यहां काम नहीं करना चाहिए।

**अंतर :** एक स्टार्ट–अप इंटरव्यू आपके बारे में नहीं है। यह बिजनेस के बारे में है और बिजनेस में आपकी रूचि के बारे में हैं। साबित करें कि आप इसे मंत्रमुग्ध हैं।

### डिग्री वर्सेस एक्शन

अगर आप बड़े–बड़े एमएनसी में काम करने की इच्छा रखते हैं तो आपको उस तरह की डिग्री चाहिए। इसमें प्रवेश के लिए न्यूनतम आवश्यकता एक कॉलेज डिग्री की है। बड़े और बेहतर जॉब्स के लिए आपके पास एमबीए होना चाहिए। स्टार्ट–अप में जॉब चाहते हैं इस तथ्य को भूल जाइए कि आप स्कूल गए थे। एन्टरप्रेन्योर्स का विश्वास काम करने में है, ना कि पढ़ाई में।

**अंतर :** आपने क्या पढ़ा है, वह पूरी तरह शैक्षणिक है। स्टार्ट–अप में जॉब पाने के लिए मायने रखता है कि आप क्या कर सकते हैं। अपनी डिग्री छुपाएं और इसके बारे में बात करें।

### मनी वर्सेस कैश फ्लो

कॉर्पोरेट जॉब के इंटरव्यू के लिए आपको अपनी सैलेरी निगोशिएट करेंगे। आप स्टॉक और बोनस प्लान के बारे में बात कर सकते हैं। स्टार्ट–अप के इंटरव्यू में आपको कैश फ्लो के बारे में बात करना होगी। स्टार्ट–अप में कैश राजा है और सैलेरी दुश्मन है। आप सैलेरी कम करने को कहा जा सकता है। आपको यहां तक की मुफ्त में काम करने के लिए कहा जा सकता है। आपको वे बताएंगे कि उन्हें क्या मिला है। और अगर आप वहां काम करना चाहते हैं तो आपको यह लेना चाहिए।

**अंतर :** अगर आप जॉब केवल आर्थिक दृष्टि से कर रहे हैं तो कॉर्पोरेट जॉब इसका जवाब है। अगर जॉब के साथ आने वाले फायदें और पर्क्स आपके दिमाग में नहीं घुमते हैं तो आपका स्टार्ट–अप को लेकर माइंड सेट है।



# करण जौहर ने 'बागी 4' के लिए टाइगर श्रॉफ को दी शुभकामनाएं, साजिद को बताया दूरदर्शी



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म 'बागी 4' की घोषणा इसके पहले पोस्टर के साथ कर दी है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ अभिनीत बागी की चौथी किस्त है। फिल्म के पहले पोस्टर के सामने आने के बाद करण जौहर ने शुभकामनाएं दी हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा, दूरदर्शी साजिद...नाडियाडवाला और टाइगर जैकी श्रॉफ के साथ उनके घातक संयोजन और एक ब्लॉकबस्टर यात्रा की शुरुआत के लिए बधाई। करण के इस पोस्ट से लगता है कि वह इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं।

### टाइगर श्रॉफ का दिखा खूंखार अंदाज

सोमवार को निर्माताओं ने बागी 4 से टाइगर श्रॉफ का दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की घोषणा की। पोस्टर में टाइगर हाथ में चाकू और पास में शराब की बोतल लिए टॉयलेट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा, दीवारें और फर्श खून से सना हुआ है। जबकि उनके चारों ओर कई शव पड़े हैं। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता ए हर्षा करेंगे, यह उनकी बॉलीवुड में पहली फिल्म है। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने नाडियाडवाला ग्रैंडसन बैनर तले किया है और यह 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### बागी फेंचाइजी

बागी फेंचाइजी की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। इसका निर्देशन सब्बीर खान ने किया था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू मुख्य भूमिकाओं में थे। दूसरी किस्त, बागी 2 वर्ष 2018 में आई थी। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह तेलुगु फिल्म क्षणम की रीमेक थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ दिशा पटानी, मनोज बाजपेयी और रणदीप हुड्डा भी नजर आए थे।



# ये काली काली आंखें के साथ ओटीटी पर लौट रही हैं श्वेता त्रिपाठी

**अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिर लौट आई हैं। मिर्जापुर, मसान में उनकी काली काली आंखों ने खूब जलवा दिखाया और अब जिस कहानी के साथ वह ओटीटी पर लौट रही हैं, उसका तो नाम ही है, ये काली काली आंखें। इस सीरीज के दूसरे सीजन में उनके किरदार पर ही लोगों की निगाहें टिकने वाली हैं क्योंकि बाकी सारे किरदार इस कहानी में अपने पत्ते पिछले सीजन में ही खोल चुके हैं।**

श्वेता त्रिपाठी कहती हैं, मैं चाहती हूं कि मेरे किरदार मुझसे अलग हों और एक-दूसरे से भी अलग हों। मुझे वे दांव पसंद हैं जो उच्च ड्रामा के साथ आते हैं, जहां प्रत्येक किरदार की यात्रा गहन और प्रभावशाली लगती है। ये काली काली आंखें में शिखा का किरदार मेरे किरदार से बहुत अलग है और मैं उसकी दुनिया में कदम रखने की चुनौती का आनंद लेती हूं। सीरीज ये काली काली आखें के बारे में उनका कहना है, ये शो वास्तव में सवाल पूछता है कि आप प्यार के लिए कितनी दूर तक जाएंगे? इस सीजन में शिखा खुद को इसी यात्रा पर पाती है, और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दर्शकों को गहराई में ले जाएगा और डराएगा भी। इस सीजन में, दर्शकों को मेरे किरदार का एक स्त्री और कमजोर पक्ष दिखाई देगा, फिर भी वह उग्र और दृढ़ है। यह जीवन में एक रोमांचक संतुलन है।

ये काली काली आंखे के दूसरे सीजन का नेटफ्लिक्स पर खास प्रचार प्रसार तो नहीं हो रहा है लिहाजा इसके कलाकार अपनी बातें अपनी टीम के जरिये ही दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीरीज का पहला सीजन भी कुछ खास नहीं रहा। लेकिन, हां श्वेता को लोगों ने पसंद किया। इस बार भी वह कुछ नए कांड इस सीरीज में करने वाली हैं।

ीरीज में अपने किरदार के बारे में भी श्वेता ने खुलासा कर दिया है। वह बताती हैं, शिखा की दुनिया तब तबाह हो जाती है जब उसका सच्चा प्यार विक्रांत पूर्वा से शादी कर लेता है, जिससे वह खोई हुई और निराश महसूस करती है। स्वभाव से डरपोक और गैर-संघर्षशील, वह शुरू में दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी सीमा को पार करने से बचती है। इस सीजन में शिखा का एक नया पक्ष सामने आने वाला है क्योंकि वह विक्रांत के साथ अपने प्यार के लिए लड़ने का फैसला करती है।




## जारी हुआ अग्नि का ट्रेलर
# फायरमैन के किरदार में प्रतीक गांधी

अग्नि का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के संघर्ष की कहानी को अलग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी फायर ब्रिगेड कर्मचारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, मिर्जापुर के मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु को पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि जब आग लगती है तो हम किसे बुलाते हैं..बच्चे कहते हैं भगवान को। तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी पूछता है, और किसे तो जवाब आता है फायर ब्रिगेड को। फिल्म के ट्रेलर में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के जीवन की कहानी बयां की जा रही है, जिसमें प्रतीक गांधी अहम रोल निभा रहे हैं।



# एक फिल्म के अंदर गुड्डू पंडित को ढालने को लेकर निश्चित नहीं हैं अली

मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और सफल वेब सीरीज है। हाल में इस पर फिल्म बनाने की घोषणा की गई है, जिसके बाद से फैंस अपने पसंदीदा किरदारों को फिल्मी पर्दे पर देखने के लिए काफी बेकरार हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान सीरीज में गुड्डू भैया के किरदार में नजर आए अभिनेता अली फजल ने इसे लेकर बात की है। उन्होंने अपने किरदार की फिल्मी रुपांतरण पर संदेह जताते हुए कहा कि वह पूरी तरह से निश्चित नहीं है कि एक फिल्म के अंदर किस तरह से उनके इस किरदार को समाया जा सकेगा।

अभिनेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर कहा कि अब तीनों सीजन की चीजों को नए प्रारूप में ढाल कर एक फिल्म के अंदर लाना काफी चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि वो इसे लेकर पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। उन्होंने फिल्म को लेकर उत्सुकता जताते हुए कहा कि यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दौरान उन्होंने लोकप्रिय हॉलीवुड सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग उस समय ही इस शो को भी फिल्म के रूप में रूपांतरित करने की घोषणा की गई थी।

### बड़े पर्दे पर तीनों सीजन की कहानी को फिट करना होगी चुनौती

अपने किरदार को लेकर बात करते हुए अली फजल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनकी भूमिका को और कितना आगे बढ़ाया जा सकता है, यह देखते हुए कि कई पहलुओं पर पहले ही काम किया जा चुका है।

अभिनेता ने यह भी चर्चा की कि निर्माताओं के लिए उनके इतने बड़े किरदार को पर्दे पर फिट करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। अभिनेता ने कहा, अब लक्ष्य तीनों सीजन की कहानी को एक या दो घंटे के संक्षिप्त सिनेमाई अनुभव में बदलना है, जो काफी चुनौतीपूर्ण है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। हाल ही में, निर्माताओं द्वारा मिर्जापुर फिल्म की घोषणा करते हुए पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु और अभिषेक बनर्जी की झलक दिखाई गई थी। फरहान अख्तर द्वारा साझा किए गए इस वीडियो जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि मिर्जापुर- द फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। फरहान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, अब भौकाल भी बड़ा होगा और पर्दा भी। मिर्जापुर द फिल्म, जल्द ही आ रही है।

### ऋतिक रोशन के कालीन भैया के किरदार में नजर आने की है अफवाह

फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर अफवाहों को दौर भी शुरू हो गया है। ऐसी ही एक अफवाह में कहा जा रहा है कि मिर्जापुर फिल्म में कालीन भैया की भूमिका में पंकज त्रिपाठी की जगह ऋतिक रोशन को लिया जाएगा। यह फिल्म मिर्जापुर की दुनिया में और गहराई से उतरेगी, जिसके तहत इसके मूल किरदार अपनी लोकप्रिय भूमिकाओं को दोबारार से निभाते हुए नजर आएंगे। बताते चलें कि मिर्जापुर- द फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित किया गया है। वहीं, फिल्म का निर्माण पुनीत कृष्णा ने किया है और गुरमीत सिंह इसका निर्देशन करने वाले हैं।

# शादी की खबरों पर मीनाक्षी चौधरी ने चुप्पी तोड़ी



मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्तमान में अभिनेत्री के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म मटका रिलीज हुई, जिसमें वे साउथ अभिनेता वरुण तेज के साथ नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन नहीं किया। वहीं, अब अभिनेत्री अपनी अगली फिल्मों की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। इस बीच अभिनेत्री की शादी की चर्चाओं ने भी तूल पकड़ा। वहीं, अब खुद मीनाक्षी ने अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

### नागार्जुन के भतीजे को मीनाक्षी कर रहीं डेट?

दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों में सोशल मीडिया एक अफवाह उड़ी कि नागार्जुन के भतीजे सुशांत मीनाक्षी चौधरी से शादी करने वाले हैं। इस जोड़ी ने फिल्म इचता वाहनमुलु निलुपराधु में काम किया था। यह अफवाह क्यों और कैसे उड़ी, इसका कोई कारण नहीं पता, लेकिन यह वायरल हो गई। दावा किया गया कि वे नागार्जुन के भतीजे सुशांत को डेट कर रही हैं और अब शादी करने वाली हैं।

### शादी की खबरों को बताया झूठा

मीनाक्षी चौधरी की इस साल की छठी फिल्म मैकेनिक रॉकी जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। हालांकि, कल रात मैकेनिक रॉकी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान मीनाक्षी ने इस बात को साफ कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने भी ये अफवाहें सुनी हैं और उनका सख्त रूप से खंडन किया है। साथ ही उन्होंने कुछ फिल्मों का हिस्सा होने की खबरों का भी खंडन किया।

### सिंगल हैं अभिनेत्री

मीनाक्षी ने आखिरकार स्पष्ट किया कि वह शादी नहीं कर रही हैं। मीनाक्षी ने कहा, यह एक अफवाह है और मैं शादी नहीं कर रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये अफवाहें क्यों उड़ती हैं। एक दिन, मैंने पढ़ा कि मैं सालार का हिस्सा हूं और दूसरे दिन, मैंने पढ़ा कि मैं विश्वंभरा का हिस्सा हूं। अभिनेत्री ने यह भी पुष्टि की कि वह फिलहाल सिंगल हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं फिलहाल सिंगल हूं, लेकिन अभी शादी के लिए तैयार नहीं हूं।

### मीनाक्षी की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें मीनाक्षी चौधरी की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे विक्ट्री वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम के लिए कमर कस रही हैं, जो संक्रांति 2025 के दौरान एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। उन्होंने नागा चैतन्य के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। मैकेनिक रॉकी इस महीने की 22 तारीख को सिनेमाघरों में आ रही है। श्रद्धा श्रीनाथ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



# शाहिद कपूर के साथ मतभेद की अटकलों पर बोले अनीस बज्मी

अनीस बज्मी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल में ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया जा रहा था कि शाहिद और रश्मिका मंदाना के साथ अनीस बज्मी की कॉमेडी फिल्म अगस्त 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन रचनात्मक मतभेदों के कारण कपूर के बाहर चले जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### न किसी से दुश्मनी है न नाराजगी

न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने बंद हो चुकी कॉमेडी फिल्म के लिए शाहिद कपूर के साथ फिर से जुड़ने का संकेत दिया है। निर्देशक ने कहा, मेरे दिमाग में अभी भी वह फिल्म है। इस दौरान उन्होंने शाहिद के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा भी की इस दौरान उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बीच कोई मतभेद या दुश्मनी नहीं है। निर्देशक के इस बात से दोनों को लेकर भविष्य में साथ काम करने की संभावनाएं जाहिर होती हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा, मुझे किसी से न दुश्मनी है न नाराजगी।

### स्पष्ट बातें भ्रम से बचाने में मददगार होती हैं

अनीस बज्मी ने विवाद की अफवाहों को संबोधित करते हुए बताया कि फिल्म निर्माण के लिए आपसी समझ और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट बातें भ्रम से बचने में काफी मददगार होती हैं। अपनी खुद की कार्यशैली को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों के अनुभव के बाद, उनके लिए अपना दृष्टिकोण बदलना अब काफी चुनौतीपूर्ण है।

### साथ आएंगे तो, बेहतर फिल्म ही बनाएंगे

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि शाहिद का भी उनके जैसा ही काम करने और सोचने का अपना एक अलग तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों के दृष्टिकोण हमेशा मेल नहीं खाते, लेकिन उनका मानना है कि यह बिल्कुल ठीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर भविष्य में उनकी संवेदनाएं मेल खाती हैं, तो वे निश्चित रूप से फिर से सहयोग करेंगे। निर्देशक ने दोनों के बीच के रिश्ते को लेकर कहा कि इस स्थिति ने उनके बंधन को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने साझा किया कि शाहिद हमेशा उन्हें प्यार और सम्मान के साथ बधाई देते हैं, और वह अभिनेता को लेकर भी ऐसा ही महसूस करते हैं। भूल भुलैया 3 निर्देशक ने आगे कहा कि जब वे फिर से साथ आएंगे, तो बिनी किसी शंका के एक बेहतरीन फिल्म बनाएंगे।

### शाहिद और अनीस बज्मी का वर्क फंट

बात करें, शाहिद कपूर के वर्क फंट की, तो उनकी आगामी फिल्म देवा है, जो प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। ये फिल्म 14 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी और कुब्रा सैत भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूजमें काम करने वाले हैं। वहीं, बात करें अनीस बज्मी की, तो कहा जा रहा है कि वो नो एंट्री के सीक्वल की तैयारियां कर रहे हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 13 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार व शुक्रवार को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम अबगांव खुर्द, भुन्नास, आलनपुर, आदमपुर, दूध डेयरी मोहल्ला, टंकी मोहल्ला, पीलियाखाल, पिपल्या, जूनापानी, दीपगांव कलॉं व सिराली में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 61 पाव देशी शराब, 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 630 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत 13 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्दे माल का अनुमानित बाजार मूल्य 70,070 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम आज से

**हरदा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी ने बताया कि इस बार का युवा महोत्सव बेहद खास और अलग होगा। इस बार की जो थीम है वह काफी नई और यूनिक है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर आधारित चार स्टेज वाले इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक शामिल हो सकते है। इस कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष तक के युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज कंपटीशन का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री की मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही साथ युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3 हजार युवाओं के साथ संवाद करेंगे।

# रेत बजरी का अवैध उत्खनन, परिवहन

## फर्राटे से दौड़ रहे रेत बजरी लदे वाहन

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले की खिड़किया ब्लाक अंतर्गत माचक, स्यानी और घोंघई नदी में वजरी, रेत का अवैध उत्खन्न बेरोक-टोक चल रहा है। शासन को टैक्स के रूप में जहां लाखों का चूना लग रहा है वहीं शासनादेशों का उल्लंघन हो रहा है। पुलिस, तहसील और खनिज विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। तहसील और थाने के सामने से रोजाना सैकड़ों ट्राली बजरी रेत जाती है, फिर भी उनके कान में जूं तक नहीं रेग रहे हैं। बजरी रेत के उत्खनन के लिए लीज पर देने की व्यवस्था शुरू की जाए तो निश्चित रूप से जहां शासन को राजस्व के रूप में आय प्राप्त होगी वहीं नदी का स्वरूप विकृत नहीं हो पायेगा। किनारा की परवाह किये बेतरतीव ढंग से उत्खनन किया जा रहा है। जिसके कारण नदी के वहाव की दिशा बदलने की आशंका बनी हुई है। इसको लेकर भय का माहौल है। स्थानीय लोग परेशान है। फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### तेज रफ्तार से दुर्घटना की आशंका

रेत-बजरी लदे वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। धूल भी उड़ती रहती है सुबह से देर रात तक रेत-बजरी का परिवहन हो रहा है। इस मामले में कार्यवाही में कोताही बरती जा रही है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल है।

**तहसील, थाने के सामने से गुजर रहे वाहन :** सिराली तहसील और थाने के सामने से रेत बजरी के वाहन गुजर रहे हैं फिर भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसको लेकर चर्चा है कि थाने से महीना बंधा हुआ है। इस नाते रेत बजरी के वाहन को देख सुनकर अनसुना कर दिया जाता है। इस संबंध में आवाज उठाई जाती है फिर भी इस तरह ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### क्या कहते जवाबदार



आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई, जानकारी हासिल कर कार्यवाही करेंगे।

**-आर.के.झड़बड़े, तहसीलदार, सिराली।**

**स्टाफ की कमी :** खनिज विभाग में स्टाफ की कमी है। जिसके कारण चेकिंग नहीं की जा रही है। पुलिस को इसकी जानकारी है फिर भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। शासन को लाखों रुपये की क्षति टैक्स के रूप में हो रही है। यह जग जाहिर है फिर भी चेकिंग छापा मार अभियान चलाकर रेत-बजरी के अवैध उत्खनन से जुड़े ठेकेदार के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। बताया जाता है की राजनीतिक संरक्षण मिला है जिसके कारण ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

# जनजातीय गौरव पर खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित



सत्ता सुधार ■ हरदा

शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास हरदा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस पर खेल-कूद प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक एस. डी. पनागरे ने बताया कि आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उक्त अभियान के समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में दौड़ 400 मीटर प्रथम राजा तेकाम, द्वितीय रुपेश उइके, तृतीय सखाराम काजले दौड़ 800मीटर प्रथम उमेश किराड़े, द्वितीय पप्पू उइके, तृतीय दुर्गेश तेकाम, ऊंची कूद प्रथम अमरसिंह काजले, द्वितीय मुंशीलाल सिलारे, तृतीय उमेश किराड़े, लंबी कूद प्रथम अमरसिंह काजले, द्वितीय राजकुमार मर्सकोले, तृतीय उमेश सिलारे, गोला फेंक प्रथम सतीष पन्द्राम, द्वितीय अमरसिंह काजले, तृतीय विष्णु चौहान तथा कबड्डी में छात्रावास की दो टीम छात्रावास ए और छात्रावास बी टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें छात्रावास बी टीम विजेता और ऐ टीम उपविजेता रही।

# अपने कैबिनेट मंत्री की हार पर तत्काल पद छोड़ें मोहन यादव: पंकज शर्मा

सत्ता सुधार ■ सीहोर



मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए 2 सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार को संपन्न हो गई, जिसमें बुदनी सीट पर भाजपा तो वहीं विजयपुर सीट पर कांग्रेस पार्टी को जीत मिली। उपचुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री मोहन यादव पर निशाना साधा है। जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कहा है कि इन दोनों विधानसभा उपचुनावों में सारे हथकंडे अपनाने और पूरी सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बावजूद भी भाजपा को विजयपुर में जहां करारी हार का सामना करना पड़ा तो वहीं बुदनी में पिछले चुनावों में कई हजारों व लाखों वोट से जीतने वाली भाजपा को इस बार वहां से कुछ चंद हजार वोटों की जीत से ही संतोष करना पड़ा। इन उपचुनावों पर पंकज शर्मा ने कहा है कि अपने कैबिनेट मंत्री की हार की पूरी जिम्मेदारी सरकार के मुखिया मोहन यादव की है कि वो और उनके मंत्री इतने अलोकप्रिय हैं कि विधानसभा उपचुनाव में उनको करारी हार का सामना करना पड़ा और दूसरी सीट बुदनी पर भी उनकी जीत का अंतर 87 फीसदी घट गया। मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव के नेतृत्व में यह पहला विधानसभा उपचुनाव था और इस परीक्षा में वो असफल साबित हुए हैं, ये हार उनकी जनविरोधी नीतियों की हार है और अपने कैबिनेट मंत्री की हार तथा बुदनी सीट पर जीत के अंतर में भारी कमी की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव को तत्काल नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, यदि मुख्यमंत्री में थोड़ी भी शर्म और नैतिकता बाकी है तो वो तत्काल इन उपचुनावों में असफलता की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपे। पंकज शर्मा ने साथ ही बुदनी व विजयपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का भी कांग्रेस पार्टी को अभूतपूर्व समर्थन देने के लिए आभार और धन्यवाद व्यक्त किया है तथा जनहित में इस जनविरोधी सरकार के खिलाफ संघर्ष लगातार जारी रखने की बात भी कही है।

**कांग्रेस ने मांगा मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा**

# जिला अध्यक्ष बने बालकवि दुहित गौर

सत्ता सुधार ■ हरदा



भारत तिब्बत समन्वय संघ के बाल विभाग के जिलाध्यक्ष पद पर बालकवि दुहित गौर को नियुक्त किया गया है। लोमेश गौर ने बताया कि संघ की केंद्रीय नियुक्ति समिति की सचिव और राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री राजो मालवीय की अनुशंसा पर केंद्रीय नियुक्ति समिति द्वारा नियुक्ति की गई। जिसकी घोषणा केंद्रीय संयोजक हेमेंद्र प्रताप सिंह तोमर द्वारा की गई है।

**जिले में होगा गतिविधियों का संचालन:** सुश्री मालवीय ने बताया कि बाल कवि अब जिले में बाल विभाग की कार्यकारणी बनायेंगे और संघ की मंशा अनुरूप जिले में गतिविधियों का संचालन करेंगे। भारत तिब्बत समन्वय संघ वर्तमान में चीन से भारत को सुरक्षित करने के लिए तिब्बत की स्वतंत्रता व बाबा भोलेनाथ के मूल गांव कैलाश-मानसरोवर की मुक्ति के लिए कार्य करने वाला जाग्रत संगठन है। इस संगठन में देश के लाखों लोग विभिन्न विधा और अलग अलग उम्र के जुड़े हुए हैं। बालकवि दुहित गौर की नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# श्रद्धा-भैरव अष्टमी पर लगाए छप्पन भोग, किया पूजन, भंडारे का आयोजन

## काले तिल, काले उड़द, सिंदूर, चमेली सहित अन्य किया अर्पण, शांति और समृद्धि के लिए काल भैरव पूजा

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित भैरव मंदिर में भैरव अष्टमी पर आयोजन हुए। दोपहर में पूर्ण विधि-विधान से भैरव बाबा का चोला चढ़ाकर अभिषेक किया। पूजन कर छप्पन भोग लगाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में बाबा के विशेष श्रृंगार के दर्शन किए गए। सुबह विशेष रूप से हवन आदि का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने काले तिल, काले उड़द, सिंदूर, चमेली का तेल आदि के साथ छप्पन भोग अर्पण किया और बड़ा बाजार में बाबा का दरबार सजाया गया और उसके उपरांत रात्रि को भंडारे का आयोजन किया गया।

### सभी प्रकार की नकारात्मकता और बुरी शक्तियां दूर होती

आयोजन समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भैरव नामावली और भैरवाष्टक का पाठ आदि का आयोजन किया गया। काल भैरव की पूजा करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता और बुरी शक्तियां दूर होती हैं। भगवान भैरव के बटुक भैरव, महाकाल भैरव और स्वर्णाकर्षण भैरव प्रमुख रूप हैं। बटुक भैरव-बटुक भैरव को भैरव महाराज का सात्विक और बाल स्वरूप माना जाता है। इनकी पूजा से भक्त को सभी तरह के सुख, लंबी आयु, अच्छी सेहत, मान-सम्मान और ऊंचा पद मिल सकता है। काल भैरव-ये स्वरूप भैरव का तामस गुण को समपिज़्त है। ये स्वरूप भक्तों के लिए कल्याणकारी है, इनकी कृपा से भक्त का अनजाना भय दूर होता है। काल भैरव को काल का नियंत्रक माना गया है। इनकी पूजा से भक्त के सभी दुख दूर होते हैं, शत्रुओं का प्रभाव खत्म होता है। आनंद भैरव-ये भैरव का राजस स्वरूप है। देवी मां की दस महाविद्याएं हैं और हर एक महाविद्या के साथ भैरव की भी पूजा होती है। इनकी पूजा से धन, धर्म की सिद्धियां मिलती हैं।

काल भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर शहर के बड़ा बाजार-चरखा लाइन के मध्य में स्थित शहर कोतवाल बाबा काल भैरव के नाम से प्रसिद्ध मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। इसके उपरांत छप्पन भोग के साथ सर्व प्रथम कन्याओं को भोज के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संजय सोनी और समाजसेवी रामू सोनी ने बताया कि छावनी सहित आस-पास के क्षेत्र में आस्था का केन्द्र इस मंदिर में प्रतिवर्ष काल भैरव अष्टमी पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस साल इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बाबा का विशेष अभिषेक, श्रृंगार और भंडारे का आयोजन के साथ ही ब्राह्मणजनों का सम्मान किया गया।

# दूरस्थ वन ग्रामों में बनाये गये वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड

सत्ता सुधार ■ हरदा



विगत दिनों ग्राम राताामाटी में जनसमस्या शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा लगाया गया था। जिला जनसंपर्क अधिकारी ब्रजेश शर्मा ने बताया कि उसी में जिला कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये थे, उसी के तहत आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। जिले में शिविर लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले के दूरस्थ वन ग्राम डोमरा एवं कायरी में नेटवर्क न होने पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सीएचओ आशा कार्यकर्ता द्वारा जहां नेटवर्क उपलब्ध हो रहा है, ऐसे ऊँचे टीलों पर बैठकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। ऊँचे टीलों पर बैठकर किये जा रहे कार्य की क्षैत्र में प्रशंसा की जा रही है और ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा कार्य को भी संतोषजनक बताया गया है।

# व्यापारी संगठनों ने की शासन से अपील अपील



**हरदा/ईटारसी।** जिन उद्योगपति एवं व्यापारियों ने जमीन लीज पर ली है और अपना उद्योग स्थापित नहीं कर रहे है ऐसे उद्योगपतियों से उक्त जमीन अनुबंध निरस्त कर अन्य उद्योगपति व्यवसायों को दिलवाएं जिससे कि शहर में एक बड़ा हब एक बड़ा उद्योग स्थापित हो सके। दशरथ चौधरी ने बताया कि शासन से मांग की है कि कुछ छोटे-मोटे ऐसे व्यापारी हैं जो बड़ा करना चाहते हैं जिनको इस जगह के विषय में शायद कुछ को मालूम है कुछ को नहीं मालूम जानकारी न होने के अभाव से उक्त किरतपुर औद्योगिक क्षेत्र की जमीन का अन्य किसी को लाभ नहीं मिलने के कारण शहर में उद्योग की कमी है।

# समवशरण महामंडल विधान के समापन पर श्रीजी द्वारा भ्रमण



सत्ता सुधार ■ हरदा

विश्वशांति और प्राणीमात्र के कल्याण की भावना को लेकर मुनिश्री वीरसागरजी महाराज के सानिध्य में जैन समाज द्वारा रचाये गए समवशरण महामंडल विधान का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर बग्गियों में सवार होकर सौधर्म इंद्रो ने श्रीजी की शोभायात्रा की आगवानी की। वही चांदी की पालकी में सवार होकर श्रीजी ने नगर का भ्रमण किया।

जैन समाज के राजीव जैन ने बताया कि समवशरण महामंडल विधान के समापन पर आज जैन समाज द्वारा प्रातःकाल विधान में श्रीजी की 64 रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ बृहद शांति धारा कर विधान पूजन के पश्चात हवन आहुति दी गई। दोपहर में भगवान शांतिनाथ की भव्य शोभायात्रा चांदी के विमान पर सवार कर नगर में निकाली गई। जिसमें पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र धारण किए थे तो महिलाओं ने केसरिया वस्त्र पहने थे। नगर में निकले भगवान श्रीजी की आरती उतार कर जैन समाज के साथ ही अन्य समाज, संप्रदाय और सामाजिक संगठनों ने शोभा यात्रा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा में महिलाओं ने गरबा नृत्य किया, युवाओं ने रास्ते भर जोरदार जयकारे लगाये। इसके पश्चात मंदिर जी में श्रीजी के अभिषेक किए गए।

# महिला सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को फिजीकल ट्रेनिंग दी

सत्ता सुधार ■ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत संचालित महिला सशक्त वाहिनी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। शनिवार एवं रविवार को महिला सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को नेहरू स्टेडियम हरदा में सुबह 8 बजे से फिजिकल ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान छात्राओं ने दौड़, गोला फेक, लंबीकूद, रस्सीकूद एवं अन्य सामान्य गतिविधियों में भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय त्रिपाठी ने बताया कि महिला सशक्त वाहिनी अभियान की कक्षाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक बालिकाओं का पुलिस भर्ती में चयन कराना है। उन्होंने बताया कि छात्राएं नियमित रूप से सोमवार से शुक्रवार तक सामान्य गणित, सामान्य विज्ञान, सामान्य बुद्धि एवं मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान विषय से संबंधित तैयारी बाल गृह भवन हरदा में करती हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि क्लास में 70 छात्राओं का पंजीयन हो गया है। समय समय पर जिले के अधिकारी मार्ग दर्शन देने के लिए क्लास में आते हैं। इन छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा हर तरह से मदद की जा रही है ताकि ये छात्राएं लिखित व फिजिकल दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर सकें एवं सफल हो सकें। इन छात्राओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इसी सप्ताह किया जाएगा।

# भैरो अष्टमी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन

सत्ता सुधार ■ हरदा



प्राचीन जय श्री वीर भैरो बाबा मानपुरा में 200 साल से भी अधिक पुराना मंदिर है। वर्तमान समय के साथ मंदिर का नवनिर्माण हुआ है, स्थान पर धार्मिक मानता के अनुसार टाटू बाबा देशवाली द्वारा बैठक का स्थान भी प्रभावी लोकहित का रहा था। समिति परिवार के रद्दू पहलवान ने बताया कि मानपुरा का यह स्थान पूर्व में राजस्थान से आये लोगों की शरण स्थली भी रहा है। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश संस्कृति का मिला जुला तालमेल मन्दिर में पूजन विधि में देखा जा सकता है। धार्मिक आधार पर मंदिर में लोग अपने संकट दूर करने हेतु वीर भैरो बाबा पर सिंदूर का श्रृंगार व नारियल की भेट रखते है। संकट दूर होने पर मंदिर में नारियल को बंदारकर वितरण करने की अनोखी विधि है। लोगो का मानना है की मंदिर में हवन की भवुति को साल भर वितरण किया जाता है। जिसे लोग कंठ पर तिलक लगाते है।

भैरो अष्टमी पर विशेष अवसर पर सुबह पूजन, हवन का आयोजन किया गया। महाआरती प्रसादी के बाद भव्य भंडरे का आयोजन किया गया। समिति द्वारा रात्रि में मंदिर में रात्रि की महाआरती के साथ भजन व पाठ का आयोजन रखा जाता है।

## वक्ताओं ने रखे विचार, कवियों ने सुनाई कविताएं

# संविधान दिवस के उपलक्ष्य में काव्य और विचार गोष्ठी

सत्ता सुधार ■ सीहोर

रविवार को शहर टाउन हाल के पास समता साहित्य कलामंच के तत्वाधान में संविधान दिवस उपलक्ष्य में काव्य और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में साहित्यकार हरीश आर्य, सृजन साहित्य परिषद के अध्यक्ष विनोद पंसारी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य और वरिष्ठ साहित्यकार रामनारायण राठौर ने की।



इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित जनों ने संविधान की महत्ता पर अपने विचार प्रकट किए। वहीं काव्यगोष्ठी की शुरूआत वरिष्ठ साहित्यकार द्वारिका बांसुरिया सरस्वती वंदना का पाठ कर की। इसी क्रम में कवि रामसिंह परमार, लक्ष्मण चौकसे, आदित्य हरि गुप्ता, हीरालाल शर्मा, विनोद पंसारी, जोरावर सिंह, हरीश आर्य, रामनारायण राठौर ने कविता पाठ किया। इसके साथ ही बीएस राणे, भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले, कपिल सूर्यवंशी, कृष्णा साबले, विवेक शर्मा, प्रशांत भैरवे, जितेन्द्र राठौर, अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके आकाश भैरवे, राकेश चक्रधर, प्रवेश राजपूत, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। काव्यगोष्ठी का संचालन हीरालाल शर्मा ने किया, और आभार प्रदर्शन रामसिंह परमार ने व्यक्त किया।

# आंदोलन के चतुर्थ चरण में प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल में करेंगे जंगी प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन जारी, तृतीय चरण में दिनांक 22 नवंबर को एक घंटे ओर आज 23 नवंबर को 2 घंटे अपने कार्य के अतिरिक्त मरीजों की सेवा की, अब चतुर्थ चरण में दिनांक 25/11/24 सोमवार को स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रदेश के समस्त जिलों से भोपाल में सैकड़ों,हजारों की संख्या में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री जी मुख्यसचिव को ज्ञापन दिया जाकर ध्यान आकर्षित किया जाएगा। महासंघ द्वारा सभी नर्सिंग संवर्ग, पैरामेडिकल, संविदा कर्मचारी, आउटसोर्स, रोगी कल्याण समिति,आदि सभी वर्गो की 15 सूत्रीय मांगो के निराकरण हेतु निरंतर ज्ञापन दिया जा रहा है मांगो के संबंध में अवगत कराया जा रहा हे, महासंघ द्वारा निरंतर बार बार शासन,विभाग से निवेदन कर प्रयास किया जा रहा हे ,मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निराकरण हो ताकि हड़ताल पर न जाना पड़े क्योंकि अगर हड़ताल पर चले गए तो इसका जोखिम मरीजों को न भुगतना पड़े , मरीजों को असुविधा न हो, हम सभी स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी मानव सेवा करते हे, लेकिन फिर भी विभाग की मनमानी के चलते कोई समाधान नहीं किया गया जिसके कारण प्रदेश के कमचारियों में असंतोष व्याप्त हे जबकि अधिकतम महासंघ की मांगें अनार्थिक ओर सैद्धांतिक हे जिसमें शासन,विभाग पर कोई वित्तीय बोझ भी नहीं आएगा, फिर भी अनदेखा किया जा रहा हे, जिससे सभी वगोज़् के कर्मचारियों में आक्रोश हे, शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो इसके बाद मांगो को अनदेखा कर निराकरण नहीं किया तो आगामी निर्णय, हड़ताल पर प्रदेश के समस्त स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### अमेरिकी भागीदार के साथ नई इलेक्ट्रिक बाइक बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प अपनी अमेरिकी भागीदार जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ एक नई इलेक्ट्रिक बाइक का विकास कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैलिफोर्निया की कंपनी जीरो मोटरसाइकिल्स इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और पावरट्रेन में विशेषज्ञता रखती है। सितंबर, 2022 में हीरो मोटोकॉर्प के निदेशक मंडल ने कंपनी में छह करोड़ अमेरिकी डॉलर तक के इक्विटी निवेश को मंजूरी दी थी। वर्ष 2023 में कंपनियों ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक के विकास के लिए सहयोग की घोषणा की थी। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि जहां तक ईवी मोटरसाइकिल की बात है तो हम जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ साझेदारी में इसका विकास कर रहे हैं, यह मध्यम वजन खंड में आएगी। उन्होंने कहा कि यह अग्रिम चरण में है। हमने अभी तक इसके लिए समयसीमा की घोषणा नहीं की है, लेकिन हम कुछ ऐसा देख रहे हैं जो बहुत दूर नहीं होगा।

### हुंडई मोटर नॉर्थ अमेरिका ने 42,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाया

**न्यूयॉर्क।** हुंडई मोटर नॉर्थ अमेरिका ने एक बयान जारी करके घोषणा की कि वे 42,000 से अधिक वाहनों को वापस बुलाने जा रहे हैं। इस निर्णय का मुख्य कारण एक वायरिंग समस्या है, जो इन वाहनों के रोलिंग को खतरे में डाल सकती है। अमेरिकी नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन की जानकारी अनुसार इस समस्या को 2025 हुंडई सेंटा और हुंडई टक्सन मॉडल्स में पाया गया है। इन वाहनों में एक गंभीर ट्रांसमिशन दोष है जिसके कारण ये वाहन बिना ब्रेक पैडल दबाए पार्क मोड से बाहर शिफ्ट हो सकते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना है।

### जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने को तैयार

**मुंबई।** अभिनेता जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने को तैयार हैं। कोयंबटूर में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में जॉन ने मोटरस्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून, अपनी टीम गोवा एसेस, भारत में खेल के भविष्य, अपनी मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं के साथ अन्य चीजों पर चर्चा की। जॉन ने खुलासा किया, आरपीपीएल (रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड) के मालिक अखिल रेड्डी ने मुझसे संपर्क कर इसके बारे में बात की। मुझे फॉर्मूला-4 का प्रचार करना बहुत पसंद है। मुझे यह अवधारणा बहुत पसंद आई और मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। जॉन ने भारत में मोटर स्पोर्ट्स के भविष्य पर कहा, मुझे लगता है कि मोटर स्पोर्ट्स में भारत को अभी बहुत आगे जाना है। यह एक सुंदर खेल है। हर ट्रैक का एक रन-ऑफ एरिया होता है। मोटर स्पोर्ट्स हमारी सार्वजनिक सड़कों की तरह खतरनाक नहीं हैं। सुरक्षित वातावरण में भाग लेना बहुत अच्छा है। जो माता-पिता चाहते हैं, कि उनके बच्चे मोटर स्पोर्ट्स में भाग लें, उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने हेलमेट बनाने के अपने नए बिजनेस का भी जिक्र किया।

### मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल पूर्वस्तर पर बंद हुए

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल में सुधार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

हाजिर बाजार में कीमतें कम होने से मंडियों में आवक घटने की वजह से शनिवार को देश के प्रमुख बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के की कीमतों में सुधार देखा गया। सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि किसानों के पास अब सरसों का काफी कम स्टॉक बचा है और हाजिर बाजार का दाम कम रहने की वजह से वे मंडियों में कम माल ला रहे हैं।

यही हाल सोयाबीन तिलहन का भी है। मंडियों में सोयाबीन के हाजिर दाम कम हैं और सभी जान रहे हैं कि सरकारी खरीद में किसानों की सारी



ऊपज खरीदा नहीं जा सकता। ऐसे में जब हाजिर दाम कम हो तो किसानों को उम्मीद है कि सरकार सोयाबीन किसानों के लिए कुछ कदम उठायेगी। इस उम्मीद में वे मंडियों में उपज भी कम ला रहे हैं। यही नजारा कपास के मामले में भी है। सोमवार को विदेशी एक्सचेंजों के खुलने के बाद आगे के रुख के बारे में पता लगेगा।

वहीं शनिवार को तेल तिलहन के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 6,550-6,600 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,350-6,625 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 14,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,220-2,520 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 13,650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,260-2,360 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,260-2,385 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 13,700 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,700 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,400 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 14,000 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 13,000 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,425-4,475 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,125-4,160 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,100 रुपये प्रति क्विंटल।

# केन्या में हवाई अड्डा संचालन के लिए कभी नहीं किया समझौता : अदाणी समूह

### परियोजना सेबी के प्रकटीकरण नियमों के दायरे में नहीं आती

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अरबपति अदाणी के समूह ने कहा कि उसने केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के संचालन के लिए कोई समझौता नहीं किया है। केन्या में 30 वर्षों के लिए प्रमुख विद्युत पारेषण लाइनों के निर्माण और संचालन के लिए पिछले महीने हस्ताक्षरित समझौते के बारे में समूह ने कहा कि यह परियोजना सेबी के प्रकटीकरण नियमों के दायरे में नहीं आती, इसलिए इसके रद्द होने पर किसी प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है।

समूह ने शेयर बाजारों द्वारा भेजे गए नोटिसों का जवाब देते हुए यह बात कही। शेयर बाजारों ने समूह के संस्थापक पर अमेरिका में अभियोग लगाए जाने के बाद केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो द्वारा खरीद प्रक्रिया को रद्द करने के बारे में आ रही खबरों की सच्चाई जाननी चाही थी। सौदे के तहत देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण अदाणी समूह की कंपनी को मिलना था। हवाईअड्डा कारोबार का संचालन करने वाली अरबपति गौतम अदाणी




के समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने इस साल अगस्त में हवाई अड्डों के उन्नयन, आधुनिकीकरण और प्रबंधन के लिए केन्या में एक अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी स्थापित की थी। कंपनी ने कहा कि कंपनी उक्त परियोजना के लिए संबंधित प्राधिकरण के साथ चर्चा कर रही थी, लेकिन आज तक न तो कंपनी और न ही इसकी अनुषंगी कंपनियों को (1) केन्या में कोई हवाई अड्डा परियोजना दी गई है, या (2) केन्या में किसी हवाई अड्डे के संबंध में कोई बाध्यकारी या निश्चित समझौता नहीं किया गया है। उसने केन्या द्वारा हवाई अड्डा सौदे को रद्द करने की खबरों की पुष्टि या खंडन नहीं किया।

### अदाणी समूह की 11 कंपनियों पर अमेरिका में कोई अभियोग नहीं : सीएफओ

अदाणी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी जुगेशिंदर सिंह ने समूह पर लगाए गए फर्जीवाड़े के आरोपों का खुलासा किया है। जुगेशिंदर सिंह ने अदाणी ग्रीन कंपनी से जुड़े अनुबंध को लेकर उठाए गए आरोपों को नकारा और बताया कि समूह की कोई भी कंपनी अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा दायर मामले में प्रतिवादी नहीं है। उन्होंने एक एक्स पोस्ट के माध्यम से बताया कि समूह की 11 सार्वजनिक कंपनियों या उनकी सहायक कंपनियों में से कोई भी अमेरिकी न्याय मंत्रालय (डीओजे) द्वारा दायर मामले में प्रतिवादी नहीं है, न ही उन पर गलत काम करने का आरोप है। उन्होंने भी यह जानकारी दी कि समूह ने अपने ऑफरिंग सर्कुलर में संभावित जोखिमों का खुलासा किया था, जिसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। सिंह ने कहा कि कुछ



असत्य खबरों के चलते उनके खिलाफ सनसनी फैला दिया जा रहा है, और वह कानूनी इलिंग में उल्लिखित मामले की विस्तृत समीक्षा के बाद प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने दुरुपयोग को नकारते हुए कहा कि कोई भी न्यायिक फैसला अब तक नहीं हुआ है और आरोपी को निर्दोष माना जाना चाहिए। वह व्यक्ति समूह ने परिषद की मंजूरी मिलने के बाद अधिक टिप्पणी करने का एलान किया है और उन्होंने भी आलेखिक नई सोच के मामलों पर सार्वजनिक चर्चा करने का आदेश दिया है। अदाणी समूह ने पहले से ही अमेरिकी न्याय मंत्रालय और प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग के आरोपों का खंडन किया था।

# पीजी इलेक्ट्रो प्लास्ट के शेयर ने निवेशकों को किया मालामाल




### 1 लाख रुपये लगाने वाला भी बना करोड़पति

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज और प्लास्टिक मोल्डिंग सेक्टर की कंपनी पीजी इलेक्ट्रो प्लास्ट के शेयर ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। पांच साल पहले इस शेयर की कीमत केवल 3.77 रुपये थी, जो अब बढ़कर 680 रुपये हो गई है। ऐसा नहीं है कि इस मल्टीबैगर स्टॉक ने केवल लॉन्ग टर्म में ही शानदार रिटर्न दिया है, पिछले छह महीनों में ही इसकी कीमत में 187 फीसदी का इजाफा हो चुका है। पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, कंज्यूमर ड्यूरेबल और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग सेवाएं देती है। 2003 में स्थापित यह कंपनी ओरिजिनल डिजाइन मैन्यु-फैक्चरिंग, ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग और प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी के ग्राहकों में बीपीएल, बजाज इलेक्ट्रिकल्स, ऐसर, ब्लूस्टार, गोदरेज, हैवल्स, लॉयड, एलजी, हुंडई, रिलायंस डिजिटल, व्हर्लपूल और वोल्टास जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

कंपनी 45 से अधिक भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स को अपनी सेवाएं देती हैं। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट का शेयर 22 नवंबर 2024 को 683.85 रुपये पर बंद हुआ। 22 नवंबर 2019 को इसकी कीमत मात्र 3.77 रुपये थी। इस तरह पांच साल की अवधि में इस मल्टीबैगर शेयर ने 18,039 फीसदी का रिटर्न दिया। पिछले एक महीने में इस शेयर की कीमत में 15 फीसदी का उछाल आया है। पिछले छह महीने में यह शेयर 162 फीसदी तो सालभर में 186 फीसदी उछला है।

# वैश्विक रुझान से शेयर बाजारों की दिशा तय होगी

**महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी बाजार सोमवार को**




**एजेंसी ■ मुंबई**

इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी बाजार सोमवार को प्रतिक्रिया देगा। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण हैं। खासकर महाराष्ट्र जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकतरफा जीत दर्ज की है। हालांकि, वैश्विक कारक बाजार के लिए जोखिम पैदा करते रहेंगे। रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में मजबूती और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी से रुपये पर दबाव पड़ रहा है, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से रिकॉर्ड निकासी हो रही है। उन्होंने कहा कि बाजार की दिशा के लिए एफआईआई का प्रवाह महत्वपूर्ण रहेगा। महाराष्ट्र चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और झारखंड में इंडिया गठबंधन ने अपनी सत्ता बरकरार रखी है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर का उतार-चढ़ाव भी बाजार को प्रभावित करेगा। वैश्विक स्तर पर पर अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी निवेशकों की धारणा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीडीपी सहित व्यापक आर्थिक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। बाजार भागीदारों की निगाह एफआईआई के प्रवाह पर रहेगी, खासकर हाल के समय की उनकी बिकवाली को देखते हुए।

### मेक्सिको को अमेरिका-कनाडा व्यापार समझौते से बाहर होने का डर

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको को डर है कि अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प या कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो उनके देश को अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते से बाहर करने की कोशिश कर सकते हैं। दरअसल मेक्सिको को उत्तरी अमेरिका में चीनी पुर्जों और उत्पादों को पहुंचाने के लिए एक माध्यम के रूप में काम करने पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मेक्सिको की सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी व्यापार समझौते में शामिल न होने की बात से इतना डरी हुई है कि राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि सरकार कंपनियों को चीनी पुर्जों को स्थानीय रूप से निर्मित पुर्जों से बदलने के लिए अभियान चला रही है। हमारे पास चीन से आने वाले इन आयातों को बदलने और उनमें से अधिकांश का उत्पादन मेक्सिको में करने के लिए एक योजना है। उन्होंने कहा कि ये काम मुख्य रूप से मेक्सिको की कंपनियां या उत्तरी अमेरिका की कंपनियां करेंगी। उन्होंने दावा किया कि मेक्सिको 2021 के वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट के बाद से इस दिशा में काम कर रहा है और इस काम में कई चुनौतियां हैं।

# ट्रंप शासनकाल में भारत को अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं। ट्रंप शासनकाल में भारत को अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप 2.0 में भारत ग्लोबल सप्लाई चेन में एआई और सेमीकंडक्टर जैसे टेक्नोलॉजी सेक्टर में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। शनिवार को आई इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत को पिछले निवेशों और चीन+1 रणनीति जैसे नीतिगत बदलावों के कारण अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा। उच्च अमेरिकी कॉर्पोरेट कर कटौती की संभावना आईटी खर्च को बढ़ा सकती है, जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को लाभ होगा। रिपोर्ट के अनुसार, फार्मास्युटिकल और डिफेंस सेक्टर में भारतीय व्यवसायों को नए अवसर मिल सकते हैं, खासकर अगर अधिक मजबूत इंडो-पैसिफिक रक्षा रणनीति के जवाब में यूएस-भारत सहयोग मजबूत होता है तो भारत को इसका फायदा मिलेगा। ट्रंप का दूसरा कार्यकाल आर्थिक



विकास के वादों और वैश्विक व्यापार तनाव की चुनौतियों दोनों से भरा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी डॉलर और राजकोषीय नीतियों की मजबूती वैश्विक बाजारों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है। जैसे-जैसे नीतियां सामने आती हैं, देशों और क्षेत्रों को ट्रंप 2.0 द्वारा संचालित विकासशील परिदृश्य के अनुकूल होने के लिए तैयार रहना होगा।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया रूप दे सकती है ट्रंप की नीति

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया रूप दे सकती है। उनके दृष्टिकोण में आयात को कम करना शामिल है, विशेष रूप से चीन से, ताकि अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा मिले। उभरते बाजारों को चुनौतियों और अवसरों का मिश्रित सामना करना पड़ता है। कुछ देशों को मजबूत डॉलर और उच्च टैरिफ के कारण निर्यात की लागत में वृद्धि देखने को मिल सकती है, जो विशेष रूप से आईटी और फार्मास्युटिकल सेक्टर को प्रभावित करती है। इसके विपरीत मैक्सिको जैसे राष्ट्र चीन से विनिर्माण संचालन को हटाकर लाभ उठा सकते हैं। भू-राजनीतिक रूप से ट्रंप की नीतियों से चीन के साथ तनाव बढ़ने की संभावना है और अलायंस में बदलाव हो सकता है, क्योंकि जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश अपनी रणनीतियों का दोबारा मूल्यांकन कर रहे हैं। यूरोपीय संघ अधिक आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर सकता है। अमेरिकी प्रभाव क्षेत्र से परे नए गठबंधनों को बढ़ावा दे सकता है। ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियों और भारत पर उनके प्रभाव पर आने वाले महीनों में नजर रखे जाने की जरूरत होगी।

**बढ़ोतरी** | सेंसेक्स की प्रमुख शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

# 10 में से आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.55 लाख करोड़ बढ़ा

**एजेंसी ■ मुंबई**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 1,55,603.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में भी गिरावट आई। अन्य कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 40,392.91 करोड़ रुपये बढ़कर 13,34,418.14 करोड़ रुपये हो गया। सबसे अधिक लाभ




एचडीएफसी बैंक को ही हुआ। टीसीएस की बाजार हैसियत 36,036.15 करोड़ रुपये बढ़कर 15,36,149.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,266.54 करोड़ रुपये बढ़कर 9,01,866.22 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 16,189.33 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,151.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 13,239.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 5,74,569.05 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 11,508.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,94,272.93 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 11,260.11 करोड़ रुपये बढ़कर 8,94,068.84 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 10,709.55 करोड़ रुपये बढ़कर 7,28,293.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस रुख के विपरीत भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.24 करोड़ रुपये घटकर 5,62,545.30 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 2,368.16 करोड़ रुपये घटकर 17,13,130.75 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# एयर इंडिया ने पूर्वोत्तर से अपनी उड़ानें बढ़ाईं

**पिछली सर्दियों की तुलना में 20 अधिक**

**एजेंसी ■ गुवाहाटी**

गुवाहाटी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने शीतकालीन कार्यक्रम के तहत पूर्वोत्तर के तीन प्रमुख गंतव्यों- गुवाहाटी, अगरतला और इंफाल से उड़ानें बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइन के द्वारा की गई इस घोषणा से यात्रियों की सुविधा में सुधार की उम्मीद है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुवाहाटी से अपने परिचालन को पिछली सर्दियों के 63 से बढ़ाकर 106 साप्ताहिक उड़ानें कर दिया है। यह दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, इंफाल, जयपुर और कोलकाता के गंतव्यों के लिए सीधा संपर्क प्रदान करने में मदद करेगा। एयरलाइन ने गुवाहाटी से 18 घरेलू गंतव्यों और छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए वन-स्टॉप संपर्क भी प्रदान करने का ऐलान किया है। इंफाल में भी उड़ानों की संख्या को बढ़ाकर यात्रा के लिए नई सुविधाएं पेश की हैं। एक अधिकारी ने इस सुधार के महत्व को बढ़ाते हुए कहा कि हमारे बेड़े में अब 90 से अधिक विमान हैं और यह तेजी से बढ़ रहा है। हम भारतीय शहरों की उभरती जरूरतों का समर्थन करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। इस विस्तार योजना से पूर्वोत्तर के लोगों के लिए सस्ती सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को भी फायदा होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनेगी पूर्व विधायक सूबेदार की पुण्यतिथि

**कैलारस।** भाजपा नेता भानु प्रताप सिंह सिकरवार चिंटू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि गांधीवादी, समाजवादी, चम्बल घाटी के पुरोधा, कानूनविद, लोकप्रिय राजनेता, हमेशा समाज के गरीब, दलित, शोषित, निर्धन, वंचित, बेसहारा, बेबस, असहाय, दलित आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग पर अन्याय, अत्याचार के विरूद्ध हमेशा संघर्षशील रहने वाले स्व. सूबेदार सिंह सिकरवार 'बाबूजी' (पूर्व विधायक एवं लोकतंत्र सेनानी) की प्रथम पुण्यतिथि 27 नवम्बर बुधवार दोपहर 11 बजे कैलारस में सामाजिक सध्द्भावना दिवस रूप में मनाई जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह तोमर अध्यक्ष म.प्र. विधानसभा भोपाल, अध्यक्षता शिवमंगल सिंह तोमर (सांसद, मुरैना श्योपुर) विशिष्ट अतिथि ऐंदल सिंह कंषाना कृषि मंत्री, रामनिवास रावत शाहिद अनेक मंत्री विधायक आदि उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम सामाजिक एनिमेटर संघ के अध्यक्ष बने दीपेश

**मुरैना।** विगत दिवस भोपाल में आयोजित ग्राम सामाजिक एनिमेटर संघ की बैठक के दौरान प्रदेश के उपाध्यक्ष परीक्षित शर्मा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अतुलकांत शर्मा द्वारा मुरैना जिले की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी में दीपेश शर्मा को मुरैना जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। दीपेश शर्मा के अध्यक्ष बनने के बाद उनको बधाई देने वालों में पूर्व अध्यक्ष नितिन शिवहरे, कुलदीप शर्मा, हरिओम शर्मा, बरकत अली, रवि कुशवाह, मोनू श्रीवास, श्रीकृष्ण, अजय तोमर, राजकुमार, रामायणी, बबली नन्दा, मीना केन, रीना दंडोतिया, रीना कुशवाहा, सहित जिले भर के लोग शामिल रहे।

# परिवार भतीजी की शादी में गया, इधर चोर नसैनी लगाकर घर से ले उड़े 7 लाख का माल

## रात 2:00 बजे घर पहुंचा तो चोरी का चला पता, सीसीटीवी में देख रहे चोर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली के अंतर्गत यादव कॉलोनी नई बस्ती में बीती रात चोर गैंग ने एक घर में नशेनी लगाकर लाखों रुपए का जेवर एवं नगदी समेटकर फरार हो गए। परिवार अपनी भतीजी की शादी में माधौपुरा की पुलिया स्थित गोकुल गार्डन में व्यस्त था। इसी का फायदा उठाकर चोर गैंग ने देर रात्रि 12:57 बजे उक्त चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। घटना का पता रात्रि 2:00 बजे पीड़ित को उस समय लगा जब वह किसी काम से घर गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके



पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहबूब खान निवासी यादव कॉलोनी नई बस्ती के बड़े भाई निजाम खान की बेटी की शादी शनिवार को गोकुल गार्डन में थी, जिसमें बीती रात महबूब खान का पूरा परिवार घर में ताला डालकर गया हुआ था। मौका देखकर चोर गैंग ने महबूब खान के घर को निशाना बनाया और नशेनी लगाकर घर के अंदर प्रवेश कर गए तथा कमरे के दरवाजे खोलकर अलमारी में रखा डेढ़ लाख रुपया नगद, 5 तोला सोना, 1 किलो चांदी सहित अन्य सामान समेट कर रफू चक्कर हो गए स रात्रि 2:00 बजे के लगभग महबूब खान को किसी काम से अपने घर पर आना पड़ा, तब उसने देखा कि सभी दरवाजे खुले पड़े थे और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। महबूब खान समझ गया चोरी हो गई है, उसने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी स इसके बाद हंड्रेड डायल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा निरीक्षण करने के बाद मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए, जिनमें चोर गैंग दिखाई दे रही है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चोरों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। महबूब खान के अनुसार चोर गैंग लगभग 7 लाख रुपए का माल चोरी कर ले गई है। शहर में पुलिस की निष्क्रियता के कारण घरों, प्रतिष्ठानों से चोरी के अलावा बाइक चोरी की घटनाएं आए दिन हो रही हैं, लेकिन पुलिस अधिकारी रात्रि गस्त करने वाले कर्मचारियों की लगाम नहीं कस रहे, जिस कारण चोर गैंग के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

## चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली के लिए आरटीओ विभाग ने फ्लाईओवर पुल पर लगाया जाम

**मुरैना।** रविवार की दोपहर परिवहन विभाग अधिकारी एवं उनके अधीनस्थों द्वारा भारी वाहनों की चेकिंग के नाम पर फ्लाईओवर पुल के ऊपर वाहनों को रोककर अवैध वसूली की जा रही थी, जिसके चलते वहां 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

बताया जाता है कि परिवहन विभाग अधिकारी के अधीनस्थों द्वारा फिल्मी स्टाइल में पुल के ऊपर अपनी गाड़ियों को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया और सभी वाहनों को रोक दिया। परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी के द्वारा वाहन मनमानी पूर्वक वाहनों को रोका जा रहा था। इस बीच तमाम यात्री वाहन एवं लोगों के निजी फोर व्हीलर वाहन जाम में काफी देर तक फंसे रहे तथा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। परिवहन विभाग के द्वारा नियम कानून को ठेंगा दिखाते हुए जिस तरीके से ट्रक, टैंकर, कंटेनर आदि को रोककर अवैध वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा था, उसे वहां से गुजरने वाले लोग देख रहे थे। गौरतलब है कि परिवहन विभाग द्वारा जिले भर में दौड़ रहे बिना परमिट एवं बिना दस्तावेजों के खटारा वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और अवैध वसूली अभियान लगातार चलाए जा रहा है। चेक पोस्ट बंद होने के बाद परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अब हाईवे पर आए दिन अवैध वसूली करते नजर आते हैं, वहीं कर्मचारी भी जमकर मलाई काट रहे हैं।

## एनसीसी छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली, गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




सत्ता सुधार ■ मुरैना

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना में एनसीसी कैडेटों द्वारा एनसीसी डे मनाया गया। इसके अंतर्गत कैडेटों ने एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया, साथ ही उन्होंने महाविद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। तत्पश्चात महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ ए एस गहलोत एवं एनसीसी अधिकारी मेजर राजवीर सिंह किरार ने अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ गहलोत द्वारा बताया गया कि गुरु तेग बहादुर जी ने हिंदुओं के साथ-साथ अन्य धर्म की भी रक्षा करते हुए अपना बलिदान दिया था। गुरु तेग बहादुर जी अमृतसर में 1 अप्रैल 1621को माता नानकी की कोख से पैदा हुए उनका बचपन का नाम त्यागमल था। उनके जीवन का हर क्षण मानवता की सेवा और धर्म के उत्थान के लिए समर्पित था। गुरु जी के समय देश मुगल शासक औरंगजेब के अधीन था जिसने जबरन धर्म परिवर्तन और अत्याचारों का सहारा लिया हुआ था। कश्मीरी पंडित एवं अन्य लोग गुरु जी के पास मदद के लिए आए गुरु जी ने न केवल उनकी पीड़ा सुनी बल्कि उनकी धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने का निश्चय किया। आज के दिन हम गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेते हैं कि हम भी अपने जीवन में सत्य, न्याय और परोपकार के मार्ग पर चलेंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय में वीरेंद्र सेमिल, आदिराम दंडोतिया, परमाल एवं 54 एनसीसी कैडेट्स के साथ कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## डिवाइडर से टकराई बाइक, टंकी फूटने से लगी आग, दो युवक घायल

**मुरैना।** नूराबाद थाना क्षेत्र के पास रविवार की सुबह शराब पीकर बाइक चला रहे दो युवकों की बाइक एक डिवाइडर से टकरा गई और टंकी फूटने से बाइक में आग लग गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ओपी रावत ने बताया कि बाइक पर सवार मनीष पुत्र पप्पू बाथम निवासी पटिया वाले बाबा एवं बबलू पुत्र राम लखन निवासी बानमोर रविवार की सुबह बाइक से मुरैना की तरफ से आकर बानमोर जा रहे थे और दोनों शराब के नशे में थे, तभी बाइक एक डिवाइडर से टकराई, जिससे दोनों युवक उछलकर गिर पड़े और बाइक की टंकी फूटने से उसमें आग लग गई और बाइक जलकर राख हो गई। नूराबाद के समीप हादसा देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तथा लोग वीडियो वायरल करने लगे स सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## छौंदा टोल टैक्स पर हुआ भीषण हादसा, तेज स्पीड ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर कार टकराया, दो गंभीर घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

रविवार की सुबह छौंदा टोल टैक्स पर हुए एक्सीडेंट के बाद कोहराम मच गया, जिस तरीके से एक्सीडेंट हुआ उसने लोगों को हिला कर रख दिया। जब एक कार टोल गेट से निकल रही थी, तभी उसके पीछे एक ट्रैक्टर आया और उस ट्रैक्टर के पीछे तेज गति से ट्रक चालक ने टक्कर मार दी, जो जाकर कार से टकराया और ट्रैक्टर पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में किया कार पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि उसमें सवार लोगों को चोट नहीं आई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आरोपी ट्रक चालक का पता लगाया जा रहा है वहीं घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस भीषण हादसे से लोग हैरान और परेशान नजर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 7:30 बजे के लगभग छौंदा टोल टैक्स पर सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था




जिस तरीके से हादसा हुआ कई लोगों की जा सकती थी जान, आरोपी ट्रक चालक हुआ फरार

और मुरैना से ग्वालियर के लिए जाने वाले वाहन टोल गेट से निकल रहे थे। जब टोल गेट पर कार निकलने को हुई, तभी उसके पीछे चल रहे ट्रैक्टर को उसके पीछे तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी स टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली आगे चल रही कार पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस भीषण दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार सत्यपाल पुत्र रामभारोषी गुर्जर 65 निवासी बेड़ा, जीतू पुत्र रमेश गुर्जर 60 निवासी घुरैया बसई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए ग्वालियर रैफर किया गया है। बताया था कि यह दोनों ट्रैक्टर पर सवार युवक अपने गांव जा रहे थे। सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे चेक कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# ई-रिक्शा संचालन से रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर दिनभर लगा रहता है जाम



### यात्री एवं आम जनता परेशान, पुलिस वाले गाड़ी से उतरकर उन्हें हटाने के लिए भी नहीं निकलते

सत्ता सुधार ■ मुरैना

वैसे तो पूरे शहर में ही ई-रिक्शा संचालन के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और दिन भर ट्रैफिक जाम किसी भी मार्ग पर देखने को मिल सकता है। शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था के प्रति जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता, केवल कलेक्टर की बैठक में ही बड़ी-बड़ी बातें यातायात व्यवस्था को लेकर दफन कर दी जाती हैं। शहर में अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर कलेक्टर की बैठक में तमाम बार कई निर्णय लिए गए, लेकिन धरातल पर उसका अमल अभी तक नहीं हुआ है। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर पूरे दिन ई-रिक्शा संचालक बड़ी तादात में खड़े हो जाते हैं, जिससे यात्रियों का स्टेशन से अंदर बाहर जाना भी मुश्किल हो रहा है और पुलिसकर्मी तमाशा देखते रहते हैं। शहर में एक और अतिक्रमण तो दूसरी ओर 10,000 से अधिक की संख्या में शहर की सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शा पूरी तरह से यातायात व्यवस्था को तहस-नहस कर रहे हैं। यातायात पुलिस की हालत यह है कि वह यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय केवल दोपहिया वाहनों की चेकिंग में जुटी हुई है और कुछ यातायात पुलिसकर्मी मोबाइल गाड़ी में लगे साउंड के द्वारा ठेले वालों एवं गाड़ी वालों को हटाने की कहकर निकल जाते हैं, लेकिन कोई इन पुलिसकर्मियों की बातों पर ध्यान नहीं देता। यातायात पुलिस का काम है कि वह सड़कों पर गलत तरीके से वाहन पार्किंग कर रहे वाहन चालकों पर कार्यवाही करें अथवा उनकी गाड़ियों को उठाकर यातायात चौकी में बंद करें, लेकिन ऐसा ना करते हुए पुलिसकर्मी केवल ड्यूटी के नाम पर खाना पूर्ति कर रहे हैं। शहर के स्टेशन रोड पर मुरैना रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुबह से लेकर देर रात तक ई-रिक्शा चालक में गेट पर रास्ता बंद करके खड़े हो जाते हैं, जिस कारण इस रोड पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, वहीं हाथ खेल भी यहां लगे रहते हैं, जिस कारण जाम बना रहता है। यहां से पुलिस की मोबाइल गाड़ियों में बैठकर निकलने वाले पुलिस कर्मचारी केवल सायरन बजाते हुए निकल जाते हैं, लेकिन जाम लगाने वालों पर कोई एक्शन नहीं लेते हैं।

शहर को सुंदर एवं विकसित बनाने तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में कई बार बैठक हो चुकी है, जिसमें पुलिस अधीक्षक, नगर निगम कमिश्नर सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी हर बैठक में मौजूद रहे हैं। इन बैठकों में हर बार जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सभी मिलकर शहर में अतिक्रमण हटाने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के बड़े-बड़े दावे करते नजर आते हैं, लेकिन बैठक समाप्त होने के बाद इन पर कोई अमल नहीं किया जाता। अधिकारियों कि इस निष्क्रियता के कारण शहर तमाम समस्याओं से ग्रसित है और यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

### पटवारी रिश्तेदार होने के कारण नहीं हो पा रही है ठोस कार्यवाही

# तेल मिल फैक्ट्री डालने के लिए दबंग ने किया शासकीय भूमि पर कब्जा

सत्ता सुधार ■ कैलारस

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोंडेरा मैं दबंगों द्वारा तेल मिल लगाने के लिए मेन सड़क से सटकर सरकारी जमीन पर बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पंचनामा तैयार कर ग्राम पंचायत द्वारा सरपंच, सचिव ने भी तहसील कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है एवं एसडीम को भी सूचित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया उक्त मार्ग पर एक नवीन भवन अथवा उद्योग धंधे हेतु फै क्ट्री आदि का निर्माण हो रहा है, जिसमें आगे की नीव कुर्सी बाउंड्री को प्रधानमंत्री सड़क से सटकर



बनाया जा रहा है। समस्त ग्राम वासियों एवं कृषको को आपत्ति है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कारण हमारे गांव को सिंचाई हेतु पानी लाने हेतु पंचायत द्वारा नाला निर्माण आदि दूरी तक किया है, जिसे विस्तार कर एल-5 नहर के नरुआ से मिलाया जावेगा, जिसके लिए अतिक्रमणकारियों ने जगह तक नहीं छोड़ी है और उसके लिए पर्याप्त जगह नहीं है। उक्त जगह पर दबंग व्यक्ति दर्शन पुत्र रतिराम धाकड़ निवासी निरारा ने अपना कब्जा कर लिया है। ऐसी स्थिति में हमारे गांव के लिए सूखे की स्थिति पैदा हो जाएगी और आगे अति बर्षा के कारण अवरोध पैदा होगा। हमने शासन प्रशासन को सूचना दे दी है, लेकिन अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया है कि दबंग व्यक्ति पंचायत हल्के के पटवारी सतीश धाकड़ का रिश्तेदार बताया जा रहा है, जिससे निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**इनका कहना है**

मैं जानकारी लेता हूं, अगर वास्तव में शासकीय जगह पर अतिक्रमण किया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

**-वीरेंद्र कटारे,**
**एसडीएम सबलगढ़**

दिनांक: 22 नवम्बर 2024



॥ श्री गणेशाय नम: ॥

आयुष्मति- सौम्या

सुपौत्री: स्व. श्रीमती नारायण - श्री सुरेन्द्र तिवारी (रामबहादुर)
सुपुत्री : श्रीमती छाया - श्री सत्येन्द्र तिवारी
निवासी: नगर पंचायत ऊमरी, जिला जालौन (उ.प्र.)
हाल निवासी: गणेशपुरा, मुरैना (म.प्र.)

का शुभ विवाह

आयुष्मान- आयुष

सुपौत्र: स्व. श्रीमती उमा देवी - श्री सुरेशचन्द्र द्विवेदी
सुपुत्र : श्रीमती सरोज - श्री अनिल द्विवेदी
निवासी: ग्राम भड़ारीपुर
हाल निवासी: औरैया (उ.प्र.)

एवं आशीर्वाद समारोह मंगलमयी बेला में सम्पन्न हुआ। परिणय सूत्र के इस मधुर बंधन में कई हस्तियों अधिकारी, व्यापारी, राजनेता, पत्रकार सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने वर-वधु को आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

निवेदक: सुरेन्द्र तिवारी (राम बहादुर) (Rtd.R.I)
सत्येन्द्र तिवारी (अधिमान्य पत्रकार, म.प्र. शासन)
निवासी: किरार पैलेस के पास, गणेशपुरा, मुरैना (म.प्र.)
मोबाइल:

## ब्रीफ न्यूज

### जीवन में बढ़ेगा सुख-सौभाग्य - हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक व्यास पं. श्रीहरि जी महाराज

**दमोह।** स्थानीय शिव शनि हनुमान मंदिर एस.पी.एम. नगर में 20 नवम्बर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण एवं गौतम परिवार द्वारा आयोजित इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि जी महाराज के मुखारविंद से कथा की जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि जी महाराज के मुखारविंद से कथा की जा रही हैं। नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है, मान्यता है कि इस दिन पूजा करने के साथ मां कुष्मांडा की कथा पढ़ने और सुनने से व्यक्ति सभी रोग दोष दूर होते हैं साथ जीवन में सुख सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि जी महाराज ने चौथे दिन मां दुर्गा के कुष्मांडा रूप की पूजा अर्चना की जाती है. मान्यता है कि नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा करने वाले साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और भक्तों को सुख सौभाग्य की प्राप्ति होती है. दुर्गा माता के चौथे रूप में मां कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक, विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार जब सृष्टि का कोई अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार था, तब एक ऊर्जा, गोले के रूप में प्रकट हुई, इस गोले से बेहद तेज प्रकाश उत्पन्न हुआ और देखते ही देखते ये नारी के रूप में परिवर्तित हो गया, माता ने सबसे पहले तीन देवियों महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती को उत्पन्न किया।

### लायन्स क्लब खण्डवा अन्नदान के क्षेत्र में अग्रणी: अमृता यादव

**खण्डवा।** महापौर अमृता यादव ने लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा ज़िला चिकित्सालय में सन्चालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में पहुँचकर अपनी सेवाएं दी।समाजसेवी सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स भोजन सेवा केंद्र के चेयरमैन गांधी प्रसाद गदले,को-चेयरमेन नारायण बाहेती ,को चेयरमैन राजीव शर्मा,झोन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, उपाध्यक्ष आशा उपाध्याय,सचिव घनश्याम वाधवा, सुरेंद्रसिंह सोलंकी,संजना खत्री,सनत श्रीमाली,सुनील जैन, लायन व लियो सदस्यों महापौर अमृता अमर यादव का स्वागत किया।

लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में मरीजो व उनके परिजनों को मिठाई व भोजन कराया गया। नारायण बाहेती ने कहाकि महापौर ने अपने व्यस्ततम समय मे भी लायन्स भोजन सेवा केंद्र में पधारी।महापौर व उनका परिवार हर शुभ अवसर पर भोजन शाला में आकर अपने हाथों मरीजों व परिजनों को भोजन परोसते है।लायन्स क्लब खण्डवा के सभी आयोजन व जागरूकता कार्यक्रमों में महापौर व नगरपालिक निगम खण्डवा का सराहनीय सहयोग मिलता है। महापौर अमृता यादव ने कहाकि लायन्स क्लब खण्डवा पीड़ित मानव सेवा के साथ अन्नदान में अग्रणी है।इससे प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामीण लाभान्वित होते है।सचिव घनश्याम वाधवा ने सभी का आभार माना।

# मौत के मुंह से अपने बच्चे को छीन लाई मां

## खेल-खेल में साड़ी के फंदे में फंसे बच्चे की थम सी गई थी, मुंह में फूंक मारकर दी फिर नई जिंदगी

सत्ता सुधार ■ शहडोल

धरती पर यूं ही मां को भगवान का दर्जा नहीं दिया गया है। बड़ी से बड़ी मुसीबत से मां अपने बच्चे को चुटकी में निकाल लाती है। यहां तक कि, मां अपने बच्चे को मौत के मुंह से भी बाहर ले आती है। ऐसा एक मामला संभाग के अनूपपुर जिले से सामने आया है। जहां खेल-खेल में एक 5 साल का बच्चा साड़ी के फंदे में उलझ गया। जिससे उसकी सांसे लगभग थम गई। यह देख उसकी मां ने बच्चे को सीपीआर देकर उसके मुंह में जोर-जोर फूंक मरने लगी। कुछ देर में ही बच्चा उठ खड़ा हुआ। फिलहाल, बच्चे को मेडिकल कॉलेज शहडोल में भर्ती कराया गया है। जहां वह डॉक्टरों की निगरानी में पूर्णतःस्वास्थ्य बताया गया है।



### यह है पूरा मामला

उक्त घटना अनूपपुर जिले के संजयनगर की है। जहां रहने वाली पिंकी कुशवाहा का सबसे छोटा 5 साल का बेटा शिवांश घर में खेल रहा था। घर के आंगन में अन्य कपड़ों के साथ एक साड़ी डली हुई थी, जिसमें बच्चा उलझा गया। साड़ी गले में फांसी के फंदे की तरह फंसी। जिससे बच्चे की सांसे थम गई। नजदीक ही काम कर रही उसकी मां ने यह नजारा देखा तो वह तत्काल उठी और बच्चे हिलाया-डुलाया। जब नहीं उठा तो जोर-जोर से उसकी छाती दबाई। बच्चे में कोई हरकत नहीं हुई तो, वह उसके मुंह में जोर-जोर से फूंक मरने लगी। जिसके कुछ देर बाद बच्चा उठ खड़ा हुआ। यह नजारा देख परिजन सहित पड़ोसी खुशी से झूम उठे। उसके बाद बच्चे को आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल कालेज शहडोल में भर्ती कराया गया।

### मोबाईल पर देखा था सो किया

मां पिंकी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि, उसने सीपीआर देकर जान बचाने का यह तरीका कभी मोबाइल पर देखा था। जिसका प्रयोग उसने इस आपातकाल में अपने बच्चे पर किया और वह पूरी तरह सफल हुआ। उन्होंने बताया, पहले देखा गया यह जानकारी प्रद विडियो आज मेरे लिए एक वरदान साबित हुआ है। जिसके चलते मैं अपने बच्चे की जिंदगी बचा सकी।

# मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने दी गई जानकारी, शिविर आयोजित




सत्ता सुधार ■ शहडोल

जिले के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में निरोगी काया अभियान के तहत मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर मुकुंद चतुर्वेदी रहे।

इस दौरान नोडल ऑफिसर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से सीमा बानो, नर्सिंग ऑफिसर पूनम सिंह उपस्थित रही। जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर कैसे बनाया जा सकता है के बारे में बताया। कार्यक्रम के अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर हरीश गुप्ता, सीनियर स्टाफ डॉक्टर नम्रता पटेल, मनीष गुप्ता, राजकिशोर दुबे, सरिता जायसवाल, शारदा यादव, शिवानी सिंह राजपूत, प्रीति विश्वकर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, आशु प्रजापति, उमेश सोंधिया, अर्पिता पाण्डेय, हर्षिता मिश्रा, सुधा राठौर और विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज के सभी छात्र छात्र उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग में तीन करोड़ का घोटाला

# ईलाज के नाम पर फर्जी बिल लगाकर करते रहे कांड

**भोपाल की इंटेलीजेंस टीम ने जांच की तब उजागर हुआ फर्जीवाड़ा!**

सत्ता सुधार ■ खंडवा

शिक्षा विभाग मे तीन करोड़ की राशि का घोटाला भोपाल इंटेलीजेंस की टीम ने उजागर किया है इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग हड़कम्प मच गई है जंहा इलाज के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इन सभी कर्मचारियों के वेतन खाते सीज कर जांच शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग के अनुसार मामला छैगांवमाखन के विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय व सीएम राइज स्कूल छैगांवमाखन से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों से जुड़ा है। साल 2016 से 2023 तक यहां के अकाउंटेंट, चपरासी सहित अन्य कर्मचारियों के खातों में लाखों रुपए के ट्रांजेक्शन हुए। जब ज्वाइंट डायरेक्टर की इंटेलीजेंस शाखा ने वेतन खातों की जांच की तो यह गड़बड़ी सामने आई।

**इनका कहना हैं:**

27 कर्मचारियों के खाते सील किए भोपाल कोषा लेखा की इंटेलीजेंस टीम ने गड़बड़ी पकड़ी है। इसके लिए सहायक संचालक की टीम जांच भी कर रही है। गड़बड़ी सामने आने पर अकाउंटेंट, चपरासी सहित 27 कर्मचारियों खातों को होल्ड पर रखा है। टीम द्वारा कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच करेगी जिसमें उनके खातों में वास्तविक भुगतान हुआ है या नहीं, कहीं अधिक भुगतान तो नहीं हुआ। यह सब देखा जाएगा।
आरएस गवली, जिला कोषालय अधिकारी

### भावसार समाज का निःशुल्क विवाह सम्मेलन 18-19 जनवरी को

**खरगोन।** भावसार क्षत्रिय समाज द्वारा आगामी 18-19 जनवरी को दो दिवसीय निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन हल्दी, मेंहदी एवं वर निकासी का आयोजन किया जाएगा। वही दूसरे दिन विवाह संपन्न होगा। विवाह सम्मेलन के लिए अब तक 6 जोड़ो की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़े 30 नवंबर तक पंजीयन करा सकते है। समाज अध्यक्ष निलेश भावसार ने बताया की निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रकृतिक संरक्षण, पर्यावरण एवं स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते रहे प्लास्टिक ग्लास (डिस्पोजल) का उपयोग पुर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि भावसार क्षत्रिय समाज द्वारा सभी समाज, सामाजिक संस्थाओं व संगठनों से आव्हान किया गया है ।

# धार्मिक उल्लास से मनी भैरव अष्टमी

## हवन-पूजन के साथ हुए भंडारे के आयोजन,महाकाल भैरव मंदिर में हवन के साथ हुआ विशाल भंडारा, घंटाघर पर काल भैरव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ बच्चों द्वारा केक काटा गया

सत्ता सुधार ■ खंडवा

मार्ग शीर्ष महीने की कृष्ण पक्ष के आठवें दिन कालभैरव अष्टमी का व्रत रखा जाता है। शिवपुराण के अनुसार इसी दिन भगवान शिव ने कालभैरव के रूप में अवतार लिया था। इन्हें काशी का कोतवाल माना जाता है। कालभैरव अष्टमी व्रत भय और दुखों से मुक्ति दिलाने वाला माना गया है। इस दिन विशेष रूप से शिव जी की भैरव और ईशान नाम से पूजा की जाती है।




समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भरत की भारत भूमि ऋषि-मुनियों की भूमि मानी जाती है और यहां देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के साथ उनके रक्षकों की भी पूजा की जाती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शनिवार को रामनगर स्थित स्वयंभू प्रकट कालभैरव मंदिर में भैरव अष्टमी का पर्व उत्साह से मनाया गया। भैरव अष्टमी की पूर्व संध्या पर शक्रवार बाबा की पालकी धूमधाम से निकाली गई, भैरव अष्टमी पर इंदौर रोड सूत मिल के पास स्थित महाकाल भैरव मंदिर में भी भैरव अष्टमी उत्साह के साथ मनाई गई प्रातः काल की बेला में बाबा का अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया सुबह 8 बजे मां आरती के पश्चात विश्व में शांति एवं सभी के कल्याण के लिए हवन का आयोजन संपन्न हुआ अपरान्ह 11 बजे हवन, हवन पश्चात 12.30 बजे से विशाल भंडारा आयोजित हुआ जो शाम तक चलता रहा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इसी तरह घंटाघर स्थित कालभैरव मंदिर में भी भैरव अष्टमी पर प्रातः अभिषेक, श्रृंगार, पूजा एवं विश्व शांति एवं सभी के कल्याणार्थ हवन एवं आरती आयोजन हुआ सायंकाल बच्चों द्वारा भैरव बाबा की जयंती पर उत्साह पूर्वक केक काटकर जयंती मनाई गई। वहीं लोहारी नाका भैरव मंदिर, रामगंज स्थित बटुक भैरव, झीलोद्यान स्थित काल भैरव मंदिर, शनि मंदिर स्थित भैरव मंदिर के साथ शहर के भैरव मंदिरों में भैरव अष्टमी धार्मिक उत्साह से मनाई गई। घंटाघर स्थित भैरव मंदिर में पंडित दीपक डोंगरे द्वारा पाठ एवं मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, शाम को बच्चों द्वारा केक काटा गया है जिसमें अशोक सोनी, गोलू सोनी, सुनील जैन, बंटी गंगराड़े जितेंद्र रावत,श्रेयांश, अग्या,निशांत, चुन्नू,नेहीं, प्रिंसी सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कलेक्टर हटा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम घोघरा पहुंचे



### रात में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुन रहे हैं समस्याएं

सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जिले के हटा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम घोघरा पहुंचे। इस दौरान एसडीएम श्री राकेश मरकाम खास तौर पर मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामीणों से पूछा बच्चों को टीके लगे या नहीं ग्रामीणों ने बताया बच्चों को टीके लगे हुए हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बच्चों को टीका लगने के बाद बुखार आना चाहिए तभी टीका कारगर है।

हमें बच्चों को बीमारियों से बचाना है इसलिए बच्चों को टीका लगाना जरूरी है। यहां पर जो लड़कियां हैं 12 साल 15 साल की एक भी बिटिया कमजोर ना रहे इनका आयरन की गोलियां देना आवश्यक है। महिला यदि कमजोर रहेंगे और जब मां बनेगी तो बड़ी परेशानी आएगी इसलिए इन बेटियों महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य केंद्र में भेज कर दवाई जरूर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा आपके ग्राम में भगवान की दया से सब सुविधाएं अच्छी हैं। महिला बच्चे बच्चियों की देखभाल बहुत जरूरी है। कलेक्टर श्री कोचर ने आवास की सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा आप सबको जिस संबंध में ही बात करना हो मुझे से कर सकते हैं। मैं रात्रि विश्राम यही करूंगा और सुबह जाऊंगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले से कहा ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी है, आप सब ग्रामीण क्षेत्र की जन की सेवा करें घर-घर जाकर लोगों से मिले उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले,यह जरूरी है।

### स्टेशन चौराहा जैन औषधालय के पीछे लगा रहता है कचरे का अंबार

**दमोह।** जैन औषधालय के पीछे लगातार कचरे का अंबार बना हुआ है यहां पर नियमित सफाई न होने व कचरा गाड़ी ना आने से व्यापारियों वा वार्डवासियों द्वारा वही कचरा फेक दिया जाता है जिससे वहां रहने वाले लोगों को निकलने में भी काफी परेशानी होती है और बदबू भी आती है जिससे बीमारियों का भी खतरा हो सकता है,यह चिंता बिलकुल जायज है। स्टेशन चौराहा जैन औषधालय के पीछे कचरे का अंबार लगने से न केवल इलाके की सफाई में समस्या होती है, बल्कि वहां रहने वाले लोगों को भी कठिनाई होती है। कचरे की सही तरीके से सफाई न होना और कचरा गाड़ी का समय पर ना आना, इसके मुख्य कारण हो सकते हैं। इससे वहां रहने वाले लोगों को बदबू, बीमारियों का खतरा और बाहर निकलने में कठिनाई हो रही है।

# आपकी समस्याओं के निराकरण के साथ क्षेत्र में किया जा रहा है तेज गति से विकासः विजय शाह



### हरसूद कॉलेज के लिए दो बस के साथ खालवा एवं हरसूद के लिए आदिवासी छात्रावास की सौगात

### बस चला कर लाए मंत्री जन भागीदारी अध्यक्ष ने ली शपथ,

सत्ता सुधार ■ हरसूद

आप सभी के आशीर्वाद एवं सहयोग से लगातार क्षेत्र से मुझे विजय श्री प्राप्त हो रही है मेरा भी दायित्व है जिस प्रकार आप मेरा साथ देते हैं मैं भी आपकी समस्या एवं क्षेत्र के विकास में सहभागी बनो, लगातार हरसूद में विकास की गंगा बह रही है सभी प्रकार की सुविधा क्षेत्र वासियों को प्राप्त हो रही है शिक्षा, स्वास्थ्य को लगातार इस क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है, कॉलेज के छात्रों के लिए आने जाने के लिए दो बस के साथ हरशु दूर खंडवा में बालिका छात्रावास बनेंगे, जिससे छात्रों को राहत मिलेगी यह बात क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश में जनजाति कल्याण मंत्री विजय शाह ने कॉलेज में आयोजित शपथ विधि समारोह में कहीं, श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार के चलते क्षेत्र के विकास में कभी भी पैसों की कमी नहीं आएगी और क्षेत्र का विकास लगातार चलता रहेगा, कॉलेज के अध्यक्ष अश्वनी भाई को मैं शुभकामना देता हूं, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनीलजैन ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय हरसूद में जन भागीदारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में जनजाति कार्य संपत्ति प्रबंधन भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री डॉक्टर विजय शाह शामिल हुए। इस दौरान प्रचार एवं समस्त स्टाफ ने सेल्स राइफल एवं तुलसी का पौधा भेंट कर मंत्री श्री शाह का स्वागत किया। सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शासकीय महाविद्यालय हरसूद की छात्रों के लिए मंत्री विजय शाह के प्रयासों से सरकार द्वारा 25-25 लाख की दो बसों की सौगात दी एवं खालवा और हरसूद कॉलेज के लिए 8.8 करोड़ के दो बालिक का छात्रावास की सौगात दी गई है । प्राचार्य बीके वर्मा ने महाविद्यालय की सौगातो के लिए मंत्री जी का आभार माना। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज परिसर में मंत्री श्री शाह ने वृक्षारोपण किया। स्वागत भाषण प्राचार्य वीके वर्मा ने दिया। संचालन डॉ जयेश वैष्णव ने किया।

# आदिवासी भीलाला समाज के समस्त समाज बंधुओं की बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ खरगोन

आदिवासी भीलाला समाज के समस्त समाज बंधुओ की बैठक रिविवार को सुबह 12 बजे से धर्मशाला सह छात्रावास गौतम नगर खरगोन मे रखी गयी । कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथसिंह मंडलोई जनपद सदस्य भगवानपुरा ने की। बैठक के बिंदु निम्न थे सामूहिक विवाह, परिचय सम्मेलन डिजिटल पत्रिका विमोचन, धर्मशाला निर्माण और धर्मशाला सह छात्रवास के लिये दान दाताओं द्वारा घोषित बकाया राशि वसुली पर सभी सदस्यों ने सामूहिक चर्चा की



गयी । शासन द्वारा घोषित तय की गयी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामुहिक विवाह सम्मेलन बसंत पंचमी और अक्षय तृतीया पर करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। जिसके लिये प्रथम बैठक सेगाव मे शनिवार को शाम 4 बजे दरबार धर्मशाला सेगाव मे रखी गयी हैं।
कार्यक्रम का संचालन संतोष बघेल द्वारा तथा आभार मुकुंद सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया। सुंदरलाल मंडलोई , गंगाराम चौहान , डॉ रमेश मंडलोई , बलिराम निगोले , मांगीलाल मुजाल्दे , तोताराम चौहान जी, अमित पंवार, महेश चौहान , जयदीप चौहान , कोलूसिह चौहान, महेंद्र मंडलोई , नरेंद्र सोलंकी, भिमान सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## रक्तदान — उमरिया जिले में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन...

# रक्तवीर हिमांशु ने 24वीं बार रक्तदान कर दिया सामाजिक सद्भाव का संदेश

सत्ता सुधार ■ शहडोल

संभाग अंतर्गत उमरिया जिले में रक्त दान ,जीवनदान ये सलोगन तो आपने भी कई बार सुना होगा। पर क्या आप जानते हैं कि, आज भी देश में कई लोग रक्तदान की बात सुनते ही सहम तक जाते हैं। वहीं दूसरी ओर हिमांशु तिवारी जैसे लोग प्रेरणा श्रोत बनकर सामने है। बता दें कि, वह 24 की उम्र में 24 बार रक्तदान कर चुके हैं। हिमांशु तिवारी ने बताया कि, जरूरतमंदों के लिए रक्तदान की शुरुआत 08 साल पहले हुई थी। यह सिलसिला अब भी जारी है।




वह अब तक 24 बार ब्लड डोनेट करने के पड़ाव को पार कर रक्तवीर बनने का गौरव हासिल किया है। पहली बार उन्होंने 18 साल की उम्र में रक्तदान किया था। अब वह युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। जिसका नतीजा रहा कि, 25 युवा उनके साथ रक्तदान के लिए तैयार हैं। जो जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। कोई हर तीन माह में ब्लड डोनेशन करता है तो कोई अपनी पॉकेटमनी से मरीजों की मदद करता है तो कोई बिजनेस या जॉब से छुट्टी लेकर ब्लड देने पहुंच जाता है।

उन्होंने लोगों से भी रक्तदान की अपील की है। ताकि, रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। जानकारों की मानें तो, जागरुकता की कमी के चलते ब्लड डोनेशन नहीं किए जाने की स्थिति में जरूरतमंदों को समय पर ब्लड नहीं मिल पाता। जिसके कारण आज भी लोग मौत का शिकार हो रहे हैं। ब्लड डोनेशन को लेकर हमारे समाज में इतनी भ्रांतियां हैं कि, लोग अपने परिवार के सदस्यों को भी रक्तदान करने से डरते हैं। अंधविश्वास के कारण ब्लड बैंक में भी अक्सर कैंसर, थैलेसीमिया और एक्सीडेंट के मरीजों को ब्लड के लिए परेशान होना पड़ता है। रक्तदान को लेकर लोगों में अभी भी कई भ्रांतियां है। इसके कारण वह रक्तदान करने के लिए आगे नहीं आते हैं। रक्तदान शिविर में कई लोग ऐसे थे, जो कई बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया है, जिले में या जिले के बाहर किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है तो, तत्काल व्यवस्था कर उन व्यक्तियों को रक्त की व्यवस्था कराई जाती है।

# सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में 114 जोड़ों ने शुरू किया नया जीवन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

नवचंडी ग्राउंड खंडवा में शनिवार नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में 114 जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। समाजसेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम में शामिल जोड़ों को महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्प वर्षा का वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया, एवं प्रत्येक कन्याओं को49.49 हजार के चेक वितरित किए, इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने सभी दांपत्य जीवन शुरू करने वालो को शुभकामना देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की हमारी सरकार प्रदेश का विकास तो कर ही रही है, लेकिन बेटियों को बचाने, पढ़ाने एवं उनकी शादियों की भी चिंता करती है, देश का यह पहला राज्य है जहां गरीब कन्याओं के विवाह के लिए सरकार 55 हजार प्रत्येक कन्या के लिए खर्च कर रही है, प्रदेश में लाखों की संख्या में कन्याओं के विवाह इस योजना अंतर्गत संपन्न हुए हैं, हमारे जिले में भी हजारों की संख्या में कन्याओं के विवाह संपन्न हुए हैं, सामूहिक विवाह के अंतर्गत कम खर्चे में गरीब परिवार की शादी की रस्म पूरी हो जाती है।

## ब्रीफ न्यूज

### ग्राम कंजिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अनुपस्थिति पर दिया कारण बताओ नोटिस

**सागर।** खसरे से प्रभावित क्षेत्र मे स्वास्थ्य विभाग की क्षेत्रीय संचालक डां. ज्योति चौहान के भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रश्मि जैन, आंगनबाड़ी केन्द्र कंजिया 23 मौके से अनुपस्थित पाई गई। जबकि खसराग्रस्त ग्राम मे उनको अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सहयोग करने हेतु मौके पर कर्तव्य पालन हेतु उपस्थित रहना अनिवार्य था।

परियोजना के व्हाटसएप ग्रुप पर यह स्वीकार किया गया है कि दिनांक 21.11.2024 को 11.00 बजे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को परियोजना कार्यालय मे आपके द्वारा बुलाया गया है जबकि आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन विशेषकर खसरा ग्रस्त बसाहट मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को किसी भी स्थिति मे मुख्यालय से बाहर बुलाया जाना बच्चों की जीवन रक्षा के उद्देश्य से पूर्णतः पदीय कर्तव्यों के विरूद्ध है।यह स्पष्ट है कि श्रीमती रश्मि जैन द्वारा खसराग्रस्त ग्राम मे खसरे के दौरान मौके पर स्वयं उपस्थित न रहते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी आपात स्थिति मे ग्राम से बाहर परियोजना कार्यालय बुलाया गया।यह स्पष्ट है कि आपातकालीन स्थिति मे अपने पदीय दायित्व एवं मानवीय संवेदनाओं के प्रति कर्तव्य पालन मे जानबूझकर घोर लापरवाही बरती गई है। जो म.प्र. शासकीय सेवा नियम 1965 के नियमो का स्पष्ट उल्लंघन है।अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुसंहीनता के आधार पर श्रीमती रश्मि जैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसका उत्तर 25 नवंबर तक देना अनिवार्य है।

### सी एम हेल्पलाइन की एक हजार दिवस से अधिक की शिकायत संतुष्टि से निराकरण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण किया जा रहा है इसी परिपेक्ष में अपर तहसीलदार सुश्री रितु राय के द्वारा 1000 दिवस से अधिक की सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को संतुष्टि पूर्ण रूप से बंद कराया गया।अपर तहसीलदार सुश्री रितु राय ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण लगातार किया जा रहा है आज मकरोनिया क्षेत्र की 1000 दिवस से अधिक की तीन शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकरण किया गया ।

### बेटी की संदिग्ध मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**टीकमगढ़ ।** टीकमगढ़ जिले के नन्नी टेहरी गांव में बेटी की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय के लिए मृतक का भाई और पिता पुलिस अधिकारियों की चौखट पर लगातार दस्तक दे रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर खड़े यह पिता पुत्र टीकमगढ़ से लगे हुए उत्तर प्रदेश के जनपद ललितपुर के गांव छापन के रहने वाले प्रभु दयाल दुबे और उनका बेटा है। प्रभु दयाल दुबे ने बताया कि वर्ष 2021 में उन्होंने अपनी बेटी की शादी टीकमगढ़ जिले के पुलिस थाना बुढेरा के अंतर्गत आने वाले गांव नन्नी टेहरी में 2021 में की थी, लेकिन ससुराल पक्ष की ओर से लगातार उसे प्रताड़ित किया जा रहा था।

# समंस वारण्ट ऑनलाइन निष्पादन शत प्रतिशत करने वाले पुलिस कर्मी होंगे पुरस्कृत



**सत्ता सुधार ■ सागर**

कट्रोलरूम सागर में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थानों में पदस्थ समंस वारण्ट मददगार, थाना कोर्ट मुंशी एवं न्यायालयों पदस्थ कोर्ट मुंशीयों की समंस वारण्ट निष्पादन, फिंगर प्रिंट स्लिप की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक लोक अभियोजन अमित जैन, शेवलाल चौधरी निरीक्षक अंगुल चिन्ह,अनिल कुमार अहिरवार उप निरीक्षक अंगुल चिन्ह, वारण्ट सैल एवं अभियोजन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।फिंगर स्लिप की समीक्षा एवं समंस वारण्ट ऑनलाइन निष्पादन सत् प्रतिशत रहा। जिसके संबंध में समस्त समंस वारण्ट मददगार, थाना कोर्ट मुंशी एवं न्यायालयों पदस्थ कोर्ट मुंशीयों को आगामी मीटिंग में इनाम प्रदान करने के निर्देश दिये गये।

## आविष्कारों ने यह साबित कर दिया कि

# प्रश्नों का समाधान जटिल तकनीक में नहीं, बल्कि सरल और कच्ची सोच में निहित है : थाना प्रभारी






**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

विज्ञान मेले में मिले, हर स्टॉल पर कुछ नया सीखने का मौका मिला। छात्रों द्वारा चित्रित सरल, अन्य उपयोगी आविष्कारों ने यह साबित कर दिया कि प्रश्नों का समाधान जटिल तकनीक में नहीं, बल्कि सरल और कच्ची सोच में निहित है।यह बात पं.बी.बी.एम ग्रुप ऑफ एजुकेशन बीना में बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने कहीं। वही एस आई कविता द्विवेदी ने कहा बच्चे देश का भविष्य है आज जिस तरह से बच्चियों आगे बढ़कर कार्य कर रही है और किसी भी स्पर्धा में वह किसी से काम नहीं है हर क्षेत्र में बच्चियों आगे बढ़कर कार्य कर रही।यह विज्ञान प्रदर्शनी दौरा अत्यंत ज्ञान का अध्ययन कर रहा है। विज्ञान प्रदर्शनी ने केवल वैज्ञानिक ज्ञान प्रदान किया, केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा को भी जगाया। निश्चित रूप से मैं भविष्य में भी ऐसी प्रदर्शनी का हिस्सा बनना चाहता हूं। पं.बी.बी.एम ग्रुप ऑफ एजुकेशन बीना में बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीना थाना प्रभारी अनूप यादव , सी कविता द्विवेदी,एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य एस. पी.तिवारी ,जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप ठाकुर संजीव जैन, दिव्यांशु सेन,ब्रजपाल सिंह राजपूत, राजेन्द्र उपाध्याय,संस्था प्रमुख श्रीमति अनुराधा अनिरुद्ध राज बिलगैया, संस्था उपाध्यक्ष ऋतुपर्ण पटेरिया कॉलेज प्राचार्य डालचंद पटेल जी,मैनेजिंग डारेक्टर विपिन जेवियर,शाला प्राचार्य लक्ष्मीकांत बिलगैया कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति बच्चों के साथ दर्ज की इस अवसर रचना यादव,अनुराधा मैडम,रूबी मैडम, जफर खान, दीपेश तिवारी,अंकुर ताम्रकार,अलोक बिलगैया,वंदना झा,आरती रैकवार, रंजना सिंह,विद्या सेन,वर्षा सिरोठिया,ललिता रैकवार, आस्था साहू,रुचि ठाकुर,प्रतिभा,मोहिनी ठाकुर, साक्षी जैन,सेजल बिलगैया कृति व्यास, वर्षा सिरोठिया,आयुषी सोनी,गायत्री यादव, श्रद्धा बघेल आदि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ कॉलेज स्टाफ उपस्थित था।

# महाश्रम दान अभियान के तहत कौशल किशोर वार्ड स्थित शांति वन में श्रम दान

### 25 फिट की भगवान शिव की प्रतिमा जन सहयोग से की जाएगी स्थापित



**सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)**

महा श्रम दान अभियान के तहत कौशल किशोर वार्ड स्थित शांति वन में आज श्रम दान किया गया लगभग 100 व्यक्तियों ने महा श्रम दान अभियान में भाग लिया।महाश्रम दान अभियान के उपरांत एक बैठक की गई जिसमें कौशल किशोर शांति वन में 25 फिट की भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने की बात कही गई और सभी ने भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने की बात की सराहना की नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अलकेश जैन ने भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित हेतु कहा कि प्रतिमा स्थापना में सहयोग हेतु 11 रुपए से स्वेच्छा अनुसार दान देने की बात कही महा श्रम दान अभियान में एड.मिथलेश ब्रह्मपुरिया, एड.कमलेश मिश्रा, प्रवीण पाठक, सतीष सेन,सत्यनारायण ढ़िमोले, चंद्रशेखर दुबे, गोविंद बड़ेरिया,भागीरथ पटेल,ओंकार विश्वकर्मा,रमित जारोलिया, शरद सोनी, पंकज तिवारी, नर्मदा कोष्टी, जीवन कोष्टी, संजय गुप्ता, बब्बा बोहरे, श्याम सेन, कलू चौरसिया, संजीव नामदेव (सन्नू पंडा), अमितेंद्र मिश्रा, सुभाष ताम्रकार, गनपत चौरसिया, मुकेश नगरिया, मनोज नामदेव (शंभू), ज्ञानी कोष्टी, मुन्ना लखेरा, संजू सोनी (पेंटर), सुभाष ताम्रकार, संजू प्रजापति, मनोज शुक्ला, शलकू स्वामी, अंकुर नाम देव, शालू लखेरा, दुली चंद कोष्टी, सुमित ठाकुर, सोनू कोष्टी, काली चरण विश्वकर्मा, हेमंत चौरसिया, गणेश प्रजापति, मोहित पाटकर, रोहित चौरसिया, निरंजन रजक, हरिओम विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, नंदू सोनी, अमित रजक, जानी चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष जोर, लोको पायलटों की सतर्कता के लिए नुक्कड़ नाटक



### रेल हमारी प्यारी-प्यारी नुक्कड़ नाटक से सुरक्षा का संदेश

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं सहायक मंडल विधुत अभियंता (कर्षण परिचालन) मानस रंजन के निर्देशन में आज दिनांक 23 नवंबर 2024 को बीना रेलवे स्टेशन पर शून्य एसपीएडी (सिग्नल पासिंग एट डेंजर) के महत्व पर जागरूकता हेतु एक नुक्कड़ नाटक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन कर्षण परिचालन विभाग द्वारा संरक्षित रेल संचालन और लोको क्रू (लोको पायलट व सहायक लोको पायलट) की सतर्कता व सुरक्षित कार्य प्रणाली को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। भारत स्काउट एंड गाइड, पमरे भोपाल मंडल एवं मंडल सांस्कृतिक अकादमी भोपाल की टीम द्वारा प्रस्तुत ÷रेल हमारी प्यारी-प्यारी÷ नामक नुक्कड़ नाटक ने लोको पायलट और यात्रियों दोनों को यह संदेश दिया कि यदि लोको क्रू सतर्क रहे और सिग्नल नियमों का पालन करें, तो रेलवे परिसंपत्तियां और यात्री दोनों सुरक्षित रह सकते हैं। विजय पुरवाल, जो नुक्कड़ नाटक टीम के समन्वयक थे, ने अपनी टीम के साथ शून्य एसपीएडी, कोहरे में सुरक्षित रेल संचालन, और रोल डाउन से बचाव जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



नाटक ने लोको पायलटों को यह संदेश दिया कि सिग्नल के सही अनुपालन और सतर्कता से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और रेल संचालन अधिक सुरक्षित हो सकता है।कार्यक्रम में मुख्य लोको निरीक्षक (मुख्यालय, भोपाल) विवेक डाबी, मुख्य लोको निरीक्षक (बीना) पी.आर. सिंह, बड़ी संख्या में लोको पायलट एवं यात्रीगण उपस्थित थे। सभी ने नुक्कड़ नाटक के संदेश की सराहना की और इसे लोको पायलटों की सतर्कता और यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी प्रयास बताया।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम न केवल लोको क्रू की कार्यकुशलता को बढ़ाते हैं, बल्कि रेल यात्रियों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करते हैं। रेलवे प्रशासन यात्रियों से भी अपील करता है कि वे अपनी यात्रा के दौरान सतर्क रहें और रेलवे के नियमों का पालन करें।

# खिमलासा में किया साइकिल वितरण छात्रों को दी प्रोत्साहन की सौगात

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

बीना विधानसभा क्षेत्र के खिमलासा पंचायत में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ÷साइकिल वितरण कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे ने की। उन्होंने विद्यालय के 185 छात्रों को साइकिल वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक निर्मला सप्रे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ÷विद्यार्थी हमारे देश की आधारशिला हैं। उन्हें प्रोत्साहन और संसाधन उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। यह साइकिल न केवल उनके सफर को आसान बनाएगी बल्कि उनकी शिक्षा यात्रा में नई ऊर्जा का संचार करेगी।÷इस



अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय, शिक्षकगण, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक सप्रे ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों से नियमित अध्ययन और मेहनत की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और क्षेत्रीय प्रशासन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।शिक्षा के प्रति विधायक की प्रतिबद्धता विधायक सप्रे ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो समाज को सशक्त बनाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के सभी स्कूलों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

**स्थानीय जनता का उत्साह-**

साइकिल वितरण कार्यक्रम को लेकर छात्रों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने विधायक निर्मला सप्रे के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल छात्रों को आत्मनिर्भर बनाएगी बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित भी करेगी।

**समारोह का समापन और आभार**

कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य द्वारा आभार व्यक्त करते हुए हुआ। उन्होंने विधायक सप्रे का धन्यवाद किया और कहा कि उनकी यह पहल क्षेत्र में शिक्षा को नई दिशा देगी।विधायक निर्मला सप्रे का यह प्रयास न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस कार्यक्रम ने शिक्षा के महत्व को और भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया।

# बेटों ने पूरा किया पिता के नेत्रदान का संकल्प



बीना के ऋषभ कुमार बड़कुल की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**बीना(सागर)।** कहते हैं नेत्रदान सबसे बड़ा दान होता है। किसी व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में रोशनी आती है। ऐसा ही कुछ किया है बीना के ऋषभ कुमार बड़कुल ने। ऋषभ कुमार जीते जी लोगों की भलाई के लिए समाज सेवा करते रहे। उन्होंने नेत्रदान का संकल्प लिया था। 80 साल की उम्र में शनिवार को उनका निधन हुआ। इसके बाद बीएमसी सागर अस्पताल में उनके बेटों ने पिता की अंतिम इच्छा को पूरा करने लिए उनका नेत्रदान किया।उनके नेत्र से दो गरीबों की जिंदगी में नई रोशनी आएगी। इन आंखों से भी दुनिया देख सकेंगे।

# सतगुरु सांई ईश्वर शाह जी के अवतरण दिवस पर निकाली शोभायात्रा



**सत्ता सुधार ■ सागर**


सिंधी कॉलोनी में सो रहे समाजजनों ने जब चादर में ढक जाय,ओ सुहिड़ा साई भजनो की आवाज़ उनके कानों में पहुंची तो घर के बाहर का नज़ारा देख खुशी से झूम उठे और सँगत पर फूलों की वर्षा की नज़ारा था सतगुरु सांई ईश्वर शाह साहिब जी के अवतरण दिवस का रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति की सागर इकाई के अध्यक्ष हरगुनदास पिंजवानी ने बताया कि सुबह शोभायात्रा निकाली। हरे माधव सत्संग भवन से निकली शोभायात्रा संत कंवरराम चौक से श्री कृष्णा दरबार से नावल्टी गली. सिंधी गुरुद्वारा से सिंधी कॉलोनी से खुरई रोड होकर हरे माधव सत्संग भवन पहुंची । प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि शोभायात्रा पर सिंधी समाज के लोग फूलों की वर्षा कर रहे थे और समाज जन हरे माधव भजनो पर समाज के गणमान्य नागरिक एवं हरे माधव सत्संग समिति के सेवादार, बाल संस्कार के बाल गोपाल झूमते हुए नृत्य करते चल रहे थे। दोपहर 12.00 बजे सत्संग के साथ केक काटकर अवतरण दिवस मनाया गया। इसके बाद लंगर हुआ। इसमें सतगुरू साहेब के सन्देशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**जन्मोत्सव** विशेष भजन, नारायण सेवा, कंबल वितरण और नगर संकीर्तन निकाला

# सत्य साई बाबा के 99वें जन्मोत्सव पर इलाज करा चुके पेशेंट ने सुनाए अनुभव

**सत्ता सुधार ■ सागर**

श्री सत्य साई बाबा का 99वाँ जन्मोत्सव शनिवार शाम को सिविल लाइन स्थित साई निलयम में विशेष भजन गाकर मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से आंध्रप्रदेश पुट्टपर्ती के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से निःशुल्क इलाज करा चुके एड. सुभाष शुक्ल, रवि सेन, डीपी सेन, लाल सिंह तोमर, डॉ प्रेम चतुर्वेदी ने अपने अनुभव सुनाए। वक्ताओं ने कहा कि जहां लाखों रुपए हार्ट के ऑपरेशन में खर्च होकर परिवार की हालत खराब हो जाती है वहीं पुट्टपर्ती में पूरी तरह निःशुल्क हार्ट के ऑपरेशन एक चमत्कार और सच्ची सेवा की मिसाल हैं। जबलपुर से आए डॉ दौलत सिंह ने बताया कि बीते साल से पुट्टपर्ती में इलाज करा चुके पेशेंट



को अब वहां जाने की जरूरत नहीं है। जबलपुर के शारदा चौक स्थित प्रशांति सेवा केंद्र में प्रदेश के मरीज आकर जांच करा सकते है। प्रति माह के तीसरे बुधवार को पुट्टपर्ती के ही डॉक्टर टेलीमेडिसिन कंसलटेंसी के माध्यम से जांच कर परामर्श देते हैं। जरूरत पड़ने पर ही पुट्टपर्ती बुलाया जाता है। खास बात यह है कि जो दवा बताई जाती है उसे बिना परामर्श बंद न करें।मातृशक्ति की ओर से करुणा गुरु ने बताया कि वे बीते 25 साल से 500 से ज्यादा बच्चों को बाल विकास के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा दे चुकी हैं, जो अभी भी जारी है। कर्नाटक की सविता मैत्री ने अपने परिवार के अनुभव बताते हुए कहा कि भगवान अंतर्यामी हैं, मांगने की क्या जरूरत? बीके गुरु ने मानव सेवा, माधव सेवा का मार्ग अपनाना बताया। डॉ प्रेम चतुर्वेदी और तपस्या केवट ने बचपन से बाल विकास की शिक्षा प्राप्त होने को सौभाग्य माना। जिला अध्यक्ष श्रीराम दुबे ने कहा कि इस बार रक्तदान के लिए संगठन ने लिक्विड लव अभियान शुरू किया है जिसमें रजिस्ट्रेशन के बाद जरूरतमंद को मदद की जा सकती है।

महामंगल आरती आशा पिंपलापुरे ने की। बाल विकास और सेवा कार्यों का मार्ग प्रशस्त किया गया। इसके पहले सुबह नगर संकीर्तन, नारायण सेवा व रात में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान डॉ देवेंद्र मुखरया, रेखा मुखारया, कामायनी भट्ट, प्रशांत भट्ट, संजीव सुहाने, अंजलि शर्मा, अनिल शर्मा, अनुराग गुरु, कीर्ति दुबे, शौर्या चतुर्वेदी, प्रीति विश्वकर्मा, ऋषिका विश्वकर्मा, साई श्रीजा दुबे, तेजस पटेल, संदीप शिंदे, सचिन ठाकुर, अनमोल दुबे, भाव्या शर्मा, अंकुश यादव आदि उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रीय स्तर की ग्रेपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में मप्र टीम का शानदार प्रदर्शन

**इन्दौर।** उत्तराखंड के हरिद्वार में ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ग्रेपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों से लगभग 2000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें इंदौर के आर्यन भारतीय ने 16-18 वर्ष -50 किलो भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन कर 04 मुक़ाबले जीतते हुए फाइनल में वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी को आर्मबार तकनीक से हराते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कुमारी आर्या चौधरी ने भी अपने चारों मुक़ाबले समय से पहले ख़त्म करते हुए 18-20 वर्ष की -53 भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। मध्यप्रदेश के 75 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 15 कांस्य पदक सहित कुल 29 पदकों के साथ देश भर में चौथा स्थान प्राप्त किया खिलाड़ियों के साथ उनके कोच विक्रम अवार्डी विकाश शर्मा एवं सहायक सुरभि साँखला उपस्थित रहे। ग्रेपलिंग रेसलिंग मध्यप्रदेश संघ से हिमांशु अत्रिवाल अध्यक्ष ,एहतेशाम उद्दीन सचिव, उपाध्यक्ष प्रवीन पाटिल, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र भट्ट सहित समस्त ग्रैपलिंग संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### रोहित ऑस्ट्रेलिया पहुंचे

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया पहुंच गये हैं, वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे। रोहित शनिवार शाम को मुंबई एयरपोर्ट से रवान हुए थे। इस दौरान उन्हें पत्नी रितिका सजदेह को गले लगाकर बाय कहते देखा गया था। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण ही पहले टेस्ट से बाहर रहे। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन को उन्होंने पहले ही संकेत दिया था कि वे पर्थ टेस्ट नही खेलेंगे। रोहित के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। इससे पहे न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में रोहित असफल रहे थे, ऐसे में उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जमकर रन बनाकर लय हासिल करना रहेगा। इस साल रोहित ने 11 टेस्ट मैचों में 29.40 के औसत से 588 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और इतने ही अर्धशतक शामिल हैं।

### हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय कोहली और बुमराह से मिली सलाह को दिया

**पर्थ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदजाज हर्षित राणा ने पहले ही टेस्ट में अपनी सफलता का श्रेय अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को दिया है। हर्षित ने कहा कि इन खिलाड़ियों से मिली सलाह लेने से उन्हें काफी सहायता मिली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में राणा ने अपने 16 ओवर के स्पैल में 3.10 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट ट्रैविस हेड का लिया। हेड 11 रन पर आउट हुए। इसके बाद मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर ही समेट दिया।


अमेरिका में एनडब्ल्यूएसएल चैम्पियनशिप फुटबॉल मैच खेलते हुए खिलाड़ी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्टः तीसरे दिन का खेल खत्म...

# मजबूत स्थिति में भारत, ऑस्ट्रेलिया ने 12 रन पर खोए तीन विकेट

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया काफी मजबूत स्थिति में है। तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रनों का टारगेट दिया है। वहीं रनचेज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 12 रन पर तीन विकेट खो दिए हैं। तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट गंवाकर 12 रन बना लिए हैं। नाथन मैकस्वीनी खाता नहीं खोल सके, जबकि पैट कमिंस दो रन और मार्नस लाबुशेन तीन रन बनाकर आउट हुए। उस्मान ख्वाजा तीन रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को अब भी 522 रन बनाने हैं। टीम इंडिया ने 534 रन का लक्ष्य दिया है। बुमराह ने अब तक दो विकेट लिए हैं, जबकि सिराज को एक विकेट मिला है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 487 रन का स्कोर बनाकर पारी घोषित कर दी। दूसरी पारी के 487 रन से पहले टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई थी। भारत को दूसरी पारी में 46 रन की बढ़त हासिल थी। इस लिहाज से भारत के सामने कुल बढ़त 533 रन की हुई और 534 रन का लक्ष्य दिया। विराट कोहली के शतक का सभी को इंतजार था। उनके शतक लगाते ही भारतीय ड्रेसिंग रूम की ओर से पारी घोषित करने का फैसला लिया गया। विराट ने 143 गेंद में 100 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। विराट ने लियोन की गेंद पर चौके के साथ शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 30वां शतक और ओवरऑल तीनों प्रारूप मिलाकर 81वां शतक लगाया। यह ऑस्ट्रेलिया में उनका सातवां शतक रहा। वह सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। सचिन ने छह शतक लगाए थे। विराट के अलावा नीतीश रेड्डी 27 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे। नीतीश और विराट ने सातवें विकेट के लिए 54 गेंद में 77 रन की नाबाद साझेदारी की।




### यशस्वी साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाज बने

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने यहां पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाते ही गौतम गंभीर का 16 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब यशस्वी टेस्ट क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने साल 2008 में 8 टेस्ट मैचों में 1134 रन बनाए थे और वह साल के पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाज बने थे। तब गंभीर ने 70.87 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 3 शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे। वहीं साल 2008 में गंभीर के अलावा वीरेंद्र सहवाग 1462 रन बनाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। तब वीवीएस लक्ष्मण 1086 रनों के साथ ही छठे स्थान पर और सचिन तेंदुलकर 1063 रन के साथ नौवें स्थान पर थे।

# पंत को 25 करोड़ से अधिक मिल सकते हैंः सुरेश रैना

एजेंसी ■ नई दिल्ली




भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि आईपीएल 2024 की मेगा नीलामी में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पर बड़ी बोली लग सकती है। उन्होंने कहा कि पंत का 'एक्स फैक्टर' उन्हें नीलामी में सबसे महंगा खिलाड़ी बना सकता है। रैना ने उम्मीद जताई कि पंत को 25 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिल सकती है, जो अब तक आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी रकम होगी। गौरतलब है कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस साल ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, जो अब तक का सबसे बड़ा करार है। रैना ने कहा, पंत न केवल बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग में शानदार हैं, बल्कि उनकी मैदान पर ऊर्जा और टीम के साथ तालमेल उन्हें खास बनाते हैं। कोई भी मालिक या कोच इस पर नजरअंदाज नहीं करेगा। रैना ने आगे कहा कि पंत को 25 करोड़ रुपये से 4-5 करोड़ अधिक मिल सकते हैं। उनके मुताबिक, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों के पास पर्याप्त बजट है, जिससे उनके लिए होड़ मच सकती है।

चार बार चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल खिताब जीत चुके रैना ने पंत की कप्तानी और मैदान पर उनकी ऊर्जा की तारीफ की। उन्होंने कहा, हर कोई पंत की कप्तानी में खेलना चाहता है। वह खिलाड़ियों से गजब का तालमेल बिठाते हैं। अगर कोई टीम उन्हें 3 साल के लिए लेती है, तो यह बहुत बड़ा निवेश साबित हो सकता है। रैना ने सुझाव दिया कि केकेआर या आरसीबी जैसी फ्रेंचाइजी पंत को लेने के लिए सबसे बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि अगर पंत केकेआर के साथ जुड़ते हैं, तो टीम को नए प्रशंसक और लोकप्रियता मिलेगी। आईपीएल 2024 की नीलामी में पंत के लिए होने वाली यह प्रतियोगिता सभी क्रिकेट प्रशंसकों के लिए दिलचस्प होने वाली है।

# एडम गिलक्रिस्ट सहित पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने यशस्वी की जमकर प्रशंसा की

एजेंसी ■ पर्थ



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे एडम गिलक्रिस्ट ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की शानदार पारी की सराहना की है। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया है। गिलक्रिस्ट ने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी के लिए सलामी बल्लेबाज के खेलने के तरीके और प्रतिबद्धता की जमकर प्रशंसा की है। यशस्वी पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाये थे पर दूसरी पारी में उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। गिलक्रिस्ट ने कहा कि जिन्होंने उसे खेलते देखा है वे जानते हैं कि वह काफी आक्रामक खिलाड़ी है। उसने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। टेस्ट क्रिकेट में भी वह अपने आक्रामक अंदाज के कारण जाना जाता है। उसने कम समय में भी काफी छक्के लगाये हैं। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइक हसी भी गिलक्रिस्ट से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं उसे ऑस्ट्रेलिया में उछाल भरी पिचों पर खेलते हुए देखना चाहता था, यह देखने के लिए कि वह इसे कैसे संभालेगा पर यह पारी दिखाती है कि वह दुनिया भर में किसी भी हालात में खेलकर उसे संभाल सकता है।

# नीदरलैंड की टीम पहली बार डेविस कप फाइनल में पहुंची

## सेमीफाइनल में जर्मनी को हराया

एजेंसी ■ एम्स्टर्डम

नीदरलैंड की टीम ने जर्मनी को 2-0 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया है। डच टीम के बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प ने पहले एकल मैच में डैनियल अल्टमायर को हराकर नीदरलैंड को 1-0 की बढ़त दिलायी।

विश्व के 80वें नंबर के खिलाड़ी बोटिक को रोमांचक मुकाबले में 6-4 6-7 (12-14) 6-3 से जीत हासिल करने के लिए 10 मैच अंक चाहिये थे। वहीं ग्रिक्सपुर ने बेस्ट ऑफ थ्री टाई को निर्णायक युगल में जाने से रोक दिया। उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-7 (4-7) 7-5 6-4 से हराया। जीत के बाद ग्रिक्सपुर ने कहा कि हमें अपने पर बहुत विश्वास था, हमें हमेशा लगता था कि यह संभव है।




वहीं नीदरलैंड्स कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि यह जीत उत्साहित करने वाली है अगर हम डेविस कप जीतते हैं तो हमारे लिये सुखद होगा क्योंकि हमारे पास वह शीर्ष-पांच खिलाड़ी नहीं है, हमारे पास वह शीर्ष -10 खिलाड़ी नहीं है, हमारे पास वह शीर्ष -15 खिलाड़ी नहीं है पर यह एक टीम प्रयास है। उन्होंने कहा कि जीत के लिए हमें अपने पर भरोसा करना होगा, चाहे कोई भी हमारे खिलाफ हो, कि हम यह कर सकते हैं। अब खिताबी मुकाबले में नीदरलैंड की टक्कर गत चैंपियन इटली या ऑस्ट्रेलिया से होगी।

### ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को बीसीसीआई ने संदिग्ध गेंदबाजों की सूची में डाला

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से ठीक पहले एक बुरी खबर सामने आई है। एक रिपोर्ट के जरिए सामने आया है कि लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को बीसीसीआई की संदिग्ध गेंदबाजों की सूची में शामिल किया गया है और उन पर बैन लगने की संभावना है। वह इस साल एलएसजी का हिस्सा नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार दीपक हुड्डा और सौरभ दुबे और केसी करियप्पा जैसे खिलाड़ियों पर पर बीसीसीआई को उनके संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। रिपोर्ट में कहा कि मनीष पांडे और श्रीजीत कृष्णन को गेंदबाजी के लिए बैन कर दिया गया है, जबकि ऑफ स्पिनर दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि सौरभ दुबे और केसी करियप्पा बीसीसीआई की संदिग्ध सूची में शामिल किए गए हैं।

## फिगरस्केटिंग मुकाबला...


चीन में फिगरस्केटिंग मुकाबले में भाग लेती हुई जर्मनी की मिनरवा फैबियाने और निकिता वोलोडिन की जोड़ी।

चेतावनी | सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर अपनी नाराजगी जताई है

# फर्जी लेख पर सुनील गावस्कर नाराज, कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने फर्जी लेख के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेप्शन ने शुक्रवार शाम को नेतृत्व में एक नया युग- बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था। गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में गावस्कर ने कहा कि हाय, मैं सुनील गावस्कर हूं और मैं कहना चाहता हूं कि क्रिकेट सेप्शन नामक एक वेबसाइट है, जिसने मेरे नाम से एक लेख छापा है। मुझे कहना होगा कि यह पूरी तरह से फर्जी है। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है और मैं उस वेबसाइट से कहना चाहता हूं कि इसे तुरंत हटा दे। माफ़ी मांगो। अगर तुम ऐसा नहीं करते, तो मैं इस मामले को अपनी कानूनी टीम को सौंप दूंगा। इसलिए जो कुछ भी तुमने पढ़ा है, उस पर एक शब्द भी यकीन मत करो। यह मेरे नाम से लिखा गया एक पूरी तरह से फर्जी लेख है। गावस्कर ने प्रशंसकों से ऑनलाइन गलत सूचनाओं के बारे में सतर्क रहने का भी आग्रह किया, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, इंटरनेट पर जो कुछ भी आप देखते हैं उस पर कभी भी यकीन मत करो हमेशा सत्यापित करो। यह विवाद पर्थ स्टेडियम में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान पैदा हुआ, जहां भारत ने स्टैंड-इन कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया। बुमराह के 5-30 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पहले टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर समेटने के बाद चायकाल तक बिना कोई विकेट खोये 84 रन बना लिए।





# सत्ता सुधार


लाइनपार इलाके में आवागमन को और अधिक सुगम बनाया जा सके इसके लिए करोडों रुपए की लागत से पेमेश्वर गेट रेलवे पुलिया का निर्माण और उसका चौड़ीकरण किया जाएगा। भाजपा विधायक मनीष असीजा के प्रयासों से हो रहे इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम रविवार को विधायक मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर द्वारा किया गया।



## ब्रीफ न्यूज

### 50 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**मऊ।** छुटटा पशुओं को पकड़कर उनकी तस्करी करने वाले 50 हजार के इनामिया पशु तस्कर को रानीपुर पुलिस ने रविवार को भैसही पुलिया चकिया के पास से गिरफ्तार किया। जिस समय तस्कर पकड़ा गया उस समय भी वह पशुओं की तस्करी करने की नीयत से छुट्टा पशुओं को चिह्नित करने की कोशिश में जुटा था। सीओ मुहम्मदाबाद गोहना डॉ. अजय विक्रम सिंह ने बताया कि एसपी इलामारन जी के निर्देश पर इन दिनों वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि 50 हजार का पुरस्कार घोषित पशु तस्कर रानीपुर थाना क्षेत्र में तस्करी की नीयत से आया हुआ है। सूचना पर अर्लट पुलिस टीम ने भैसही पुलिया चकिया के पास जौनपुर के सरपतहा थाना क्षेत्र के मटियरा बघरवारा निवासी पिंटू उर्फ मेराज अंसारी उर्फ सोनू (31) को पकड़ा। पकड़ा गया आरोपी छुट्टा गोवंशी पशुओं की तलाश करता हुआ अपराध करने की नियत से आया हुआ था। पकड़ा गया पशु तस्कर ने बताया कि बीते 31 जुलाई को वह पिकप में छुट्टा पशुओं को लेकर बिहार तस्करी करने जा रहे थे। लेकिन रानीपुर थाना क्षेत्र के शमशाबाद स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गलत लेन पर चलने के चलते सामने से आ रही कार से पिकप की भिड़त हो गई थी।

### सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर के बलिदान दिवस पर बीजेपी-सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, बीजेपी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर के बलिदान दिवस पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। डिप्टी सीएम मौर्य ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि धर्म पालक, मानवीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने वाले और धर्मांतरण का कड़ा विरोध करने के कारण अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

### झांसी अग्निकांडः दो और बच्चों की मौत, संख्या बढ़कर 17 हो गई

**झांसी।** महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केंद्र में 15 नवंबर को आग लगने से हुए हादसे में दो और नवजात बच्चों की मौत हो गई है। अब मरने वाले बच्चों की संख्या 17 हो गई है। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, कई बच्चों का इलाज चल रहा था और स्वस्थ होने पर छुट्टी कर दी गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि शनिवार को ललितपुर निवासी राधा पत्नी प्रीतम और तालबेहट निवासी पूनम पत्नी रंजीत के बच्चों की मौत हो गई। जन्म के बाद बीमारी के चलते इनकी जान गई है। ये दोनों शिशु झुलसे नहीं थे।







संभल में हालात काबू करने को सड़क पर उतरे एसपी, सड़क पर बेहिसाब पत्थर और कारतूस के दिखे खोखे, टूटे सीसीटीवी-पथराव दे रहा मंजर की गवाही

# 'कृष्ण' ने उपद्रवियों से कहा- नेताओं के चक्कर में अपना भविष्य बर्बाद मत करो

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त एक्शन लेने दिए निर्देश

### मायावती ने हिंसा के लिए प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी ■ संभल**

सड़क पर बेहिसाब पत्थर, नालियों में कारतूस के खोखे और टूटे हुए सीसीटीवी कैमरे जामा मस्जिद के पास हुए बवाल के मंजर की गवाही दे रहे हैं। उन्हें पुलिस ने कब्जे में भी लिया है। कई मोबाइल भी घटनास्थल से पुलिस को बरामद हुए हैं। जो, भगदड़ के दौरान सड़क पर गिरे थे। शहर कोतवाली के बराबर से जामा मस्जिद की तरफ को जाना वाला रास्ता रविवार को पूरी तरह बवाल में घिरा रहा। मस्जिद के चारों तरफ बेहिसाब पथराव हुआ। तमाम मुस्लिम संप्रदाय के लोग हथियार लेकर पुलिस पर हमलावर हो गए। फायरिंग हुई और लाठी-डंडे भी चलाए गए। वाहनों में तोड़फोड़ के दृश्य भी देखे गए। उनकी ये करतूत कैमरों में कैद न हो। इसलिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। इस बीच हालात पर काबू पाने के लिए एसपी संभल, कृष्ण बिश्नोई सड़क पर उतर आए। एक वीडियो में वह भीड़ में शामिल उपद्रवियों को समझाते हुए नजर आए। वह उनसे कह रहे हैं कि बेटा आपका भविष्य बहुत अच्छा है, नेताओं के चक्कर में अपना भविष्य बर्बाद मत करो। वीडियो में दिख रहा है कि एसपी उपद्रवियों को समझा रहे हैं और पास में सड़क पर कई हजार ईंट-पत्थर पड़े हैं। उसी से उठाकर भीड़ ईंट फेंकती रही। बाद में कप्तान खुद भीड़ की तरफ बढ़े। वहीं पथराव के दौरान पुलिस समझाती रही, लेकिन पत्थरबाज नहीं माने। सीएम योगी ने पत्थरबाजी करने वालों पर कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। वहीं डीजीपी ने कहा- पत्थर बाजी करने वालों की पहचान जा रही है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

#### सोशल मीडिया पोस्ट से तनाव

गुरुवार को मोहल्ला बरेली सराय निवासी बिलाल ने सोशल मीडिया पर जुमे की नमाज में अधिक से अधिक लोग जुटने की अपील की थी, जिसे कुछ ही देर बाद हटा लिया गया, लेकिन तब तक यह पोस्ट वायरल हो चुकी थी। इस पोस्ट के बाद से ही पुलिस प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी थी। मस्जिद क्षेत्र में पीएसी और आरआरएफ की कंपनियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मस्जिद जाने वाले दो प्रमुख रास्तों को बांस-बल्ली लगाकर बंद कर दिया गया।



#### घरों के दरवाजे हो गए बंद

बवाल खत्म होने के बाद भी दहशत का माहौल बना रहा। घरों के दरवाजे बंद रहे। लोग खिड़कियों से झांककर पूरा माजरा देख रहे थे। गलियों में सिर्फ पुलिस फोर्स और अधिकारी घूमते हुए नजर आए। मीडिया कर्मियों का भी जमावड़ा लगा हुआ था। संबंधित क्षेत्र से बाहर निकलने वाले पुलिस कर्मी और मीडिया कर्मियों से शहर के अन्य लोग माहौल के बारे में जानकारी करते हुए नजर आ रहे थे।

#### हैलो.. अब क्या स्थिति है...

रविवार की सुबह को हुए बवाल की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। समाचार चैनलों के साथ साथ इंटरनेट मीडिया पर भी पथराव व फायरिंग की खबर प्रसारित होने लगी। ऐसे में शहर के अलावा दूसरे शहरों व स्थान पर रहने वाले लोग भी अपने स्थानीय परिचित व रिश्तेदारों को फोन करके वहां की स्थिति के बारे में जानकारी कर रहे थे।

#### काफिले से टूटा सड़कों का सन्नाटा

पथराव व फायरिंग की खबर शहर में फैली तो सड़कों पर सन्नाटा सा पसर गया था। लोग घरों से बाहर आकर सड़क पर स्थिति को जानने का प्रयास कर रहे थे। क्योंकि बाजार बंद था और वहां पर पुलिस किसी भी व्यक्ति को खड़ा नहीं होने दे रही थी। इसी बीच वहां से गुजर रहे पुलिस अधिकारियों के वाहनों का काफिला सड़क के सन्नाटे को तोड़ रहा था। इस बीच पुलिस कर्मी जहां तहां खड़े लोगों को भी हटकर घरों के अंदर जाने के निर्देश दे रहे थे।

#### ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे क्षेत्र की हो रही निगरानी

घटना के बाद प्रशासन ने ड्रोन से निगरानी बढ़ा दी है। जामा मस्जिद के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करवाया गया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने भी शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

#### मायावती ने कहा-लापरवाही से बिगड़ा जिले का माहौल

संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए हिंसक बवाल पर बसपा प्रमुख मायावती ने यूपी सरकार और प्रशासन की कड़ी आलोचना की है। मायावती ने कहा कि कल यूपी के उपचुनावों के अप्रत्याशित परिणामों के बाद मुरादाबाद मंडल, खासकर संभल जिले में तनाव था। ऐसे हालात में यूपी सरकार और प्रशासन को मस्जिद-मंदिर विवाद के सर्वे को शांति से आगे बढ़ाना चाहिए था। मगर ऐसा नहीं किया गया और आज जो बवाल और हिंसा हुई उसके लिए यूपी सरकार और प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। यह अत्यंत निंदनीय है। यह काम शांति से दोनों पक्षों को एक साथ लेकर किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रशासन की लापरवाही की वजह से आज हिंसा और अराजकता का माहौल बना।

#### मौलाना बोले-अमन और शांति बनाए रखें मुसलमान

संभल में हुए बवाल के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने मुसलमानों से अपील की है कि अमन व शांति को बनाए रखें। तोड़फोड़, पथराव न करें। पैगंबर इस्लाम ने शांति का पैगाम दिया है उस पर अमल करे। मौलाना ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद एक ऐतिहासिक मस्जिद है। जामा मस्जिद का मामला सर्वे को लेकर कोर्ट में लंबित है। इसे लेकर कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी।

#### योगी सरकार ने जानबूझकर सर्वे टीम भेजी : अखिलेश

हिंसक घटना पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी सरकार और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह गंभीर घटना है। मस्जिद का सर्वे पहले ही हो चुका था, लेकिन जानबूझकर सुबह फिर से सर्वे टीम को भेजा गया। ताकि माहौल खराब हो सके और चुनावी मुद्दों पर चर्चा न हो पाए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मस्जिद का सर्वे पहले ही किया जा चुका था तो सरकार को फिर से इसकी क्या जरूरत पड़ी। वह भी बिना किसी तैयारी। जो कुछ भी हुआ वह प्रशासन की तरफ से जानबूझकर किया गया ताकि चुनावों में हो रही धांधली और व्यापारी मामलों पर कोई चर्चा न हो सके। सरकार ने जानबूझकर हिंसा को बढ़ावा दिया ताकि राजनीतिक मुद्दों पर किसी प्रकार की बात न हो सके।

## राम मंदिर निर्माण में मजदूर बने चुनौती अब तक 800 करोड़ रुपए हो चुके खर्च

### अभी 1000 करोड़ रुपए और खर्च का अनुमान

**एजेंसी ■ अयोध्या**



यूपी के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक का दौर जारी है। राम मंदिर निर्माण में अब तक 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। निर्माण पूरा होने में लगभग 1800 करोड़ खर्च होंगे। राम मंदिर निर्माण में अभी भी मजदूरों की कमी है। मजदूरों की संख्या को दोगुनी करने के लिए निर्माण समिति ने एलएंडटी से अनुरोध किया है। 22 जनवरी 2025 को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर रामलला के अलावा अतिरिक्त मंदिरों के दर्शन पर अभी संशय बना हुआ है। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि शिखर को छोड़कर इसी माह के अंत तक पत्थर लगाने का कार्य पूरा हो जाएगा। राम मंदिर के शिखर में 55000 क्यूबिक फीट पत्थर अभी और लगने हैं। 8,20,000 क्यूबिक फीट पत्थर परकोटा में लगेंगे। निर्माण कार्य में चुनौती आज भी मजदूरों की है। मजदूरों की संख्या जब तक दोगनी नहीं होगी, तब तक कार्य की गति धीमी रहेगी। इस समय लगभग 800 मजदूर निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। जब तक 1500 के आसपास मजदूर कार्य नहीं करेंगे तब तक निर्माण में पीछे रहेंगे। 2025 को भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर रामलला के अलावा किसी और महापुरुषों के दर्शन पर संशय है।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल गौ-तस्कर की मौत, पैर में लगी थी गोली

**जौनपुर।** खुटहन और खेतासराय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में खेतासराय के उसरबस्ती नहर पुल के पास मुठभेड़ के बाद एक गौ-तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। बदमाश के पैर में गोली लगी था। हालत गंभीर होने पर उसे बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया था। यहां डॉक्टरों ने पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में घायल होकर पकड़े गए आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की गई थी। आरोपी की पहचान खेतासराय थानाक्षेत्र के मारुखपुर निवासी निसार के रूप में हुई थी। खुटहन थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ बनुआडीह नहर पुलिया पर चेकिंग कर रहे थे।

## यूपी के लाल ने कनाडा में लहराया परचम

### गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

**एजेंसी ■ गोंडा**



कनाडा के टोरंटो शहर में टीसीएस ग्रुप के द्वारा हाफ मैराथन दौड़ आयोजित की गई। इसमें यूपी के गोंडा जिले के नवाबगंज कस्बा निवासी गुंजन ने भाग लिया। उन्होंने तय समय से पहले दौड़ पूरी करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने परिजन को बधाई दी। मां आभा भार्गव ने बताया कि बेटा गुंजन भार्गव अमेरिका के न्यू जर्सी शहर में रहकर नौकरी करता है। बीते 20 अक्टूबर को कनाडा के टोरंटो ओनटारियो शहर में टीसीएस टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन की हाफ मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें 21 किलोमीटर की दूरी को गुंजन भार्गव ने भारतीय वेशभूषा कुर्ता और धोती पहनकर दौड़ लगाई। दौड़ को तय समय से पहले 1 घंटे 33 मिनट 16 सेकेंड में पूरा कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। गुंजन के पिता रमाकांत भार्गव ने बताया कि 2008 में भारत से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाथ एमबीए की पढ़ाई फिलीपींस से पूरी की। इसके बाद अमेरिकन प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगे। गुंजन की पत्नी शिप्रा और बेटा युवान भी अच्छे धावक हैं। इस सफलता पर सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।

**यूपी विस उपचुनाव** लगातार तीसरे चुनाव में शर्मनाक रहा प्रदर्शन, पार्टी के दिग्गजों ने चुनाव के दौरान बनाई दूरी

# वोटों को तरसती बसपा, चार सीटों पर जमानत भी न बची

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरे चुनाव में बसपा को वोटों के लिए तरसना पड़ गया। नतीजों से साफ है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार बसपा का 60 फीसद से अधिक वोट बैंक दूसरे दलों में शिफ्ट हो गया। दलित वोट बैंक ने बसपा को नकार दिया तो पार्टी मुस्लिम वोटरों का भरोसा भी नहीं जीत सकी। बसपा का उपचुनाव लड़ने का दूसरा कदम भी उसे नई दिशा नहीं दिखा सका। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान पांच सीटों पर हुए उपचुनाव में भी बसपा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। फिलहाल बसपा का प्रदर्शन उसके अस्तित्व पर किसी बड़े खतरे का संकेत दे रहा है। चुनावी नतीजों पर गौर करें तो करहल, कुंदरकी, मीरापुर और सीसामऊ में बसपा धड़ाम हो गई। चारों सीटों पर बसपा का वोट पांच अंकों की सीमा तक भी नहीं पहुंच सका, जो प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने की वजह बन गया। मीरापुर और कुंदरकी में तो वोटरों ने बसपा से ज्यादा आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम को तरजीह दी है। बसपा के इस खराब प्रदर्शन की वजह पार्टी के बड़े नेता हैं, जिन्होंने उपचुनाव में प्रचार करने की जहमत तक नहीं की। पार्टी नेता महाराष्ट्र और झारखंड में खुद को मजबूत करने के फेर में यूपी में अपनी जमीन को खो बैठे। बसपा का सबसे अच्छा प्रदर्शन कटेहरी सीट पर रहा, जहां पार्टी प्रत्याशी अमित वर्मा ने 41,647 वोट हासिल किए। वहीं मझवां के प्रत्याशी दीपक तिवारी उर्फ दीपू तिवारी ने 34,927 और फूलपुर के प्रत्याशी जितेंद्र कुमार सिंह को 20,342 वोट मिले।

#### बसपा प्रत्याशियों को मिले वोट

| सीट | प्रत्याशी | वोट | 2022 में प्रदर्शन |
|---|---|---|---|
| मीरापुर | शाहनजर | 3248 | 23797 |
| मझवां | दीपक तिवारी | 34927 | 52990 |
| कटेहरी | अमित वर्मा | 41647 | 58482 |
| फूलपुर | जितेंद्र कुमार सिंह | 20342 | 33036 |
| सीसामऊ | वीरेंद्र कुमार | 1410 | 2937 |
| करहल | अवनीश शाक्य | 8409 | 15701 |
| गाजियाबाद | परमानंद गर्ग | 10736 | 32691 |
| कुंदरकी | रफतउल्ला | 1051 | 42742 |
| खैर | पहल सिंह | 13365 | 65302 |
| **कुल वोट** | | **1,35,135** | **3,27,678** |

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बाल अवध रत्न सम्मान समारोह का आयोजन

### जहां-जहां राधे वहां जागेंगे मुरारी पर... झूमे दर्शक

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



काशीराम ,स्मृति उपवन, बंगला बाजार में मां गायत्री जनसेवा संस्थान ओर निशु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव तीसरी सांस्कृतिक सांस्कृतिक संध्या में विषम परिस्थितियों में भी मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत उत्कृष्ट कार्य कर शहर का नाम रोशन करने वाले हुनरमंदों को सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा बाल अवध रत्न सम्मान समारोह ओर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। महोत्सव में मां गायत्री कल्याण के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, निशु वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा और सुरभि कल्चरल ग्रुप की अध्यक्ष मानता सक्सेना ने राष्ट्रीय स्केटिंग खिलाड़ी - मन्नत अशरफ शेख, ताइक्कांडो खिलाड़ी -प्रिशा त्रिवेदी, यूट्यूबर - रुद्राक्ष सिंह , कथक नृत्यांगना - शिक्षा अग्रवाल, आशी त्रिवेदी, श्री अग्रवाल, काशवी शर्मा,आरोही कश्यप, तैराक खिलाड़ी -जन्नत अशरफ शेख, लोक नृत्यांगना -आंद्रित्या सिंह , अनाया गौतम, कोरियोग्राफर तनु ठाकुर को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर नन्हीं प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।


**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100**, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट ।**शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**